

सदर्न डर्बी में सभी निगाहें विराट कोहली पर

⏩ 10

स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.8°C

न्यूनतम तापमान 28.9°C

सूर्योदय - 5.26 | सूर्यास्त - 6.48



बालाघाट जिला महिला कांग्रेस की नई प्रभारी बनीं मंजू मिश्रा ⏩ 2



हस्तिनापुर के वीर में गांधारी का दमदार किरदार ⏩ 7



नगर निगम को ए ग्रेड, प्रदेश के टॉप-10 में सातवां स्थान ⏩ 9

# ‘कॉकरोच’ पार्टी ने बीजेपी-कांग्रेस को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली

इंस्टाग्राम पर इन दिनों कॉकरोच जनता पार्टी नाम का अकाउंट तेजी से सुर्खियों में है और अब इसने एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। पांच दिन से कम में इस अकाउंट को इंस्टाग्राम पर 1.35 करोड़ लोगों ने फॉलो किया है। इस अकाउंट ने पहले भारतीय जनता पार्टी के इंस्टाग्राम हैंडल को पीछे छोड़ने के बाद अब इस अकाउंट ने कांग्रेस के ऑफिशियल हैंडल को भी फॉलोअर्स के मामले में पीछे छोड़ दिया है। यह पूरा घटनाक्रम बेहद तेजी से हुआ है, जिसने सोशल मीडिया की दुनिया में हलचल मचा दी है। इसी बीच कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट भारत में ब्लॉक हो चुका है। दरअसल कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो डाला है। इस वीडियो में वो स्क्रीनशॉट दिखा रहे हैं और बता रहे हैं कि उनकी पार्टी का एक्स हैंडल भारत से सस्पेंड कर दिया गया है। हालांकि दूसरे देशों में ये हैंडल चालू है। स्क्रीनशॉट में देखा जा सकता है कि इस अकाउंट को एक्स पर विदहेल्ड कर दिया गया है। अब इसके फाउंडर आरोप लगा रहे हैं कि पार्टी के अकाउंट्स पहले हैक करने की कोशिश की गई और अब इसे बैन कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमने कुछ गलत नहीं किया है, लेकिन फिर भी अकाउंट को एक्स से ब्लॉक कर दिया गया है।

## भारत से एक्स अकाउंट ब्लॉक



### अकाउंट्स पर सवाल भी उठ रहे

हालांकि, यह भी ध्यान देने वाली बात है कि इतनी तेजी से बढ़ने वाले अकाउंट्स पर सवाल भी उठते हैं। कई बार इस तरह की ग्रोथ को लेकर ऑर्गेनिक और प्रमोटेड पहुंच पर बहस होती है। लेकिन फिलहाल जो ट्रेंड दिख रहा है, उसमें यह साफ है कि यह अकाउंट सोशल मीडिया पर एक बड़ा नाम बन चुका है। कॉकरोच जनता पार्टी ने यह तो दिखा दिया है कि आज के डिजिटल दौर में कोई भी नया अकाउंट अगर सही तरीके से लोगों से जुड़ जाए, तो वह कुछ ही दिनों में बड़े-बड़े नामों को पीछे छोड़ सकता है। इंस्टाग्राम पर इसकी यह रफ्तार अब सबकी नजरों में है और आने वाले समय में यह और बड़े रिकॉर्ड बना सकता है।

## तेजी से बढ़ रहे इंस्टा फॉलोअर्स

ताजा आंकड़ों के मुताबिक, कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स 1 करोड़ 30 लाख के पार पहुंच चुके हैं, जबकि कांग्रेस और बीजेपी के इंस्टाग्राम हैंडल के फॉलोअर्स इससे कम रह गए हैं। खास बात यह है कि यह बढ़त कुछ महीनों या सालों में नहीं, बल्कि महज कुछ दिनों में हासिल की गई है। यही वजह है कि इस अकाउंट की ग्रोथ को लेकर लगातार चर्चा हो रही है और लोग इसे भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाला इंस्टाग्राम हैंडल बता रहे हैं। इस अकाउंट की शुरुआत एक तरह के व्यंग्य और मीम प्लेटफॉर्म के तौर पर हुई थी, लेकिन बहुत कम समय में यह यंगसटर्स के बीच एक ट्रेंड बन गया। इसके पोस्ट में राजनीतिक तंज, सिस्टम पर कटाक्ष और वायरल मीम्स का ऐसा मेल है, जो सीधे युवाओं को जोड़ता है।

## यह एक दिन का गुस्सा नहीं: सिंघार

मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया पर चल रही कॉकरोच जनता पार्टी को लेकर अपनी व्यक्तिगत राय जाहिर की है। उन्होंने इसे केवल एक मीम नहीं, बल्कि बेरोजगारी, पेपर लीक और टूटी हुई व्यवस्था से हताश युवा पीढ़ी के गुस्से का प्रतीक बताया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, देश में कॉकरोच जनता पार्टी का सोशल मीडिया पर माहौल बना हुआ है। सरकारें उसे क्यों बैन कर रही हैं? क्या युवाओं की आवाज इस देश में सुनी नहीं जानी चाहिए? जो युवा बेरोजगार हैं, उनके अधिकारों की बात इस देश में क्यों नहीं होनी चाहिए? हमारे भाई, जो देश का भविष्य हैं, वही आगे चलकर व्यवस्था को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा, जब व्यवस्था युवाओं को कॉकरोच समझने लगे, तो समझ लीजिए कि समस्या युवाओं में नहीं, बल्कि व्यवस्था की सोच में है। देश में उभर रही कॉकरोच जनता पार्टी सिर्फ एक सोशल मीडिया ट्रेंड नहीं है। यह युवाओं की नाराजगी, व्यंग्य और सिस्टम से टूट चुके युवाओं के गुस्से की आवाज है।



### नया अकाउंट बनाकर लिखा- कॉकरोच मरते नहीं

डिजिटल संगठन कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट गुरुवार को ब्लॉक कर दिया गया। संगठन ने इसके कुछ देर बाद नया अकाउंट बनाया। इसका नाम ‘कॉकरोच इज बैक’ रखा गया और बायो में लिखा- ‘कॉकरोच डोंट डाय’ यानी कॉकरोच मरते नहीं। नए अकाउंट से पहली पोस्ट गुरुवार दोपहर 2.29 बजे की गई। शाम 7 बजे तक इसके 50 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए। सीजेआई सूर्यकांत के ‘कॉकरोच’ वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के पुराने एक्स अकाउंट पर 1.93 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स थे। वहीं, सीजेपी के इंस्टाग्राम पर शाम 7 बजे तक 1.6 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए, जो देश की किसी भी राजनीतिक पार्टी से ज्यादा हैं।

### नर्मदा में 4 दोस्त डूबे, 3 की मौत

खातेगांव। मध्यप्रदेश के देवास में नर्मदा में नहाने गए चार दोस्त डूब गए। इनमें से तीन की मौत हो गई। वहीं एक युवक को स्थानीय नाविकों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना गुरुवार दोपहर 2.30 बजे राजौर क्षेत्र की है। चारों खातेगांव से आए थे। नदी में नहाने उतरे थे, लेकिन कुछ ही देर में वे गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। 15 फीट गहरे पानी से उनको बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया। जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी।

### ‘आप’ नेता की अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, महिला की मौत

अमृतसर। अमृतसर में गुरुवार दोपहर को आम आदमी पार्टी के नेता अशोक कुमार के 3 मंजिला घर में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट के बाद पूरे घर को आग लग गई। जिसमें झुलसकर सुमन नाम की महिला की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। घायल महिला गुरप्रीत की हालत गंभीर बनी हुई है। यह धमाका इतना तेज था कि घर की छत और दीवारों पर दरारें पड़ गईं। खिड़कियों के सारे शीशे टूट गए। आसपास के घरों में भी दीवारें हिल गईं।

## इबोला के कारण टला भारत और अफ्रीकी संघ का शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारत और अफ्रीकी संघ ने 28-31 मई को नई दिल्ली में होने वाले भारत- अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन को स्थगित कर दिया है। इबोला वायरस के फैलने को लेकर चिंताओं के कारण यह कदम उठाया गया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इसको स्थगित करने के कारणों का स्पष्ट रूप से जिक्र नहीं किया लेकिन कहा कि शिखर सम्मेलन की नई तारीखें अफ्रीकी देशों के साथ परामर्श के बाद तय की जाएंगी। कांगो (डीआरसी) में इबोला का प्रकोप बढ़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया है। अब इस इस अफ्रीकी देश में इस प्रकोप के कारण 136 से अधिक लोगों की मौत होने की खबर है। भारत ने अफ्रीकी महाद्वीप के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए शिखर सम्मेलन में योजना पेश करने की तैयारी की थी। कई अफ्रीकी देशों के शीर्ष नेताओं ने इस सम्मेलन में भाग लेने की पुष्टि पहले ही कर दी थी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि भारत और अफ्रीकी संघ ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारी तथा प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करने के लिए सहयोग जारी रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। इसमें अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र और दूसरे देशों के स्वास्थ्य संस्थानों को मदद देना भी शामिल है। अफ्रीका सीडीसी अफ्रीकी संघ की एक स्वतंत्र महाद्वीपीय स्वास्थ्य एजेंसी है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अफ्रीका के लोगों और सरकारों के प्रति अपनी एकजुटता दोहराई।

**नीट पेपर लीक मामले में सरकार पर बरसे राहुल**

## नाकाम सरकार ने चुराया छात्रों का भविष्य

नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में एक बार फिर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने राजस्थान में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए लिखा, नीट पेपर लीक ने लाखों छात्रों का का भविष्य बर्बाद कर दिया। कई बच्चों ने तो अपनी जान तक गंवा दी। मोदी जी ने न जिम्मेदारी ली, न धर्मेंद्र प्रधान को हटाया। लगातार नीट पेपर लीक का मामला उठा रहे राहुल गांधी ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, जब मोदी जी इटली में टॉफी खिलाते हुए रील्स बना रहे थे, पेपर लीक से त्रस्त भारत के युवा सड़कों पर न्याय मांग रहे थे। क्योंकि नीट पेपर लीक ने लाखों छात्रों का



भविष्य बर्बाद कर दिया। कई बच्चों ने तो अपनी जान तक गंवा दी और मोदी जी ने न जिम्मेदारी ली, न धर्मेंद्र प्रधान को हटाया, न एक शब्द कहा। राहुल गांधी ने आगे लिखा, अब जब छात्र,एनएसयूआई और कांग्रेस के कार्यकर्ता न्याय की आवाज उठा रहे हैं। भाजपा की प्रदेश सरकारें उन पर लाठियां बरसा रही हैं। जो सरकार छात्रों के सवालों का जवाब लाठी से देती है, वो जवाबदेही से नहीं - डर से चलती है। पर हम डरने वाले नहीं हैं। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और देश में पेपर लीक रोकने के लिए एक मजबूत और सुरक्षित सिस्टम नहीं बनता। यह लड़ाई हर उस छात्र के लिए है जिसका भविष्य इस नाकाम सरकार ने चुराया। इससे पहले आज जयपुर में नीट पेपर लीक मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च के दौरान पुलिस से झड़प हो गई। विरोध प्रदर्शन की अगुवाई राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने की। गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर मार्च निकाला और नीट में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर मामले में एसआईटी गठित की

**कोलकाता।** देश को झकझोर कर रख देने वाले आरजी कर मेडिकल कालेज और अस्पताल के बहुचर्चित दुष्कर्म-हत्याकांड में एक बार फिर बड़ा मोड़ आ गया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मामले में सबूतों को नष्ट करने और पूरी घटना को दबाने के गंभीर आरोपों की नए सिरे से जांच करने का एक बेहद महत्वपूर्ण आदेश दिया है। न्यायमूर्ति शंपा सरकार और न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की खंडपीठ ने इस मामले की गहन पड़ताल के लिए सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के संयुक्त निदेशक की अगुवाई में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। टीम के बाकी दो सदस्यों का चयन अगले 48 घंटों के भीतर कर लिया जाएगा। अदालत ने साफ तौर पर निर्देश दिया है कि इस जघन्य अपराध के सामाजिक प्रभाव को देखते हुए पीड़िता के माता-पिता द्वारा उठाए गए सभी सवालों और दावों की गहराई से पड़ताल की जाए। हाई कोर्ट ने इस जांच के दायरे को बेहद विस्तृत और कड़ा रखा है। एसआइटी को उस मनहूस रात पीड़िता द्वारा डिनर किए जाने के समय से



लेकर अगले दिन उसके अंतिम संस्कार तक के पल-पल के घटनाक्रम और कड़ियों को फिर से जोड़ने को कहा गया है। सीबीआइ को किसी भी संदिग्ध या आवश्यक व्यक्ति से पूछताछ करने का पूरा अधिकार दिया गया है। गौरतलब है कि पीड़िता के माता-पिता ने अदालत का दरवाजा खटखटाकर आशंका जताई थी कि इस जघन्य कृत्य में एक से अधिक लोग शामिल थे और तत्कालीन प्रशासन ने असली गुनाहगारों को बचाने की कोशिश की थी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआइ को निर्देश दिया है कि वह घटना स्थल का दोबारा दौरा करे, केस डायरी, आडियो-वीडियो रिकार्डिंग्स और तस्वीरों समेत सभी दस्तावेजों की री-वेरिफिकेशन करे और आगामी 25 जून तक अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपे।

## रनवे से टकराया विमान का पिछला हिस्सा

नई दिल्ली

बेंगलूरू हवाई अड्डे पर उतरते समय आज एअर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए। दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है। टेलस्ट्राइक के बाद सभी विमानों की संरचनात्मक समस्याओं के लिए जांच की जाती है। इस विमाने में कुल 181 यात्री सवार थे।

## पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा मारा गया

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के आतंकी नेटवर्क को एक और बड़ा झटका लगा है। प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल बद्र के प्रमुख कमांडरों में से एक अरजमंद गुलजार उर्फ बुरहान हमजा पीओके में मारा गया है। वह सुरक्षा एजेंसियों की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल था। आतंकी अरजमंद मूल रूप से दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले का रहने वाला था, जो पिछले 7 सालों से पाकिस्तान में रह रहा था। पुलवामा अटैक में भी इसकी मुख्य भूमिका थी। वह वैध यात्रा दस्तावेजों के जरिए भारत से पाकिस्तान गया था। पाकिस्तान पहुंचने के बाद वह आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया। अपनी कट्टरता के कारण उसने जल्द ही संगठन में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया और उसे कमांडर बना दिया गया। तब से वह पाकिस्तान और पीओके में सुरक्षित बैठकर कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। जांच एजेंसियों के अनुसार, पुलवामा हमले के लिए ओवरग्राउंड वर्करों के जरिए भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार इकट्ठा करवाने का जिम्मा इसी के पास था।



**संसद की स्थायी समिति की बैठक में एनटीए की सफाई**

## नीट पेपर हमारे सिस्टम से लीक नहीं हुआ

नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को संसद की स्थायी समिति की बैठक हुई। इस मीटिंग में नीट परीक्षा कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद रहे। कई सांसदों ने एनटीए के शीर्ष अधिकारियों से कड़े सवाल पूछे। एनटीए के डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह ने कहा कि नीट का पेपर उनके सिस्टम से लीक नहीं हुआ था और मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इस पर कई सांसदों ने पूछा कि अगर पेपर एनटीए सिस्टम से लीक नहीं हुआ, तो बाहर कैसे आया और परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने की जरूरत क्यों पड़ी। इस पर एनटीए के डीजी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। शिक्षा मंत्रालय के मुख्य सचिव विनीत जोशी और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक को लेकर समिति के समक्ष मामला प्रस्तुत किया। सूत्रों के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा के लिए गठित संसदीय स्थायी समिति की बैठक के दौरान, एनटीए के महानिदेशक से प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच और दोबारा से परीक्षा




करवाने के संबंध में कई सवाल पूछे गए हैं। सूत्रों ने बताया कि समिति के समक्ष एनटीए के महानिदेशक ने कहा कि एजेंसी की तत्काल प्राथमिकता 21 जून को निर्धारित परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करना है। सूत्रों के मुताबिक, एनटीए के महानिदेशक ने समिति को सूचित किया कि 21 जून को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए नए प्रश्नपत्र तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रश्नपत्र लीक के बारे में पूछे जाने पर अधिकारियों ने कहा कि इस समय उनके पास साझा करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है क्योंकि मामला सीबीआई के जांच के अधीन है। बैठक के दौरान, सरकार और एनटीए ने जांच एजेंसी को स्पष्ट रूप से बताया कि प्रश्नपत्र लीक में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सूत्रों ने बताया कि 21 जून की परीक्षा पूरी होने के बाद यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में किसी तरह की देरी नहीं हो। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने समिति को यह भी बताया कि 21 जून की परीक्षा के बाद भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अगले साल से परीक्षा प्रणाली में कई बदलाव किए जाने की उम्मीद है। अगले साल से नीट परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन मोड में कराने की उम्मीद है। बैठक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चली और इसमें राष्ट्रीय शिक्षा प्राधिकरण के महानिदेशक और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। समिति की अध्यक्षता दिग्विजय सिंह कर रहे हैं और इसमें रेखा शर्मा, स्वाति मालीवाल, राजीव राय, जियाउर रहमान बर्क, रविशंकर प्रसाद और संबित पात्रा सदस्य हैं।

### लातूर से डॉक्टर गिरफ्तार

नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डॉ मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ ‘एम सर’ से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने पुणे में पूछताछ के बाद उसे अरेस्ट कर लिया। जानकारी आज सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है।

# ग्रीष्म ऋतु में खाद्य पदार्थों की जांच तेज लस्सी-शेक समेत अन्य के लिए सेंपल

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन का सघन अभियान, मिलावट पर होगी सख्त कार्रवाई

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने जबलपुर बस स्टैंड क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्यम लस्सी एवं मैंगो जूस सेंटर, आनंद चाट भंडार, न्यू खेतेश्वर स्वीट्स, सवाई भोज आइसक्रीम कुल्फी शेक सेंटर, मां शारदा ट्रेडर्स एवं मारवाड़ी भोजनालय सहित कई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान लस्सी, मैंगो शेक, बादाम शेक, शुगर फ्री कोल्ड ड्रिंक, मिल्क शेक, पनीर एवं चावल के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य निर्माण में केवल पीने योग्य पानी का उपयोग करने तथा पानी की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही फ्रिज, कंटेनर एवं खाद्य भंडारण सामग्री को स्वच्छ रखने के लिए भी कहा गया। मारवाड़ी भोजनालय को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को चेतावनी दी है कि



गर्मी के मौसम में बिकने वाले कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, जूस एवं अन्य पेय पदार्थों की निर्माण एवं अवसान तिथि का विशेष ध्यान रखें। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कोल्ड ड्रिंक को ठंडा करने के नाम पर अतिरिक्त शुल्क लेना कानून का उल्लंघन है, जिसकी शिकायत उपभोक्ता कंज्यूमर



हेल्पलाइन में कर सकते हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने बताया कि मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई एवं जनजागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना

# कटंगी-सिवनी मार्ग पर पिकअप वाहन चालक से हुई मारपीट

## पुलिस ने दो नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज

कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी-सिवनी मुख्य मार्ग पर ग्राम खमरिया के पास बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 एक पिकअप वाहन चालक और उसके परिचालक पर आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। घटना में वाहन चालक को चोटें आईं और वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर दो आरोपियों को नामजद किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। थोक सब्जी व्यापारी भागचंद परिहार के स्वामित्व वाला पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 49 बीजेड 9630 सब्जी लेने के लिए छिंदवाड़ा गया था। वाहन चालक रोहित बंशपाल अपने भाई राहुल बंशपाल के साथ रात करीब साढ़े 12 बजे लौट रहा था। ग्राम खमरिया के पास पीछे से आ रही एक कार ने पिकअप वाहन को ओवरटेक कर सामने रोक दिया। कार में सवार करीब छह युवक बाहर निकले और चालक को गाड़ी चलाने की क्षमता पर ताने कसते हुए मारपीट करने लगे।



उन्होंने वाहन में भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद घायल चालक ने वाहन मालिक को सूचना दी और तुरंत डायल 112 पर कॉल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और रात में ही थाने जाकर शिकायत दर्ज की गई। चालक रोहित ने बताया कि वह दो हमलावरों को पहचानता है। उन्होंने मारपीट की उसमें वैभव श्रीवास और अनुराग तिवारी शामिल है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ नामजद अपराध पंजीबद्ध किया है। अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 धारा 126 (2), 296 (ए), 115 (2), 324 (2), 3/5 की कार्रवाई की है। यह धाराएं सार्वजनिक मार्ग अवरोधन और यातायात बाधित करने, सामूहिक उपद्रव और अशांति फैलाने, जानबूझकर चोट पहुँचाने का प्रयास, मारपीट कर चोट पहुँचाना और संपत्ति को नुकसान पहुँचाने से जुड़ी हुई है। वाहन मालिक भागचंद परिहार ने गुरुवार 21 मई की सुबह 11 बजे चर्चा करते हुए बताया कि चालक रोहित ने रात में ही उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह हमला पूरी तरह से योजनाबद्ध प्रतीत होता है और व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है।

# मॉयल भरवेली में पहली बार रेस्क्यू रूम की स्थापना आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत संचालित मॉयल लिमिटेड द्वारा सुरक्षा प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 20 मई को मॉयल भरवेली में पहली बार अत्याधुनिक रेस्क्यू रूम की स्थापना की गई। यह पहल खदान क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। विशेष बात यह है कि बालाघाट जिले में इस प्रकार के रेस्क्यू रूम की स्थापना पहली बार की गई है। रेस्क्यू रूम का शुभारंभ मॉयल की पुरुष एवं महिला रेस्क्यू टीम के कप्तानों द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का स्वागत किया। नवस्थापित रेस्क्यू रूम में बचाव कार्यों में उपयोग आने वाले सभी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण उपकरणों तथा सामग्री को व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराया गया है, ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा सकें। मॉयल प्रबंधन के अनुसार यह रेस्क्यू रूम भूमिगत एवं ओपन खदानों में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति, दुर्घटना अथवा आपदा के दौरान रेस्क्यू टीम को प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद करेगा। खदान क्षेत्रों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था तैयार की गई है, जिससे संकट की घड़ी में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उल्लेखनीय है कि लगभग छह माह पूर्व आयोजित राष्ट्रीय रेस्क्यू स्पर्धा में मॉयल की पुरुष एवं महिला रेस्क्यू टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

# बालाघाट जिला महिला कांग्रेस की नई प्रभारी बनीं मंजू मिश्रा, संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने बालाघाट जिले में महिला कांग्रेस संगठन को नया स्वरूप देने और उसे अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती मंजू मिश्रा को जिला महिला कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को संगठन में नई ऊर्जा और मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। यह नियुक्ति मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के माध्यम से की गई है। जानकारी के अनुसार, सिहोरा (जबलपुर) निवासी मंजू मिश्रा लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं और महिला कांग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर कार्य करती रही हैं। संगठनात्मक अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें बालाघाट जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। महिला कांग्रेस संगठन में लंबे समय से नई सक्रियता और समन्वय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में मंजू मिश्रा की नियुक्ति को संगठन को पुनर्गठित करने



और महिला कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि उनकी जिम्मेदारी के बाद जिले में महिला कांग्रेस की गतिविधियों में तेजी आएगी और संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। नियुक्ति के बाद श्रीमती मंजू मिश्रा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उनके ऊपर जताया है, उस पर वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में महिला कांग्रेस को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी और सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को मजबूती प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि जिले में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने तथा कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। साथ ही महिला कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। राजनीतिक हलकों में मंजू मिश्रा की नियुक्ति को आगामी समय में महिला कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि उनके नेतृत्व और रणनीति से बालाघाट महिला कांग्रेस को कितना नया स्वरूप और मजबूती मिल पाती है।

# पेसा मोबिलाइजरों की सेवा समाप्ति पर सियासत तेज, डिंडौरी विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश में पेसा ग्राम सभा मोबिलाइजरों को सेवा मुक्त किए जाने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। डिंडौरी विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमकार सिंह मरकाम ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से जारी सेवा समाप्ति आदेश को निरस्त करने और मोबिलाइजरों की सेवाएं पुनः बहाल करने की मांग की है। दरअसल विधायक मरकाम ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पंचायत राज संचालनालय भोपाल द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (ऋऋ) के अंतर्गत वर्ष 2020 में अनुसूचित क्षेत्रों की 5221 ग्राम पंचायतों में एक-एक पेसा ग्राम सभा मोबिलाइजर का चयन किया गया था। इन मोबिलाइजर्स ने ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने, पेसा कानून के प्रति जागरूकता फैलाने, ग्रामीणों को अधिकारों की जानकारी देने और शासन की योजनाओं को गांव स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पत्र में कहा गया है कि पंचायत राज



संचालनालय द्वारा 18 मई 2026 को जारी आदेश में आरजीएसए योजना समाप्त होने एवं नई नीति निर्माण प्रक्रिया जारी होने का हवाला देते हुए सभी पेसा मोबिलाइजर्स को सेवा मुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इस फैसले से हजारों युवाओं और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। साथ ही अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी। विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सेवा मुक्त करने का आदेश तत्काल निरस्त कर पेसा ग्राम सभा मोबिलाइजर्स की सेवाएं यथावत बहाल रखी जाएं। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि नई नीति बनने तक अंतरिम व्यवस्था के रूप में मोबिलाइजर्स को सेवा में बनाए रखते हुए पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्थायी एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मामले में जनहित एवं आदिवासी हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है।

# अमरकंटक रोड पर टाकी नाला तक स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग, शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

अमरकंटक रोड स्थित नगर परिषद सीमा क्षेत्र में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट व्यवस्था नहीं होने को लेकर शिवसेना ने जिला प्रशासन एवं नगर परिषद से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में शिवसेना जिला प्रमुख मुरली मनोहर पाराशर द्वारा कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिंडौरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में नगर परिषद द्वारा अमरकंटक रोड पर जिला जेल तक ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की गई है, जबकि नगर परिषद की सीमा टाकी नाला तक विस्तारित है। सीमा क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से आम नागरिकों, विद्यार्थियों, राहगीरों एवं सुबह-शाम टहलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिवसेना ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उक्त मार्ग पर कई खतरनाक मोड़ हैं, जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। रात्रिकालीन अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। साथ ही मार्ग पर जिला जेल स्थित होने से सुरक्षा की दृष्टि से भी समुचित स्ट्रीट लाइट व्यवस्था अत्यंत आवश्यक बताई गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि डिंडौरी जिला गठन के लगभग 28 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद नगर परिषद अपने सीमा क्षेत्र में अब तक पूर्ण स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर सकी है, जो चिंता का विषय है। शिवसेना जिला प्रमुख मुरली मनोहर पाराशर ने प्रशासन से जनहित, सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अमरकंटक रोड स्थित नगर परिषद सीमा क्षेत्र टाकी नाला तक शीघ्र स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की है।

# कांग्रेस द्वारा स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

शहडोल

जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के निर्देशानुसार देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा कांग्रेस भवन शहडोल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम श्रद्धेय राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं धूप-दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने राजीव गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा देश के विकास, तकनीकी क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने तथा युवाओं को नई दिशा देने के लिए



किए गए ऐतिहासिक कार्यों का स्मरण किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी ने भारत को आधुनिक सोच और नई तकनीक से जोड़ने का कार्य किया। सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार एवं कंप्यूटर क्रांति के क्षेत्र में उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा। उन्होंने युवाओं को राजनीति में भागीदारी का अवसर प्रदान किया तथा ग्राम पंचायतों को अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना एक मजबूत, आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत का था, जिसे कांग्रेस पार्टी आज भी आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उनके आदर्श, विचार एवं राष्ट्रसेवा की भावना देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी जी के बताए मार्ग पर चलने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

# केशरी प्रसाद तिवारी का 98 वर्ष की उम्र मे निधन



**शहडोल।** शहडोल संभाग के वरिष्ठ पत्रकार अन्नपूर्णा तिवारी के पूज्य पिताजी केशरी प्रसाद तिवारी का गुरुवार को उनके गृह ग्राम कपसा जिला रीवा में 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे सरल, सौम्य एवं धर्मप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से पत्रकार परिवार, समाज एवं शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त है

# शहडोल विश्वविद्यालय में अनियमितताओं को लेकर NSUI का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम कमिश्नर कौ सौंपा ज्ञापन

शहडोल

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (ह्स्ड्ड) शहडोल द्वारा पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गुरुवार को संभागायुक्त शहडोल के माध्यम से मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

यह ज्ञापन ह्स्ड्ड जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विश्वविद्यालय को क्क्र-स्÷ योजना के अंतर्गत लगभग 55 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, जिनके पूर्ण उपयोग का दावा किया जा रहा है, जबकि विश्वविद्यालय में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। कई विभागों में कंप्यूटर एवं आईटी संसाधनों की कमी बनी हुई है। संगठन ने पूरे



व्यय की उच्च स्तरीय जांच कर सार्वजनिक विवरण जारी करने की मांग की है। इसके अलावा डिग्री कॉलेज हॉस्टल सुधार के लिए स्वीकृत 50 लाख रुपये के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया गया। ह्स्ड्ड का कहना है कि राशि स्वीकृत होने के बावजूद छात्रावास की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और छात्र मूलभूत सुविधाओं के अभाव में रहने को मजबूर हैं। संगठन ने एक ही प्राध्यापक डॉ. पूर्णिमा शर्मा को कई महत्वपूर्ण प्रभार दिए जाने पर भी सवाल उठाए। साथ ही संस्कृत विभाग की कक्षाएं प्रभावित होने, पीएचडी शोध प्रक्रिया में त्रुष्ट नियमों के उल्लंघन, नए महाविद्यालय की स्थापना में देरी तथा कुलसचिव पद रिक्त होने से उत्पन्न प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे मुद्दों को गंभीर बताया। **NSUI** ने सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने एवं छात्रहित में शीघ्र सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, सिमरन कौर, ब्लॉक अध्यक्ष अमन तिवारी, विश्वविद्यालय अध्यक्ष दीपांशु गुप्ता, आईटी सेल जिला अध्यक्ष महेंद्र यादव, जिला सचिव युवराज, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष हर्षित सिंह बघेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष ओम साहू, बीकॉम सह प्रभारी क्रितेंद्र सिंह सहित ह्स्ड्ड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सावधान रहें, स्वस्थ्य रहें गर्मी और लू से बचें



**शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले के नागरिकों से गर्मी और लू से बचाव की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ढीले, सूती एवं हल्के रंग के कपड़े पहनें। सीधे धूप में निकलते समय सिर को छाता, टोपी या तौलिये से अवश्य ढंकें तथा जूते या चप्पल पहनकर ही बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकलने से पहले भोजन करें और पर्याप्त मात्रा में पानी या ठंडा शरबत पीकर ही बाहर जाएं। आम, गन्ने का रस और शिकंजी जैसे पेय पदार्थ गर्मी में लाभदायक होते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अत्यधिक आवश्यकता होने पर ही घर से बाहर निकलें।

# ब्यौहारी में अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, हाईवा किया जब्त

ब्यौहारी

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर शहडोल के निर्देशन एवं खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में प्रभारी खनि निरीक्षक वृत्त ब्यौहारी द्वारा तहसील ब्यौहारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए 19 मई 2026 की सुबह करीब 4 बजे औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान आनंद फीलिंग पेट्रोल पंप के पास एक हाईवा वाहन क्रमांक क्क्र13ञ्6587 (10 चक्का) की जांच की गई। वाहन चालक रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर



सका, जिसके बाद वाहन सहित लोड रेत को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में थाना ब्यौहारी में खड़ा कराया गया। पूछताछ में वाहन मालिक का नाम रामगोपाल शुक्ला निवासी सतना बताया गया। संबंधित वाहन चालक, मालिक एवं अवैध भंडारणकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। वहीं शाम करीब 5 बजे पुलिस थाना ब्यौहारी एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जमुड़ी स्थित देवी दाई मंदिर के पास एवं अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए लगभग 100 घनमीटर लावारिस रेत का विनष्टीकरण किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# 45 डिग्री टच करने से पहले लुढका पारा, अब तड़पाएगा 'नौतपा'

## तीखी धूप ने छुड़ाए पसीने, बेहाल हुए आमजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संस्कारधानी में सूर्यदेव के तेवर लगातार तीखे बने हुए हैं, जिससे शहरवासी भीषण गर्मी और उमस की दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं। गुरुवार सुबह से ही आसमान साफ रहने और बादलों की नामोनिशान न होने के कारण सूरज की किरणें सीधे धरती पर बरसती रहीं। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम पारा 43.8 और न्यूनतम पारा 28.3 दर्ज किया गया। हालांकि, पिछले दिनों की तुलना में गुरुवार को तापमान में महज 1 डिग्री सेल्सियस की मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन इसके बावजूद चिलचिलाती धूप और हवा की थमी रफ्तार के कारण



लोगों को गर्मी से रत्ती भर भी राहत नसीब नहीं हुई।

### बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

दोपहर होते-होते स्थिति यह हो गई कि मुख्य मार्गों और बाजारों में सन्नाटा पसर गया। बादलों की बेरुखी ने गर्मी को इस कदर बढ़ा दिया कि लोग दिनभर पसीने से तर-बतर और बेहाल नजर आए। घरों और दफ्तरों में लगे कूलर-एसी भी इस उमस भरी गर्मी के आगे हांफते हुए नजर आए। सिविक सेण्टर चौपाटी के पास फालूदा , आइसक्रीम , गन्ने के रस ,मसाला सोडा , निम्बू शिकंजी, आम पन्ना और बर्फ गोले की दुकानों में लोंगो की भीड़ देखी गई, जो गर्मी से फौरी राहत पाने की जद्दोजहद में जुटे रहे।

### जारी रहेगा सिलसिला

*मौसम विभाग के मुताबिक, यह तो महज शुरुआत है। आने वाले कुछ ही दिनों में 'नौतपा' की शुरुआत होने वाली है, जिसे साल का सबसे गर्म समय माना जाता है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में आसमान से आग बरसने का यह सिलसिला और तेज होगा और सूरज अपने रौद्र रूप में आकर और भी ज्यादा आग उगलेगा।*



## एमपी ट्रांसको ने ऊर्जीकृत किया अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी सबस्टेशन भिंड की क्षमता वृद्धि करते हुए 50 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है।इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से सबस्टेशन की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढ़कर 153 एम वी ए की हो गई है। एमपी ट्रांसको ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता श्री राजीव तोतला ने जानकारी दी कि इस सब स्टेशन में यह तीसरा ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया है, इससे सबस्टेशन में बढ़ते लोड का उचित प्रबंधन किया जा सकेगा। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से भिंड जिले की ट्रांसफारमेशन केपैसिटी बढ़कर 1619 एम वी ए की हो गई है।

# स्वच्छता केवल अभियान नहीं, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक संस्कार का प्रतीक

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नागरिक फीडबैक जागरूकता अभियान आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संस्कारधानी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों में स्थापित करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की गई है। इसके तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर में नागरिक फीडबैक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 240 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए शहर को स्वच्छ बनाने और जनभागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नगर निगम जबलपुर के नागरिक फीडबैक पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें पोर्टल पर जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही, क्यूआर कोड के माध्यम से स्वयं फीडबैक भरने एवं अपने परिवार, पड़ोसियों तथा परिचितों को भी फीडबैक फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

स्वच्छता नागरिक कर्तव्य और सामाजिक संस्कार



कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित नगर निगम जबलपुर के अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, शैलेंद्र पाण्डेय, नर्मदा प्रसाद शर्मा (प्राचार्य, लोकनाथ संस्कृत महाविद्यालय) तथा श्री परमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारे नागरिक कर्तव्य और सामाजिक संस्कार का प्रतीक है। यदि युवा शक्ति इस जनभागीदारी अभियान को अपने परिवार और समाज के हर वर्ग तक पहुँचाए, तो जबलपुर निश्चित रूप से स्वच्छता के राष्ट्रीय मानकों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करेगा। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना (जबलपुर संभाग) के संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थी केवल अकादमिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।



## जेईसी के 327 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

### छह विद्यार्थियों को मिला 21 लाख का पैकेज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज ने इस वर्ष प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की संस्थान के 327 से अधिक विद्यार्थियों का चयन देश की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ है। इस प्लेसमेंट सत्र में अंतरराष्ट्रीय आईटी कंपनी इंफ़ोसिस द्वारा कॉलेज के छह विद्यार्थियों को 21 लाख रुपये प्रति वर्ष तक का सर्वोच्च पैकेज प्रदान किया गया। वहीं टीसीएस ने सर्वाधिक लगभग 80 विद्यार्थियों का चयन किया। इसके अतिरिक्त, रिलायंस इंडस्ट्री, आईबीएम , एल एन्ड टी, अडानी ग्रुप, जेएसडबल्यू ग्रुप , वीई कमर्शियल व्हीकल , कल्पतरु प्रोजेक्ट , केईसी इंटरनेशनल , टॉरेंट पावर तथा हिन्दुस्तान पावर जैसी प्रमुख कंपनियाँ भी इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में सम्मिलित रहीं। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजीव चांडक ने इस उपलब्धि पर कॉलेज के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के डॉ सौरभ सिंह, डॉ माधुरी गोखले, प्रो सुधांशु डोले एवं प्रो देवयानी सोनी समेत विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी।

## समाधान योजना में 29.81 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने लिया लाभ

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र सरकार की विद्युत समाधान योजना में 15 मई तक 29 लाख 81 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लिया है। पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी और यह योजना 15 मई तक लागू थी। 473 करोड़ 39 लाख का सरचार्ज हुआ माफ-मध्यप्रदेश सरकार की विद्युत समाधान योजना 2025-26 में 29 लाख 81 हजार बिजली उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया है। कुल 1497 करोड़ 45 लाख रूपए जमा किए गए हैं, जबकि 473 करोड़ 39 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 11 लाख 27 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 340 करोड़ 8 हजार रूपए जमा हुए, जबकि 99 करोड़ 49 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया है। मप्र क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 8 लाख 91 हजार बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 834 करोड़ 55 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 331 करोड़ 60 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 9 लाख 63 हजार उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है। कंपनी के खाते में 322 करोड़ 82 लाख रूपए जमा हुए, जबकि 42 करोड़ 30 लाख रूपये का सरचार्ज माफ किया गया।

## मकान मालिक से मांगी 50 करोड़ की रंगदारी

### सीसीटीवी फुटेज से खुली किराएदार की करतूत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना विजय नगर अंतर्गत मथुरा विहार कॉलोनी में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक बुजुर्ग मकान मालिक और उनके पड़ोसियों को 50 करोड़ रुपये की रंगदारी और जान से मारने की धमकी भरे पत्र मिले। हैरान करने वाली बात यह है कि इस पूरी साजिश के पीछे कोई बाहरी बदमाश नहीं, बल्कि बुजुर्ग का अपना किराएदार ही निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मथुरा विहार निवासी 73 वर्षीय बुजुर्ग गणेश प्रसाद दुबे ने विजय नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 10 मई 2026 की सुबह करीब 7 बजे जब वे अपने घर के अंदर गए, तो उन्हें एक्टिवा स्कूटी के पास एक बंद लिफाफा मिला। लिफाफे के ऊपर उनका नाम जे.पी. दुबे, 39 मथुरा विहार लिखा हुआ था। जब बुजुर्ग ने लिफाफा खोलकर पढ़ा तो उनके होश उड़ गए। पत्र में बेहद आपत्तिजनक शब्दों (गाली-गलौज) का इस्तेमाल किया गया था। साथ ही उनके नाती सूजल चौबे और दामाद को जान से मारने की धमकी देते हुए 50 करोड़ रुपये की मांग की गई थी।

**सीसीटीवी फुटेज से खुला राज**

शिकायत मिलने के बाद विजय नगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। पुलिस के हाथ लगे एक फुटेज में 10 मई की सुबह करीब 4 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति चुपके से लिफाफा रखता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने वह फुटेज शिकायतकर्ता गणेश प्रसाद दुबे को दिखाया, तो उन्होंने तुरंत उस शख्स की पहचान कर ली। फुटेज में दिख रहा आरोपी कोई और नहीं बल्कि स्वयं गणेश प्रसाद के मकान में रहने वाला किराएदार आशीष मिश्रा था, जो मूल रूप से मऊगंज का निवासी है।

## लौह अयस्क और क्लिंकर लोडिंग से पमरे को हुआ मुनाफा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पमरे द्वारा गुड्स ट्रैफिक एवं कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर मॉनिटरिंग एवं विभिन्न बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। परिणामस्वरूप पमरे ने अप्रैल माह में कुल 4.56 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग करते हुए 480 करोड़ 82 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। लौह अयस्क लोडिंग पिछले वर्ष समान अवधि की तुलना में 79.22 प्रतिशत अधिक है। क्लिंकर लोडिंग पिछले वर्ष समान अवधि की तुलना में 7.85 प्रतिशत अधिक है। वहीँ कंटेनर लोडिंग पिछले वर्ष समान अवधि की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। फ्रेट लोडिंग एवं रेल राजस्व में वृद्धि के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

# बिजली कंपनियों के निजीकरण से कार्मिकों का वेतन और पेंशन असुरक्षित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बिजली फेडरेशन के राष्ट्रीय सेकेट्री जनरल, आल इंडिया इंटक के राष्ट्रीय महासचिव डॉ संजय सिंह ने मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रतिनिधियों और मध्यप्रदेश के अन्य श्रम संगठनों के साथ हुई बैठक में प्रतिनिधि गणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन देश में बिजली कंपनियों के निजीकरण को बड़ी तीव्र गति से करने समुचित प्रयास कर रही है। किन्तु इन कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों संविदा कर्मियों के ना तो वेतन की और ना ही सेवा शर्तों यथावत रहेगी का निर्धारण कर रही है। इसी तरह देश की बिजली कंपनियों से सेवा निवृत्त हुए लाखों पेंशनर्स की पेंशन की गारंटी राज्य सरकारें नहीं ले रही है। डॉ संजय सिंह ने कहा कि श्रम संगठनों को श्रमिकों के हित को सर्वोपरि रखकर कार्य करना चाहिए। हर समस्या का समाधान चर्चा से बैठकर ही निकलता है। उन्होंने कहा कि निजीकरण से सबसे ज्यादा संविदा, आऊट सोर्स कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों का भविष्य असुरक्षित हो जाएंगा, अर्थात उनका शोषण होगा। बैठक में अनेक श्रम संगठनों का



नेतृत्व करने वाले रामराज्य तिवारी,खदान और अन्य श्रम संगठनों के नेता नरेंद्र मिश्रा, मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक, वरिष्ठ जोनल सचिव एनके यादव, प्रांतीय उपाध्यक्ष उमाशंकर मेहता, अफसार अहमद, गोपाल चौहान, रामेश्वर गांगे सहित अन्य फेडरेशन के साथीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस का माखौल उड़ाते हुए खुलेआम घूम रहे आरोपी

### अधिवक्ताओं ने एडीशनल एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विगत दिनों भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर प्रज्ञा कॉलोन में अधिवक्ता राजेश कुशवाहा के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर, मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी भेड़ाघाट थाना पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के चलते अभी भी अधिवक्ता को धमकाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। थाना पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न किए जाने के बाद पीड़ित अधिवक्ता राजेश कुशवाहा ने अधिवक्ताओं के साथ एडीशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा के मुलाकात कर मामले की शिकायत की है। अधिवक्ताओं ने एएसपी को शिकायत में बताया कि क्षेत्र के आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाश रविन्द्र पटेल, अंशुल पटेल, अंकित पटेल, सुखचैन पटेल और विनोद पटेल ने उनके घर में कब्जा करने की नीयत उक्त घटना को अंजाम दिया था। ठोस कार्यवाही न होने के कारण अभी भी अरोपियों के आपराधिक इरादे और मजबूत हो रहे है। आरोपियों द्वारा आये दिन घर के बाहर आकर गाली गलौच कर मकान में कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। विगत दिवस 18 मई को भी रात के वक्त जब वह अपने घर से बाहर कुछ सामान लेने भेड़ाघाट गए थे तब मुख्य मार्ग पर बिना नंबर की बाइक मेरा पीछा कर मझे रोककर मुझे एवं मेरे परिवार को घर खाली ना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। आरोपियों द्वारा लगातार धमकी से अधिवक्ता में भय का माहौल है। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने अधिवक्ता की शिकायत पर जांच उपरांत ठोस कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# चचेरे भाई के घर से उड़ाए थे 5 लाख के जेवर

## चरगवां पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चरगवां थाना पुलिस ने भाई के ही घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी भाई को गिरफ्तार कर उसके पास से शत-प्रतिशत चोरी का माल बरामद कर लिया है। जब्त किए गए सोने-चांदी के जेवरातों की कुल कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, चरगवां थाना अंतर्गत ग्राम कोटवारी निवासी मोहित झारिया (उम्र 25 वर्ष) ने 18 मई 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि 18 मई की रात को कोई अज्ञात चोर उसके घर की पेटी में रखे सोने की 3 नग पांचाली (छोटी-बड़ी), 2 नग मंगलसूत्र (बड़ा-छोटा), चांदी की करधनी, 2 जोड़ी पायल, 1 नग खुसना, 8 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी चूड़ा, बच्चों के चांदी के 3 जोड़ी चूड़े और करीब 74,000 रुपये नगद चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**संदेह के आधार पर पूछताछ में खुला राज**

एएसपी सुश्री अंजना तिवारी एवं सीएसपी बरगी अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में चरगवां थाना प्रभारी की टीम ने जब मामले की पड़ताल शुरू की, तो पता चला कि वारदात की रात पीड़ित का भाई मोहन मेहरा चाचा के घर शादी समारोह में आया था और रात में ही वापस अपने घर तिलवारा चला गया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी मोहन मेहरा (उम्र 30 वर्ष, निवासी कोटवारी, हाल मुकाम ग्राम नारायणपुर, थाना तिलवारा) को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**नहर की पुलिया के नीचे छिपाया था माल**

आरोपी मोहन मेहरा ने बताया कि चोरी किए गए पैसों में से उसने केवल 600 रुपये खर्च किए थे। शेष रकम और सोने-चांदी के सारे जेवर उसने खोखा रोड नहर के पास स्थित एक पुलिया के नीचे छिपाकर रखे थे। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिया के नीचे से चोरी की गई सभी सामग्री बरामद कर ली है।



## कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने लोग खितौला बाजार स्थिति नगर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। पवन सोनी, अमोल चौरसिया, सुनील तिवारी, बाबा कुरैशी, केके कुरारिया, सुदीप पांडे आदि के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान अमोल चौरसिया ने अपने सम्बोधन में बताया की प्रधानमंत्री राजीव गांधी दवरा ही देश को आर्थिक आजादी मिली। पवन सोनी ने कहा की देश विरोधी शक्तियों ने यदि उनकी हत्या नहीं की होती तो भारत आज अमेरिका,रूस और चीन से आगे विश्व शक्ति बनकर खड़ा होता। कार्यक्रम में अदिती शुक्ला, वर्षा सोनी, कमलेश सोनी, पापे यादव, आशीष व्यौहार आदि उपस्थिति रहे।

## संजय गांधी ताप विद्युत गृह का दौरा करेंगे विद्युत सचिव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत सरकार के विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल 23 मई को मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। विद्युत सचिव अपने प्रवास के दौरान विद्युत गृह की कार्यप्रणाली, उत्पादन प्रदर्शन व संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन करेंगे। पंकज अग्रवाल ताप विद्युत गृह की उत्पादन क्षमता व प्रदर्शन का अवलोकन करेंगे और कोयला सैंपलिंग, परीक्षण प्रक्रिया एवं प्रयोगशाला व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे। इसके अतिरिक्त वे पावर जनरेटिंग कंपनी के वरिष्ठ अभियंताओं के साथ संवाद कर संचालन, दक्षता व भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा भी करेंगे। मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने भारत सरकार के विद्युत सचिव के बिरसिंगपुर प्रवास को कंपनी के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा कि भारत सरकार के विद्युत सचिव का यह भ्रमण संस्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# विद्युत मंडल के कोर्ट पर फिर जिंदा हुआ वॉलीबॉल का क्रेज

## समर कैंप में पहुंचे स्कूल-कॉलेज के छात्र

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद का मशाल परिसर स्थित वॉलीबॉल कोर्ट इन दिनों नई खेल संभावनाओं के केंद्र के रूप में उभर रहा है। परिषद द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में न केवल स्कूली बच्चों बल्कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी वॉलीबॉल खेल में गहरी रुचि दिखाई है। गौरतलब है कि एक समय राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तत्कालीन विद्युत मंडल की वॉलीबॉल टीम और इसके खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। एक लंबे अंतराल के बाद अब विद्युत परिवार में एक बार फिर वॉलीबॉल खेल पुनर्संगठित और मजबूत होता



दिखाई दे रहा है। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम व अन्य पदाधिकारियों ने वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि परिषद के तत्वावधान में लगातार 13वीं बार यह वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष शिविर में 15 लड़के-लड़कियों के शामिल होने से खेल प्रेमियों और प्रबंधन में भारी उत्साह है। विशेष रूप से शिविर में शामिल हुईं चार छात्राओं ने वॉलीबॉल के प्रति जबरदस्त समर्पण दिखाया है, जो इस खेल के भविष्य के लिए बेहद शुभ संकेत है। परिषद के महासचिव ने उम्मीद जताई कि इस प्रशिक्षण शिविर से ऐसे बेहतरीन खिलाड़ी उभरेंगे, जो राष्ट्रीय स्तर पर विद्युत परिवार और शहर का नाम रोशन करेंगे।

### बारीकियों से खेल को मांज रहे प्रशिक्षक

*शिविर में खिलाड़ियों को तराशने की जिम्मेदारी केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के वॉलीबॉल प्रभारी प्रतीक शर्मा, अवधेश पटेल, दीपक साहू और विजेंद्र नागले संभाल रहे हैं। ये अनुभवी प्रशिक्षक प्रतिदिन नवोदित खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस और स्टैमिना बढ़ाने के विशेष अभ्यास से शुरुआत करवाते हैं। फिटनेस के बाद खिलाड़ियों को कोर्ट पर वॉलीबॉल की तकनीकी बारीकियां जैसे - सर्विस, अंडर हैंड, फिंगर, प्लेसिंग, बूस्टिंग और स्मैशिंग का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।*

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर साले पर चाकू से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना पनागर अंतर्गत मझौली बाईपास के पास शराब पीने के लिए पैसे न देने पर एक जीजा ने अपने साथी के साथ मिलकर अपने ही साले पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल पनागर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ब्रह्मचारी कॉलोनी देवरी रामवार्ड निवासी संतोष सिंह ठाकुर (42 वर्ष), जो आरपीजी फैक्ट्री में काम करते हैं, को आज दिनांक 21 मई 2026 को घायल अवस्था में शासकीय अस्पताल पनागर लाया गया। अस्पताल से मिली सूचना पर पनागर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल संतोष ठाकुर के बयान दर्ज किए। संतोष ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 21 मई को उसके जीजा यशपाल ठाकुर ने मोबाइल पर फोन कर उसे मझौली बाईपास बुलाया था। जब संतोष वहां पहुंचा, तो जीजा यशपाल ठाकुर मोटरसाइकिल पर एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ खड़ा था। यशपाल के पास पहले से ही एक क्वार्टर देशी शराब थी।

# डीपीसी द्वारा कलेक्टर को गलत जानकारी देकर सहायक वार्डनों को हटाया!

## नियम विरुद्ध दशकों से जमी अधीक्षिकाओं पर प्रशासन खामोश




उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में नियमो की सरेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है और इस कृत्य में डीपीसी द्वारा कलेक्टर उमरिया को गलत जानकारी देकर 2 सहायक वार्डनों को बलि का बकरा बना दिया, और कलेक्टर को भी उसमे भागीदार बना दिया गया..! मानपुर, ताला और तमन्नारा में दशकों से जमी वार्डनों को अभी तक नहीं हटाया गया जबकि 3 साल से अधिक समय तक एक ही हॉस्टल न रहने का नियम है फिर भी डीपीसी उन पर मेहरबान हैं और सहायक वार्डनों में से 2 को बिना उनका पक्ष जाने या बिना नोटिस के ही इधर से उधर कर दिया..! वही ताला सहायक पर झूठा आरोप लगाकर उसे हटाया गया जबकि बीआरसी मानपुर की टीम और जिला पंचायत सीईओ द्वारा क्लीन चिट दी गई थी लेकिन वार्डन जिसकी पहुँच बहुत ऊपर तक थी उसने अपने रास्ते के कांटे को हटवा दिया जबकि सूत्रो द्वारा बताया गया है कि ताला के छात्रावास में पूरे नियम विरुद्ध ही कार्य होते हैं और वहां डीपीसी, जेडी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य बड़े बड़े अधिकारी रात दिन पहुंचते है और उनकी आव भगत भी होती रहती है और वार्डेन के रिश्तेदार चाहे चौकीदार हो या रसोइया सब नियम विरुद्ध कार्य कर रहे हैं और वहां लगे सीसीटीवी की फुटेज को लेकर जाँच की जाये तो सब सत्य उजागर हो जाएगा जिसमे वार्डेन का ड्राइवर भी रात में आता जाता रहता है जिससे साफ है कि नियमो की धज्जियाँ उड़ाने में कोई कोर कसर नही छोड़ा जा रहा है.!

मामला कुछ माह पूर्व का है जब शिक्षा केंद्र द्वारा सभी सहायक वार्डनों को जो एक ही छात्रावास में 5 वर्ष से अधिक समय से पदस्त हैं उन्हीं आपसी रजामंदी से एक छात्रावास से दूसरे छात्रावास में भेजे जाने का सहमति पत्र देना था! वही 11 मई को जारी पत्र में बताया गया है कि कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास ताला की सहायक वार्डन श्रीगती प्रेमलता रजक की प्राप्त शिकायत के आधार पर दिनांक 17.03.2026 को कायालय बी0आर0सी0 मानंपुर द्वारा गठित जांच टीम समिति द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास ताला विकासखण्ड मानपुर जिला उमरिया का आकस्मिक निरीक्षणध्जांच की गयी। जिसमें सहायक वार्डन प्रेमलता रजक द्वारा की जा रही कार्य में लापरवाही पर गठित टीम द्वारा गहन निरीक्षण में यह पाया. गया कि श्रीमती प्रेमलता रजक सहायक वार्डन द्वारा ताला छात्रावान में अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही एवं कार्य के प्रति उदासीनता अनियमितता की जाती है।यह कृत्य अपने पदीय दायित्वों के विपरीत है। तत्संबंध में श्रीमती प्रेमलता रजक को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास ताला से कस्तूरबा गाधी वालिका छात्रावास घुनघुटी में एवं श्रीमती आशा विश्वकर्मा सहायक वार्डन नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वालिका छात्रावास तामन्नारा को कस्तुरवा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ताला छात्रावास में स्थानांतरित करते हुये सहायक वाईन पद पर आगामी उपदेश तक नियुक्त किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। वही 20 मई को आशा विश्वकर्मा को तमन्नारा से कार्यमुक्त कर दिया गया हैं लेकिन सवाल यह उठता है कि कलेक्टर को जो पूरी गलत जानकारी देकर जो अनैतिक कार्य कराया गया उनके ऊपर क्या कार्यवाही होगी या फिर ऐसे ही चलता रहेगा..!

# चकमा देकर थाने से भागा संदेही, इंदवार टीआई समेत तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

उमरिया (स्वतंत्रमत)।




जिले के इंदवार थाना परिसर से एक संदेही के फरार होने की घटना ने पुलिस विभाग में हलचल मचा दी है। लूटकांड की जांच के दौरान पूछताछ के लिए थाने लाए गए युवक के पुलिस को चकमा देकर फरार होने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस प्रशासन ने इंदवार थाना प्रभारी विजय पाटले, सब इंस्पेक्टर अमर बहादुर सिंह और एएसआई सूर्य बहादुर सिंह को सस्पेंड कर दिया। एडिशनल एसपी सीताराम सत्या ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस अभिरक्षा में लापरवाही सामने आने पर यह कदम उठाया गया है। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक बीते दिनों पाली थाना क्षेत्र के घुनघुटी अंतर्गत ग्राम चौरी में एक सराफा व्यापारी से लाखों रुपये की लूट हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच करते हुए सत्यम बसदेवा निवासी कटनी और नागेश बसदेवा निवासी ग्राम चिमटा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने इंदवार थाना क्षेत्र के ग्राम पलझा में हुई एक अन्य लूट में भी शामिल होने की बात कबूल की। इसके बाद इंदवार पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी। जांच के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर कटनी जिले के बरही निवासी बंटी ताम्रकार को पूछताछ के लिए इंदवार थाने लाया गया था। पुलिस को शक था कि वह लूट और चोरी का सामान खरीदने में शामिल है।

बताया जा रहा है कि बुधवार को पूछताछ के दौरान मौका मिलते ही बंटी ताम्रकार पुलिस को चकमा देकर थाना परिसर से फरार हो गया। जैसे ही फरारी की सूचना मिली, थाने में अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने तत्काल उसकी तलाश शुरू कर दी।

# अवैध शराब कारोबार पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 26 हजार की शराब और लाहन जब्त



उमरिया (स्वतंत्रमत)। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देश पर जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण एवं विक्रय के खिलाफ आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है।आबकारी वृत्त उमरिया द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब और लाहन जब्त किया गया।वृत्त प्रभारी दिनकर सिंह तिवारी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान घघराड निवासी सतीश गुप्ता के कब्जे से 28 पाव प्लेन शराब, 12 केन बीयर एवं बीयर बोतलें बरामद की गईं। वहीं रामफल सेन के पास से 12 पाव प्लेन शराब जब्त की गई। इसके अलावा सुखिया प्रजापति के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी शराब, नैगवां टोला में महेश बर्मन से 6 लीटर तथा संजय कुमार बर्मन से 4 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई। लालपुर निवासी दुर्गा बाई के पास से 2 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 60 किलोग्राम लाहन बरामद हुआ। वहीं वर्षा कोल के कब्जे से 60 किलोग्राम लाहन और 2 लीटर हाथ भट्टी शराब तथा रमपुरी में मंजू बाई के पास से 11 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त की गई।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई के दौरान कुल 8 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए हैं। जब्त अवैध मदिरा और सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 26 हजार रुपये बताई गई है। कार्रवाई में आबकारी आरक्षक कविता सिंह, राजपति प्रजापति, अंजली गौतम एवं जीवन लाल कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भीषण गर्मी के बीच राहत और सेवा का संदेश स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

उमरिया (स्वतंत्रमत)। देशभर में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब उमरिया जिले में भी लगातार महसूस किया जा रहा है। दोपहर के समय तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग और डॉक्टरों द्वारा लगातार लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी एडवाइजरी में पर्याप्त पानी पीने, दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक धूप से बचने, हल्के कपड़े पहनने तथा ओआरएस, नींबू पानी और छाछ जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। वहीं तेज बुखार, चक्कर, उल्टी, बेहोशी



और अत्यधिक प्यास को हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षण बताया गया है।

इधर धार्मिक और सामाजिक स्तर पर भी लोग अपने-अपने तरीके से गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। पुरुषोत्तम मास के चलते जिले के कई स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा राहगीरों को ठंडा पानी, शरबत, कुल्फी और अन्य शीतल सामग्री वितरित की जा रही है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी की आवश्यकता है।

### इनका कहना है

भीषण गर्मी में थोड़ी सी लापरवाही भी हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। लोग अधिक से अधिक पानी पिएं, धूप से बचें और शरीर में पानी की कमी न होने दें।वहीं समाज द्वारा किए जा रहे शीतल पेय और राहत वितरण जैसे प्रयास भी लोगों को गर्मी से बचाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकते है।

**डॉ. मुकुल तिवारी**
**नोडल अधिकारी, उमरिया**

# जिला स्तरीय पं दीनदयाल जी प्रशिक्षण वर्ग 25 और 26 मई को,डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल करेंगे प्रशिक्षण का उद्घाटन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया का जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग 25 और 26 मई को ताला (बांधवगढ़) स्थित नेचर हेरिटेज रिसोर्ट में आयोजित किया गया है। दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 25 मई को प्रातः 9 बजे प्रारंभ किया जाएगा जिसका समापन सत्र 26 मई को शाम 5 बजे होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने बताया कि भाजपा केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिला उमरिया का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग ताला स्थित नेचर हेरिटेज रिसोर्ट में 25 और 26 में को आयोजित किया गया है। दो दिनों तक चलने वाले इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को कई सत्रों में विभाजित किया गया है और अलग-अलग सत्रों के लिए अलग-अलग वक्ताओं के द्वारा अपने निर्धारित विषयों पर व्याख्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 मई को प्रातः 9 बजे से परीक्षा में भाग लेने वाले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का पंजीयन प्रारंभ होगा। इसके बाद उद्घाटन सत्र और आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता मध्य प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ला अपने निर्धारित विषय मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियां पर व्याख्यान देंगे। इसके अलावा भाजपा नेता योगेश ताम्रकार, मंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी गौरव सिरोठिया, प्रशिक्षण महाभियान के संभागीय प्रभारी मिथिलेश पयासी, भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल सहित अन्य वक्तागण व्याख्यान देंगे। श्री छतवानी ने बताया कि इस 2 दिवसीय जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय प्रशिक्षण वर्ग होगा, जिसमें सभी प्रशिक्षार्थी रात्रि में वही विश्राम करेंगे और दूसरे दिन प्रशिक्षण वर्ग में शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, समस्त पूर्व जिला अध्यक्ष,समस्त मंडलों के मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष-महामंत्री सहित प्रशिक्षण वर्ग में अपेक्षित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण और कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

## एसडीएम ने उमरार जलाशय का किया निरीक्षण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह एवं मत्स्य निरीक्षक जी.एस. लाल द्वारा संयुक्त रूप से उमरार जलाशय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जलाशय में मत्स्य आखेट कार्य कर रही मछुआ सहकारी समिति मर्यादित उमरिया के सदस्यों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए।एसडीएम ने समिति सदस्यों को मत्स्य आखेट के दौरान सुरक्षा उपकरणों, विशेष रूप से लाइफ जैकेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के निर्देश दिए। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके तथा मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। समिति सदस्यों ने एसडीएम के निर्देशों का पालन करने की सहमति व्यक्त की।



**महिला थाना बालाघाट की बड़ी कार्रवाई**

# 40 वर्षीय महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** कटंगी शहर की एक 40 वर्षीय महिला की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने उमरी निवासी साजिद पिता शरीफ खान (उम्र 31 वर्ष) के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी पिछले लगभग 10 वर्षों से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। 20 मई को पीड़िता ने साहस दिखाते हुए महिला थाना बालाघाट में एफआईआर दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 69, 115 (2), 296 (बी), 351(3) तथा मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत कार्रवाई की। इन धाराओं के तहत आरोपी पर यौन शोषण, धोखे से संबंध बनाना, धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन और दीर्घकालीन उत्पीड़न जैसे गंभीर



आरोप लगाए गए हैं। महिला थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जांच शुरू की और उसी रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 21 मई की सुबह करीब साढ़े 9 बजे पुलिस आरोपी को कटंगी लेकर पहुंची। थाना परिसर से पैदल ही आरोपी को घटनास्थल तक ले जाया गया। इस दौरान नागरिकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। लोग आरोपी को इस तरह खुलेआम पैदल ले जाते देख हैरान थे और मामले पर अपनी-अपनी राय व्यक्त कर रहे थे। कटंगी थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम ने बताया कि आरोपी ने पीड़िता के साथ लंबे समय तक संबंध बनाए रखे।

इसके अलावा उसने एक अन्य युवती को भी प्रेमजाल में फंसाकर विवाह की तैयारी की थी। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।गौरतलब हो कि पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत करने से पूर्व एक बाद कटंगी थाने में भी आरोपी के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई थी। हालांकि बाद में मामला शांत हुआ किंतु आरोपी के द्वारा इस बीच अन्य युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर विवाह करने की तैयारी में था। इस बीच आरोपी के खिलाफ महिला थाने में शिकायत दर्ज हुई और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# कोयलारी में ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक की मौत

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलारी में बुधवार 20 मई की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। ग्राम पंचायत भवन के सामने मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर की टक्कर में मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम पिण्डरई निवासी दिनेश पिता जीवनलाल धारणकर (उम्र 40 वर्ष) किसी काम से कटंगी आ रहे थे। दोपहर में जब वे कोयलारी पहुंचे, तभी ग्राम पंचायत भवन के सामने कोयलारी निवासी धनराज परते के स्वराज ट्रैक्टर ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए तुमसर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही तिरोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। ट्रैक्टर चालक की भूमिका और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। गुरुवार 21 मई की सुबह साढ़े 11 बजे कटंगी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने बताया कि दिनेश किसी निजी काम से कटंगी जा रहे थे। हादसे की खबर से परिवार गहरे सदमे में है। दिनेश धारनकर अपने पीछे दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। परिवार अचानक हुए इस हादसे से टूट गया है। कोयलारी के ग्रामीणों ने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

# बगैर डिस्मेंटल के तोड़ दिया गया आंगनबाड़ी भवन





## आंगनवाड़ी भवन को तोड़ कर बन रहीं नवीन केसलेवाड़ा पंचायत भवन

## सरपंच व सचिव पर कार्यवाही की मांग!

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

जनपद पंचायत बालाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत केसलेवाडा से एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां महज 17 साल पहले बनी आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 01 को पंचायत भवन निर्माण के लिए तोड़ दिया गया है। सूत्रों की मानें तो शासकीय भवन को बगैर डिस्मेंटल किए ही आखिर कैसे इतनी बड़ी लापरवाही बरतते हुए पंचायत के सरपंच और सचिव ने तोड़ दिया गया, इसके बाद अब आंगनबाड़ी भवन किराए के मकान में संचालित हो रही है। जानकारी अनुसार, ग्राम पंचायत केसलेवाडा में वर्ष 2008-09 में शासकीय आंगनवाड़ी क्रमांक 1 का भवन लाखों रुपए से शासन ने निर्मित किया था। वहीं वर्ष 2026 में 36 लाख रुपए से नए नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई जिसे निर्माण के लिए सरपंच राधेलाल मते, सचिव साधना नगपुरे, रोजगार सहायक संतोष बम्बुरे ने महज 17 वर्ष में आंगनवाड़ी भवन को तोड़ दिया गया। वजह बताई जा रही है कि यहां आंगनबाड़ी भवन महज 17 साल में ही जर्जर हो चुका था इसीलिए इसे तोड़ दिया गया है लेकिन सवाल यह है कि आखिर शासन 40 वर्षों तक शासकीय भवन की मजबूती दर्शाई जाती है तो फिर कैसे 17 साल के नवनिर्मित भवन को तोड़ दिया गया क्या तोड़ने के पहले डिस्मेंटल का पंचायत में आर्डर है या नहीं यह भी एक बड़ा सवाल है।

**डिस्मेंटल का आर्डर है या हवा-हवाई**-ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासकीय आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 1 बहुत ही अच्छी स्थिति में थी लेकिन सरपंच और सचिव को इस स्थान पर नवीन पंचायत भवन निर्माण करना था तो उन्होंने अपनी मनमानी करते हुए यह कदम उठाते हुए आंगनवाड़ी भवन को तोड़ दिया गया है, जबकि भवन की स्थिति तोड़ने के लायक नहीं थी वह भवन को मरम्मत करते तो वह बहुत अच्छी हो जाती।

वहीं उन्होंने कहा कि सरपंच के द्वारा डिस्मेंटल का ऑर्डर की बात कही जा रही है तो वह है या केवल हवा-हवाई बात की जा रही है अगर रहता तो वह दिखा देते।

**कार्यवाही की मांग...**बिना विधिवत डिमेंटलिंग (विघटन) प्रक्रिया अपनाए किसी भी शासकीय भवन को तोड़ना या क्षतिग्रस्त करना एक गंभीर अपराध है। इसके तहत सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने और चोरी के गंभीर आरोप लग सकते हैं। भवन की सामग्री (लोहा, ईंट, लकड़ी आदि) को अवैध रूप से हटाकर ले जाना चोरी माना जाता है। वहीं, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के लिए आपराधिक अतिचार और संपत्ति को नष्ट करने के अलग-अलग मामले दर्ज हो सकते हैं।

### इनका कहना हैं

ग्राम पंचायत भवन के निर्माण के लिए जर्जर आंगनवाड़ी भवन को डिस्मेंटल का आर्डर लेने के बाद ही तोड़ा गया है ऑर्डर पंचायत कार्यालय में रखा हुआ हैं।

**राधेश्याम मते, सरपंच, ग्राम पंचायत केसलेवाडा**

आंगनवाड़ी भवन खराब होने की स्थिति में आ गया था क्योंकि उसे भवन की मरम्मत नहीं हो रही थी। जिसको लेकर उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया और फिर हमने वहां से बच्चों को अलग किराए के कमरे में संचालित की जा रही है।

**सुभद्रा बिसेन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता**

मुझे ग्राम पंचायत केसली वाला की आंगनवाड़ी क्रमांक एक के संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है, अगर डिस्मेंटल किया गया है तो यहां पर कोई आवेदन नहीं किया गया है।

**दीपमाला मंगोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी,बालाघाट**

## कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में कलेक्टर ने रविवार को जिला चिकित्सालय का पुनः औचक निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि लगभग एक माह पूर्व भी कलेक्टर श्री धोटे द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए थे। रविवार को किए गए निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन एवं व्यवस्थाओं में आए सुधार की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन करना रहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे सर्वप्रथम पीडियाट्रिक वार्ड पहुंचे जहां उन्होंने भर्ती बच्चों की माताओं से आत्मीय संवाद किया।

## कमिश्नर ने ली संयुक्त बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक 20 मई को क्षेत्रीय संचालक स्तर पर आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि कमिश्नर धनंजय सिंह भदोरिया के निर्देशानुसार आयोजित बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. भरत कुमार, जबलपुर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की क्षेत्रीय संचालक श्रीमती सोलंकी द्वारा की गई बैठक में संभागीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुम्हेश्वर घाट में चला सफाई अभियान

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में विकासखंड नारायणगंज की नवांकुर संस्थाओं प्रस्फुटन समितियों एवं परामर्शदाताओं द्वारा ग्राम पंचायत कुम्हा स्थित कुम्भेश्वर घाट में बल देत नर्मदा माई रे अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया अभियान में दोपहर को घाट की साफ-सफाई कर पॉलीथिन, कपड़े एवं अन्य कचरे सहित लगभग ढाई क्विंटल अपशिष्ट एकत्रित किया गया कार्यक्रम में जबलपुर संभाग के संभाग समन्वयक रवि बर्मन जिला समंवयक राजेंद्र चौधरी तथा विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे स्वच्छता अभियान के बाद आश्रम परिसर में पौधारोपण कर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि विकासखंड नारायणगंज के पांच सेक्टरों की 25 प्रस्फुटन समितियों द्वारा आगामी 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर कलश यात्रा, जल स्रोतों का पूजन, साफ-सफाई एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## बलिदान दिवस पर दी श्रृद्धांजलि

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना आधुनिक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का था। उन्होंने शिक्षा संचार और तकनीक के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल कर देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने सबसे पहले महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण देने की बात उठाई थी तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए अनेक प्रयास किए। इसी क्रम में उनके शहादत दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी मंडला में सभी महिला पदाधिकारियों एवं मातृ शक्तियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

# भीषण गर्मी का कहर: पारा पहुंचा 45 डिग्री पार दिन में सड़कें सूनी और रात भी बेचैनी भरी

मण्डला(स्वतंत्रमत)

इस बार की गर्मी ने अच्छे अच्छों की गर्मी निकाल दी। सुबह से ही तपती तेज धूप से लोग बेहाल हो जाते हैं। दोपहर के समय तो मानों ऐसा लगता है कि आसमान आग उगल रही है। पूरी सड़कें सूनसान हो जाती हैं और कामकाजी लोग जैसे तैसे अपने कामों को निपटाते नजर आते हैं। जानकारों का कहना है कि लगातार पेड़ो की कटाई और पहाड़ो के अवैध उत्खनन से यह हालात निर्मित हुए हैं एक जानकारी के अनुसार विगत 10 सालों में 10 लाख से अधिक पेड़ काटे जा चुकें हैं। कभी सड़क निर्माण के नाम पर तो कभी बांध निर्माण के नाम पर तो कभी अतिक्रमण की आड़ पर वर्षो पुराने पेड़ो को बेहरमी से काट दिया गया है। जिसका नतीजा है कि इस बार की गर्मी लोगों को रूला चुकी हैं। मई का महीना अपने चरम पर है और इस बार गर्मी ने मंडला जिले में बीते कई वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सूरज की तपिश इतनी तेज हो चुकी है कि सुबह 10 बजे के बाद ही सड़कें सूनी नजर आने लगती हैं। दोपहर में ऐसा महसूस हो रहा है मानो आसमान से आग बरस रही हो। जिले में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जिसने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात यह हैं कि लोग दिन में घरों से निकलने से बच रहे हैं वहीं रात में भी गर्म हवाओं के कारण चैन की नींद नहीं मिल पा रही। भीषण गर्मी का असर



केवल इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और जल स्रोतों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। शहर से लेकर गांव तक हर कोई गर्मी से परेशान है। तालाबों और नदियों के किनारे लोगों की भीड़ बढ़ गई है। बच्चे और युवा दोपहर के समय पानी में उतरकर राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी ओर अस्पतालों में उल्टी-दस्त, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### सुबह से ही दिखती तपिश

मंडला में इन दिनों सुबह सूरज निकलते ही गर्मी अपना असर दिखाने लगती है। सुबह 8 बजे के बाद धूप तेज हो जाती है और 11 बजे तक हालात असहनीय होने लगते हैं। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहता है। आमतौर पर चहल-पहल वाले इलाके भी वीरान नजर आने लगे हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। शहर के दुकानदारों का कहना है कि गर्मी की वजह से ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है।

### रात में भी नहीं मिल रही राहत

इस बार गर्मी की सबसे बड़ी परेशानी यह है कि रात में भी तापमान नीचे नहीं उतर रहा। देर रात तक गर्म हवाएं चलती रहती हैं जिससे घरों में उमस बनी रहती है। जिन लोगों के पास कूलर या एसी नहीं हैं उनकी परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कई इलाकों में रात के समय बिजली ट्रिपिंग की समस्या लगातार सामने आ रही है जिससे लोग पूरी रात जागने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और गंभीर बताई जा रही है। गांवों में पर्याप्त बिजली व्यवस्था नहीं होने के



कारण लोग घरों के बाहर या छतों पर रात गुजार रहे हैं।

### स्वास्थ्य पर पड़ा गंभीर असर

भीषण गर्मी का सीधा असर लोगों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों के मुताबिक सबसे ज्यादा समस्या डिहाइड्रेशन, लू, उल्टी-दस्त, चक्कर और बुखार की सामने आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेज धूप में ज्यादा देर रहने से शरीर में पानी की कमी तेजी से होती है। यदि समय पर सावधानी नहीं बरती जाए तो व्यक्ति लू का शिकार हो सकता है। अस्पतालों में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक देखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है।

### जल संकट की भी चिंता

गर्मी बढ़ने के साथ ही कई गांवों में जल संकट की स्थिति बनने लगी है। हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चला गया है और कई कुएं सूखने की कगार पर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पानी भरने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। महिलाएं सुबह-सुबह पानी भरने निकल जाती हैं ताकि तेज धूप से बचा जा सके। कुछ इलाकों में टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं मानी जा रही।

### बिजली कटौती से परेशानी

एक ओर गर्मी चरम पर है दूसरी ओर बिजली की आंख-मिचौली ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर के कई मोहल्लों में रात के समय बिजली ट्रिपिंग और कटौती की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोग रातभर गर्मी में परेशान हो रहे हैं। कूलर और पंखे बंद होते ही घरों में उमस बढ़ जाती है। बिजली विभाग का कहना है कि अत्यधिक लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर और लाइनें प्रभावित हो रही हैं। गर्मी के कारण बिजली की मांग अचानक बढ़ गई है। विभाग की टीमें लगातार सुधार कार्य में लगी हुई हैं लेकिन समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रही। भीषण गर्मी के चलते बाजारों में ठंडे पेय पदार्थ नींबू पानी गन्ने का रस तरबूज खरबूज और खीरे की मांग बढ़ गई है। जगह-जगह लोग ठंडे पेय बेचते दिखाई दे रहे हैं। कई लोग दोपहर में घर से बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ लेकर चल रहे हैं। डॉक्टर भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लेने की सलाह दे रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी है।

### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों तक भीषण गर्मी जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार अभी तापमान में ज्यादा गिरावट की उम्मीद नहीं है। तेज गर्म हवाएं और लू का असर बना रहेगा। लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ते तापमान के कारण हर साल गर्मी का असर और ज्यादा खतरनाक होता जा रहा है।

## फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्थाई वारंट अभियान के तहत थाना टिकरिया पुलिस को सफलता मिली है। थाना टिकरिया के प्रकरण क्रमांक 30/2020 धारा 376(2), 511, 376(2) (5), 450 भारतीय दंड विधान के फरार स्थाई वारंटी इंदर सिंह पिता रणजीत सिंह पट्टा निवासी समनापुर थाना टिकरिया ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले करीब 2




वर्षों से फरार चल रहा था थाना प्रभारी प्रदीप पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार तलाश करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शिवकुमार मरावी तथा आरक्षक दीपक द्विवेदी, प्रकाश जंघेला, अमित सुरेखिया, आशुतोष उपाध्याय एवं चंद्रभान मरावी की भूमिका रही।

## पड़रिया पंचायत में एक साल भी नहीं चली सड़क

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)

जनपद मुख्यालय नारायणगंज से सटी ग्राम पंचायत पड़रिया इन दिनों एक सड़क निर्माण कार्य को लेकर चर्चाओं में है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बनाई गई सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद खराब होने लगी है जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं मामले को लेकर क्षेत्र में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की चर्चाएं तेज हो गई हैं बताया जा रहा है कि यह सड़क जनपद मुख्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण शासकीय कार्यालयों तक पहुंच का प्रमुख मार्ग है। इसी सड़क से प्रतिदिन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का आवागमन होता है। सड़क के आसपास शासकीय पशु चिकित्सालय, बीआरसी भवन, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, किसान कार्यालय, आईटीआई कार्यालय तथा लोक सेवा केंद्र जैसे महत्वपूर्ण संस्थान संचालित हैं इसके बावजूद सड़क की हालत बेहद खराब बताई जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने और तकनीकी मापदंडों की अनदेखी किए जाने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर जगह-जगह



दरारें और उखड़ाव दिखाई देने लगे हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि जब जनपद मुख्यालय के समीप स्थित पंचायत में इस प्रकार के निर्माण कार्य हो रहे हैं तो दूरस्थ ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की स्थिति क्या होगी लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई मांग की है क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि शासन द्वारा ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं लेकिन यदि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता नहीं रहेगी तो विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित रह जाएंगे संबंधित विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराता है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## आतंकवाद विरोध दिवस पर शपथ



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा आतंकवाद विरोध दिवस मनाया गया और सदस्यो द्वारा विश्व आतंकवाद समस्या को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये गए जिसमे मुख्य रूप से कहा गया कि आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है जो मानवता के लिए गम्भीर समस्या है इस समस्या से हम सभी को एक साथ एक जुट होकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानते हुए निस्वार्थ भाव से सामना करना होगा हमे आतंकवाद के विरोध एक साथ खड़ा होना साथ ही उन विचारों और परिस्थितियों को भी खत्म करना होगा जो आतंकवाद को जन्म देती है समिति योग प्रणायाम स्वदेशी चिकित्सा स्वदेशी शिक्षा के माध्यम से देश को आतंकवाद और आर्थिक आतंकवाद से बचाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। उन सभी आतंकवाद के कारण अपना जीवन समाप्त करने वालो के प्रति श्रृद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सुनील बाली रामगोपाल पटेल, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र सोनी, रामकुमार साहू ,अरविंद ज्योतिषी विनोद पटेल, वीरेंद्र चौरसिया, दिवाकर दत्त पांडे एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## टीडब्ल्यूटीए ने सीएम को लिखा पत्र

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बीएड धारक नवीन प्राथमिक शिक्षकों की 3 वर्ष की परिवीक्षा अवधि को शीघ्र सशर्त समाप्त करने की मांग को लेकर टीडब्ल्यूटीए द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है पत्र में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के हजारों नवीन प्राथमिक शिक्षक विगत तीन वर्षो से पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विभाग द्वारा परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है जो स्वागत योग्य कदम है किन्तु बीएड धारक शिक्षकों के समक्ष पहले 6 माह के ब्रिज कोर्स की अनिवार्यता का अड़ंगा लगा दिया गया है ज़बकि उन्होंने भर्ती नियमों के अनुरूप परीक्षा उत्तीर्ण कर नियुक्ति प्राप्त की थी और 3 वर्ष की परिवीक्षा भी उन्होंने निर्विघ्न पूर्ण कर ली है अब रहा सवाल ब्रिज कोर्स का तो इसका समय पर आयोजन कराना विभाग शासन की जिम्मेदारी थी लेकिन ऐसा न होने का दुष्परिणाम शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है इस स्थिति के कारण हजारों शिक्षक आर्थिक एवं मानसिक दबाव से गुजर रहे हैं ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डी के सिंगौर और प्रान्त सचिव हेमेंद्र मालवीय ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शासन से मांग की गई है कि जिन बी.एड. धारक शिक्षकों ने ब्रिज कोर्स हेतु नामांकन कर शुल्क जमा कर दिया है उनकी परिवीक्षा अवधि तत्काल सशर्त समाप्त की जाए।

## बाबडी का कायाकल्प

मण्डला(स्वतंत्रमत)। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में 19 मार्च से 5 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा हैं। म.प्र. जन अभियान परिषद् जिला के माध्यम से अनेक कार्यक्रम हुये हैं जिसमें से एक महत्वपूर्ण कार्य रहा महाराजपुर संगम स्थित प्राचीन बाबडी की सफाई का कार्य बाबडी का निर्माण कार्य ईस्वीं सन 1890 का बताया जाता हैं

## जनजातीय सांस्कृतिक समागम दिल्ली में

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जनजाति सुरक्षा मंच महाकौशल द्वारा 24 मई को दिल्ली के लाल किला मैदान में आयोजित होने वाले जनजातीय सांस्कृतिक समागम को लेकर व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी क्रम में 16 मई को क्षेत्र संगठन मंत्री सुभाष बडोले के मंडला प्रवास के दौरान आगामी यात्रा एवं एकत्रीकरण की कार्ययोजना बनाई गई बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी कार्यकर्ता एवं आत्मीय बन्धु बहिनें 22 मई की रात्रि 9 बजे तक नैनपुर रेलवे स्टेशन स्थित ऑटोटोरियम में भोजन पूर्वक पहुंचेंगे सभी सहभागी 23 मई को प्रातः 9 बजे नैनपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे नैनपुर रेलवे स्टेशन पर विश्राम एवं भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई है सभी खण्ड एवं प्रखण्डों में वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा संबंधित कार्यकर्ताओं को समय पूर्व सूचना प्रदान की जाएगी। कार्ययोजना के अनुसार एकत्रीकरण स्थल एकलव्य बालक छात्रावास बिछिया यहां से शाम को नैनपुर के लिए प्रस्थान किया जाएगा। इसमें शामिल विकासखण्ड मवई विकासखण्ड बिछिया विकास खण्ड एकत्रीकरण स्थल सरस्वती शिशु मंदिर लालीपुर मंडला यहां से भी शाम को नैनपुर प्रस्थान होगा ।

## मधुमक्खी संरक्षण कार्य जिले का गौरव बनेगा : प्रफुल मिश्रा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नाबार्ड और सेंटर ऑफ डिस्कवरी फॉर विलेज डेवल पमेंट सीडीवीडी के संयुक्त तत्वाधान में अन्तराष्ट्रीय मधुमक्खी दिवस को नए अंदाज में मनाने का प्रयास किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रफुल मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज इस आयोजन से बहुत कुछ सीखने को मिला और नाबार्ड के साथ सीडीवीडी संस्था मधुमक्खी के संरक्षण को लेकर जो नवाचार कर रही है वो जिले का गौरव बनेगा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि यह मधुमक्खी के क्षेत्र में इतना बड़ा काम कही और होते हुए नहीं देखा संस्था के इस प्रयास से हमारे




स्थानीय लोगो को रोजगार मिल रहा है नाबार्ड के डीडीएम् देवब्रत पाल ने नाबार्ड एवं शहद परियोजना की विस्तृत जानकारी दी और बताया की हम लगातार विभिन्न परियोजना गतिविधि यों के माध्यम से जिले में अलग अलग तरह से विकासात्मक कार्य कर रहे है उन्होंने बताया कि हमारे वनों और मधुमक्खियों की रक्षा करने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए सतत विकास अत्यंत आवश्यक है संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने पीपीटी के माध्यम से मधुमक्खी संरक्षण की जानकारी और मधुमक्खी महत्त्व को समझाया जिले में नाबार्ड के सहयोग से किये जा रहे नवाचार एवं हनी हन्टर्स की समस्या को सरल तकनीकी को बदलने और सुरक्षित शहद निकालने की तकनीकी को समझाया कृषि विभाग की डिप्टी डायरेक्टर मधु अली ने अपने उद्बोधन में बताया कि कृषि उत्पादन मधुमक्खी मक्खी के परागी करण से बढ़ जाता है सुविधा और बीमा के बारे में बताया गया डाइरेक्टर राजेश राय ने विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के बारे में बताया पर्यावरण विशेषज्ञ राजेश क्षत्री ने मधुमाखी और पर्यावरण के रिश्ते को बहुत सुन्दर तरीके से बताया संस्था के डायरेक्टर निशार कुरैशी ने घोषणा की आज से अब मधुमक्खी के संरक्षण करने वाले लोगो को मधुमक्खी मित्र के सम्मान से सम्मानित किया जायेगा आज ग्राम कांडरा से पुरषोत्तम उइके एवं काशीराम और हर्रा टोला से क्लार सिंह परस्ते को मधुमक्खी सम्मान को श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया ।

## भीषण गर्मी और बिजली संकट से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता परेशान लो-वोल्टेज ने बढ़ाई मुश्किलें

नैनपुर(स्वतंत्र मत)

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आता है, वहीं घरों में भी लोग गर्मी से राहत पाने के लिए जूझते दिखाई दे रहे हैं। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के चलते हालात दिन-ब-दिन और विकट होते जा रहे हैं।

गर्मी के इस प्रकोप के बीच बिजली विभाग की अनियमित आपूर्ति ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। नगर में बार-बार हो रही बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता खासे त्रस्त हैं। स्थिति यह है कि जब लोगों को सबसे ज्यादा बिजली की आवश्यकता होती है, उसी समय बिजली गुल हो जाती है। इससे न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि छोटे व्यवसाय भी संकट में आ गए हैं।

लगातार बढ़ती गर्मी के कारण एयर कूलर और पंखे भी बेअसर साबित हो रहे हैं। कई वार्डों में लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे विद्युत उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे। नागरिकों का कहना है कि रात के समय भी बिजली की कटौती और कम वोल्टेज के कारण उमस भरी गर्मी में राहत नहीं मिल पा रही है, जिससे नींद पूरी नहीं हो रही और स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ रहा है।

बढ़ते तापमान के साथ बिजली की मांग और खपत में तेजी आई है, लेकिन इसके अनुरूप आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नागरिकों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति को नियमित किया जाए और लो-वोल्टेज की समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि इस भीषण गर्मी में लोगों को कुछ राहत मिल सके।

गौरतलब है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो आम जनता का आक्रोश और बढ़ सकता है। फिलहाल लोग गर्मी और बिजली संकट के दोहरे मार से जूझने को मजबूर हैं।

संपादकीय

# ऐसे मुद्दों को दफन करें

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने जब से मध्यप्रदेश की भोजशाला को 'हिंदू मंदिर' करार दिया है और मां वाग्देवी के भक्तों को पूजा-पाठ का अधिकार बहाल किया है तभी से भोजशाला में 'अयोध्या' जैसा माहौल है। कुछ मायनों में यह अदालती फैसला भी 'अयोध्या' सरीखा लगता है। फर्क इतना-सा है कि अयोध्या में प्रभु राम के भव्य मंदिर के पक्ष में सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने फैसला दिया था, वहीं धार भोजशाला के 'मां सरस्वती मंदिर' के पक्ष में मप्र उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। वहां देवी मां सरस्वती की प्रतिकृति प्रतिमा स्थापित की गई है। वाग्देवी की असली प्रतिमा लंदन के एक म्यूजियम में रखी गई है। यह प्रतिमा ब्रिटिश काल के दौरान खुदाई में मिली थी, जिसे अंग्रेज लंदन ले गए थे। अब मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने भारत सरकार को दायित्व सौंपा है कि वह ब्रिटेन से पवित्र प्रतिमा वापस लाए और उसे नए सिरे से धार भोजशाला में स्थापित किया जाए। उस क्षण से हिंदू आस्थावानों के पांव थम नहीं रहे हैं। बच्चे से बूढ़े तक सभी श्रद्धालु थिरक रहे हैं और उल्लासमय हैं। भोजशाला का शुद्धिकरण किया गया है। हवन कुंड में फिर अग्नि प्रज्वलित हुई है। मिष्ठान्न खाए और खिलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोजशाला में वाग्देवी की प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह को अयोध्या सरीखा मनाने का बयान दिया है। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती, बल्कि विश्लेषण यहां से शुरू होता है। हम कई बार यह स्पष्ट कर चुके हैं कि जो आक्रांता, लुटेरे, हत्यारे भारत में आए, असंख्य हिंदू मंदिर तोड़ कर मस्जिदें बनवाईं, बलात् धर्मान्तरण कराए, ऐसे मुद्दों और घटनाओं को आज दफन कर देना चाहिए। अतीत के करीब 1000 साल पुराने विवादों की आज प्रासंगिकता क्या है? आज सेमीकंडक्टर चिप, डिजिटल, अंतरिक्ष का दौर है, हम चांद और मंगल पर भी पहुंच चुके हैं। आक्रांताओं, लुटेरों और नरसंहारक चेहरों के इतिहास भी आज के पाठ्यक्रमों में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उनसे युवा छात्र क्या प्रेरणा लेंगे? खून और हत्याओं के इतिहास पढ़ाने से बच्चों को हासिल क्या होगा? बल्कि इनसे देश के संप्रदायों के दरमियान खाइयां चौड़ी होती हैं, फासले बढ़ते हैं, नफरत के साथ-साथ हिंसा के माहौल भी बनते हैं। हम मुस्लिम समाज से भी अपेक्षा करते हैं कि वह मंदिर-मस्जिद विवादों पर जिद न करे। दुनिया में भारत ऐसा गैर-इस्लामी देश है, जहां मस्जिदों की संख्या 3-6 लाख है। ये भारत की धर्मनिरपेक्षता और समभाव को भी साबित करती हैं। लेकिन आज भी काशी का ज्ञानवापी विवाद, लखनऊ की टीले वाली मस्जिद, मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम ईदगाह विवाद, संभल की जामा मस्जिद, दिल्ली के ऐतिहासिक कुतुबमीनार और जामा मस्जिद आदि कई धार्मिक स्थल विवाद अदालतों में लटक और भटक रहे हैं। इस धार्मिक असहिष्णुता और टकराहट की जरूरत क्यों है? ऐसे में भोजशाला को अदालत ने 'हिंदू मंदिर' करार दिया है, तो यह भारत की वैचारिक, सांस्कृतिक और सनातनी विरासत पर कानून की मुहर है, आस्थाओं की जीत है। धार्मिक स्वतंत्रता हिंदुओं का भी संवैधानिक मौलिक अधिकार है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने जिन स्मारकों, धरोहरों, धर्मस्थलों को 'संरक्षित' करके रखा है, उन्हें निर्विवाद किया जाना चाहिए। भोजशाला के परिसर का कोना-कोना, चप्पा-चप्पा, दीवारें, स्तंभ और शिलालेख बिल्कुल स्पष्ट करते हैं कि वह हिंदू मंदिर का ही स्थापत्य था, लिहाजा आज भी हिंदू मंदिर ही है। फिर मुस्लिम समाज 'मौला मस्जिद' होने, अर्थात एक और बाबरी तलाशने, की कोशिश क्यों कर रहा है? पुराने मुगल आक्रांता, लुटेरे मौजूदा भारतीय मुसलमानों के 'आदर्श' नहीं हो सकते। इस आधार पर आत्ममंथन करके देखिए।

## अपराधमुक्त राजनीति से ही

# संभव है नया भारत-विकसित भारत



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत आज एक ऐतिहासिक संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व राजनीति और कूटनीति के केंद्र में उभर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय राजनीति में अपराध, धनबल और बाहुबल की बढ़ती पैठ लोकतंत्र की आत्मा को आहत कर रही है। यह विडंबना ही है कि जिस भारत को विश्वगुरु बनने का स्वप्न दिखाया जा रहा है, उसकी राजनीति अभी भी अपराधमुक्त नहीं हो सकी है। हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद सामने आए आंकड़ों ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। समाचार पत्रों में प्रकाशित एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) की रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा के लगभग 65 प्रतिशत विधायक आपराधिक मामलों वाले हैं, जबकि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार 294 विधायकों में से 190 विधायकों ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले घोषित किए हैं तथा लगभग 142 विधायकों पर गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, महिलाओं के विरुद्ध अपराध और अन्य गंभीर मामले भी शामिल हैं।

यह केवल पश्चिम बंगाल की स्थिति नहीं है। संसद और देश की अनेक विधानसभाओं की स्थिति भी इससे बहुत अलग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों के चुनावी विश्लेषण बताते हैं कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों में बड़ी संख्या में ऐसे जनप्रतिनिधि चुनकर आए हैं जिन पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं। लोकतंत्र के मंदिरों में अपराध और दागी छवि वाले लोगों की बढ़ती उपस्थिति आज राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। राजनीति मूलतः लोकसेवा, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम मानी गई थी। महात्मा गांधी, जयप्रकाश नारायण, लाल बहादुर शास्त्री, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं ने राजनीति को मूल्य आधारित दिशा दी। लेकिन समय के साथ राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता का स्थान धीरे-धीरे चुनावी गणित, धनबल और प्रभावशाली समूहों ने लेना शुरू कर दिया। आज कई राजनीतिक दल उम्मीदवार चयन में योग्यता, चरित्र और जनसेवा की बजाय जीतने की क्षमता को प्राथमिकता देते दिखाई देते हैं। यही कारण है कि दागी छवि वाले व्यक्तियों को भी टिकट देने में संकोच नहीं किया जाता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की राजनीति में आने के बाद अनेक मंचों से राजनीति के अपराधीकरण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने संसद में और सार्वजनिक मंचों पर कई बार कहा कि राजनीति को अपराधमुक्त बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया। किंतु चिंता का विषय यह है कि आज भी लगभग सभी राजनीतिक दलों की स्थिति समान दिखाई देती है। चुनाव जीतने की मजबूरी और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के कारण दल अपराधी और दागी उम्मीदवारों को टिकट देने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति के पीछे कई कारण हैं। पहला कारण है चुनावों का अत्यधिक खर्चीला होना। आज चुनाव लड़ना सामान्य व्यक्ति की क्षमता से बाहर होता जा रहा है। बड़े संसाधनों वाले और आर्थिक रूप से प्रभावशाली लोग चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय हो रहे हैं। दूसरा कारण है बाहुबल और प्रभाव का उपयोग। कई क्षेत्रों में आज भी राजनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए शक्ति प्रदर्शन को महत्वपूर्ण माना जाता है। तीसरा कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों के वर्षों तक लंबित रहने के कारण आरोपी चुनाव लड़ते रहते हैं और जनप्रतिनिधि बन जाते हैं।




राजनीति में अपराधीकरण का दूसरा बड़ा पक्ष है धनबल। पश्चिम बंगाल विधानसभा के आंकड़े बताते हैं कि 61 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह प्रवृत्ति पूरे देश में दिखाई देती है। संसद और विधानसभाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रश्न यह है कि क्या लोकतंत्र धीरे-धीरे सामान्य नागरिक की पहुंच से दूर होता जा रहा है? यदि राजनीति केवल धनवान और प्रभावशाली वर्गों तक सीमित हो जाएगी तो लोकतंत्र की समावेशी भावना कमजोर होगी।

इन परिस्थितियों में नागरिक समाज और लोकतांत्रिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारतीय मतदाता संगठन इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहा है। इसके संस्थापक रिखबचंद जैन के नेतृत्व में लंबे समय से राजनीति को स्वच्छ और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में जनजागरण अभियान चलाए जा रहे हैं। संगठन मतदाता जागरूकता, नैतिक मतदान, स्वच्छ राजनीति और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। लोकतंत्र को केवल चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि मूल्य आधारित व्यवस्था मानते हुए यह संगठन समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है कि मतदाता केवल जाति, धर्म, क्षेत्र या दलगत निष्ठा के आधार पर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के चरित्र और सार्वजनिक जीवन को देखकर मतदान करें। इसी प्रकार एडीआर (ऐसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपोर्ट) जैसे संगठन भी चुनावी पारदर्शिता और जनप्रतिनिधियों की पृष्ठभूमि सार्वजनिक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इन संगठनों के कारण आज मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों, संपत्ति और शिक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध हो रही है। यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

राष्ट्रीय चुनाव आयोग भी इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद राजनीतिक दलों को उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए हैं। उम्मीदवारों को शपथपत्र में अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि, संपत्ति और देनदारियों की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। चुनाव आयोग लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। किंतु केवल औपचारिक प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इन प्रयासों को अधिक तीव्र, व्यापक और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। आज आवश्यकता है कि राजनीति के अपराधीकरण के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन खड़ा किया जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम आवश्यक हैं- पहला, जिन उम्मीदवारों पर हत्या, बलात्कार, अपहरण, भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप न्यायालय द्वारा तय हो चुके हों, उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने पर गंभीर विचार होना चाहिए। दूसरा, जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों के त्वरित निपटान हेतु विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि वर्षों तक मुकदमे लंबित न रहें। तीसरा, राजनीतिक दलों को दागी उम्मीदवारों को टिकट देने पर जवाबदेह बनाया जाए। उन्हें सार्वजनिक रूप से बताना चाहिए कि स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार उपलब्ध होने के बावजूद दागी व्यक्ति को क्यों चुना गया। चौथा, चुनावी खर्च पर कठोर नियंत्रण और पारदर्शिता लाई जाए ताकि सामान्य और योग्य नागरिक भी राजनीति में प्रवेश कर सकें। पांचवां, मतदाता जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए। जब तक मतदाता स्वयं दागी उम्मीदवारों को अस्वीकार नहीं करेंगे, तब तक सुधार अधूरा रहेगा।

भारत आज जिस दिशा में बढ़ रहा है, वहां राजनीति की शुचिता और नैतिकता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यदि हम 2047 तक विकसित भारत बनना चाहते हैं, यदि हमें विश्वगुरु बनना है, यदि भारत को वैश्विक नेतृत्व करना है, तो राजनीति को अपराध और धनबल के प्रभाव से मुक्त करना ही होगा। आर्थिक शक्ति, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा तभी सार्थक होगी जब लोकतंत्र की आत्मा सुरक्षित रहेगी। राजनीति का उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, समाज निर्माण होना चाहिए। लोकतंत्र केवल वोटों का गणित नहीं, बल्कि विश्वास, नैतिकता और जनप्रतिनिधित्व की पवित्र व्यवस्था है। यदि राजनीति अपराधमुक्त होगी तो शासन अधिक पारदर्शी होगा, जनता का विश्वास बढ़ेगा और राष्ट्रनिर्माण की गति भी तेज होगी।

आज आवश्यकता केवल सरकारों या चुनाव आयोग के प्रयासों की नहीं है, बल्कि समाज, मतदाता संगठनों, नागरिक संस्थाओं, मीडिया और जागरूक नागरिकों के संयुक्त अभियान की है। भारतीय मतदाता संगठन जैसे प्रयास इसी दिशा में आशा की किरण हैं। इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्वरूप देने की जरूरत है। भारत के विकसित भविष्य की आधारशिला केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि स्वच्छ राजनीति भी है। क्योंकि अपराधमुक्त राजनीति ही विकसित भारत, समृद्ध भारत और विश्वगुरु भारत की वास्तविक पहचान बन सकती है।

# ट्रम्प के हाथ खाली



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार अपनी दादागिरी से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मचाए हुए हैं। उनके हर वक्तव्य के बाद तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है। पलभर में शेयर बाजार धराशायी होते हैं, फिर उनके किसी बयान पर शेयर बाजार सम्भलता है। एक व्यक्ति के अहंकारी रवैये का खामियाजा पूरी दुनिया झेल रही है। इससे स्पष्ट है कि युद्धों के चलते जटिल हो चुकी दुनिया कई खेमों में बंट चुकी है और युद्धों के खिलाफ जो सामूहिक आवाजें उठनी चाहिए थी वह गायब हैं। युद्धों के दौरान भी वैश्विक शक्तियां कूटनीतिक स्तर पर नए सम्पर्क तलाश रही हैं। चीन दौरे से लौटने के बाद ऐसी मीडिया रिपोर्टें आ रही थीं कि मिडिल ईस्ट में फिर से घमासान होगा। हथियारों से भर कर अमेरिकी विमान इजराइल पहुंच चुके हैं। अमेरिका और इजराइल एक बार फिर ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर चुके हैं लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान पर हमले को टाल दिया। पश्चिमी मीडिया से लेकर एशियाई मीडिया तक ऐसी खबरें हवा में तैरने लगी कि अमेरिका ने चीन के डर से ईरान पर हमला टाल ?दिया है। जबकि दूसरी ओर ऐसी खबरें भी उछली कि ट्रम्प ने चीन के डर से नहीं बल्कि खाड़ी देशों कतर, सऊदी अरब और यूएई के कहने और पेंटागन की रणनीतिक रिपोर्टों के बाद ईरान पर हमले को टाला है। पर्दे के पीछे से चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता की खबरें भी आ रही हैं कि ईरान द्वारा रखी गई शर्तों को?ट्रम्प ने ठुकरा दिया है।

ईरान ने जब्त सम्पत्ति की वापसी और संवर्धित यूरेनियम वापिस न करने की शर्त रखी है। ईरान भी लगातार चेतावनी दे रहा है कि अगर उस पर दोबारा हमला हुआ तो वह न केवल खाड़ी देशों पर हमले करेगा बल्कि अमेरिकी जहाजों को भी निशाना बनाएगा। ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात यानि यूएई के परमाणु ठिकाने पर हमला कर अपनी धमकी का खतरनाक प्रभाव दिखा दिया है। अगर ईरान का मिसाइल और ड्रोन अटैक यूएई के परमाणु ठिकाने के भीतर होता तो स्थितियां बहुत भयानक होतीं। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान की मिसाइल क्षमता अब भी बरकरार है। ट्रम्प के आक्रामक बयानों के बावजूद अमेरिकी सेना हमले के लिए अभी भी पूरी तरह तैयार दिखाई नहीं देती। अमेरिका के मित्र खाड़ी देश ईरान के हमलों से डरे बैठे हैं। खाड़ी देशों का मानना है कि कोई न कोई समझौता जल्द हो जाना चाहिए। अमेरिका और ईरान के टकराव को लेकर चीन ने भी खुलकर बातचीत का समर्थन किया है। पेंटागन ने डोनाल्ड ट्रम्प को अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कर दिया है कि ईरान के खिलाफ युद्ध से अमेरिका के रक्षा संसाधन सीमित हो सकते हैं जिसका फायदा चीन ताइवान जैसे क्षेत्रों में उठा सकता है। ट्रम्प भले ही चीन यात्रा के बाद बीजिंग को साध लेने के संकेत दे लेकिन ड्रैगन को काबू करना बहुत मुश्किल है।

कौन नहीं जानता कि चीन की तीसरी आंख से ही ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों को चुन-चुन कर दहलाया है। पेंटागन जानता है कि पूरे मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सैन्य ठिकानों की पोजीशन को ट्रैक करने के लिए चीन के ही सैटेलाइट का इस्तेमाल हुआ है। चीन के सैटेलाइट ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस से लेकर यूएई, जार्डन, बहरीन स्थित अमेरिकी ठिकानों की जानकारी ईरान को उपलब्ध कराई थी। जिनपिंग और ट्रम्प की शिखर वार्ता व्यापार से लेकर ताइवान तक मतभेदों वाले मुद्दों पर बिना किसी स्पष्ट प्रगति के समाप्त हुई। जिनपिंग ने ट्रम्प को दो टूक कहा कि ताइवान में अमेरिकी हस्तक्षेप हुआ तो मामला संघर्ष का रूप ले सकता है। अमेरिका लगातार ताइवान को हथियार दे रहा है। कुछ व्यापारिक समझौतों और टैरिफ पर अस्थाई युद्ध विराम के अलावा ट्रम्प को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान युद्ध के बाद भी ट्रम्प के हाथ खाली हैं। दरअसल ट्रम्प ईरान युद्ध के बाद अपनी शर्तों पर समझौता करके अमेरिकी जनता को यह? दिखाना चाहते हैं कि दुनिया में ट्रम्प की धाक है। चुनावों में वह तभी जनता को अपना चेहरा दिखा पाएंगे। अमेरिका के भीतर लगातार उनके खिलाफ आवाजें उठ रही हैं और ट्रम्प की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन गिर रही है। युद्ध में चीन अमेरिका को डरा नहीं रहा बल्कि डिप्लोमैटिक गेम खेल रहा है।

चीन ईरान से अपना 90 फीसदी तेल खरीदता है और उसने स्पष्ट कर दिया है कि वह ईरान से अपना तेल खरीदना जारी रखेगा। ईरान के हमलों से असुरक्षित महसूस कर रहे खाड़ी देश अब हथियारों के लिए चीन की तरफ रुख कर रहे हैं, क्योंकि वे अपनी हवाई सुरक्षा को मजबूत करना चाहते हैं। चीन लगातार खाड़ी देशों में अपनी पैठ बढ़ा रहा है। खाड़ी देश तनाव न बढ़ाने के पक्ष में हैं क्योंकि वे ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के सीधे निशाने पर हैं। छन-छन कर आ रही रिपोर्टों में तो यह भी कहा जा रहा है कि ईरान के साथ चले टकराव के कारण अमेरिका के महंगे मिसाइल इंटरसैप्टर और गोला बारूद का बड़ा हिस्सा खत्म हो चुका है। यही कारण है कि ट्रम्प बार-बार हमले को टाल रहे हैं। ट्रम्प की दादागिरी महज दिखावटी है। पेंटागन अभी भी ईरान की ताकत का आंकलन कर रहा है। अगर कोई सम्मानजनक डील नहीं होती तो ट्रम्प के पास ईरान पर सैन्य हमले का ही विकल्प बचेगा लेकिन इस हमले के बाद पूरे वैश्विक बाजार में तबाही मच जाएगी। बेहतर यही होगा कि ट्रम्प अपनी मनमानी छोड़ कूटनीतिक वार्ताओं से मसले को हल करें। अन्यथा दुनिया की बड़ी आबादी को गरीबी की दलदल में धकेलने के लिए वे एकमात्र जिम्मेदार होंगे।

# मनुष्य को अवसर अपने भीतर खोजने होते हैं

प्रकृति किसी को उसकी निष्क्रियता के लिए दोष नहीं देती। यही जीवन का गहरा सत्य है। इसलिए, मेरे जीवन का संदेश यही है कि अपने भाग्य को पढ़ें, जो सामने है, उसे पहचानें, और निडर होकर भविष्य की ओर बढ़ें। जब हम केवल पुस्तकों तक सीमित हो जाते हैं, चाहे वे कितनी ही श्रेष्ठ और शास्त्रीय क्यों न हों, और केवल लिखी हुई भाषाओं के माध्यम से ही दुनिया को समझने की कोशिश करते हैं, तब हम उस गहरी और प्राकृतिक भाषा को भूलने लगते हैं, जो प्रकृति, घटनाओं और जीवन के अनुभवों के जरिये बिना शब्दों के भी बहुत कुछ सिखाती है। दुनिया में बहुत कुछ लिखा जाता और प्रकाशित होता है, पर बहुत कम बातें ऐसी होती हैं, जो वास्तव में हमारे जीवन व मन पर गहरा असर छोड़ पाती हैं। जैसे खिड़की से आती सूरज की रोशनी तभी साफ दिखाई देती है, जब खिड़की पूरी तरह खुली हो, वैसे ही सत्य को भी हम तभी सही रूप में समझ पाते हैं, जब अपने मन को पूरी तरह खोलकर उसे देखने व स्वीकार करने का साहस करते हैं।

इतिहास, दर्शन, कविता, समाज और जीवनशैली, चाहे कितने ही श्रेष्ठ क्यों न हों, इन सबकी तुलना उस साधना से नहीं की जा सकती, जिसमें हम हर पल सामने उपस्थित सत्य को देखने का अभ्यास करते हैं। सवाल यह है कि क्या हम केवल पाठक बनकर रह जाएंगे, या एक सच्चे दृष्टा बनेंगे?

मैंने अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण समय में पुस्तकों का सहारा नहीं लिया, बल्कि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाया और खेतों में काम किया। कई बार तो मैंने इससे भी अधिक मूल्यवान अनुभव प्राप्त किए। ऐसे क्षण भी आए, जब मुझे लगा कि वर्तमान के उस खिले हुए सौंदर्य को किसी भी कार्य के लिए छोड़ना उचित नहीं। मुझे अपने जीवन में विस्तार और खुलापन पसंद है। कई बार गर्मियों की सुबह, स्नान के बाद, मैं अपने द्वार पर बैठकर सूर्योदय से दोपहर तक विचारों में डूबा रहता, पेड़-पक्षियों और निस्तब्धता के बीच। वे क्षण मेरे लिए अत्यंत समृद्ध थे, मानो मैं रातों-रात फसल की तरह विकसित हो रहा हूं। यह समय मेरे जीवन से घटा नहीं, बल्कि उसमें अतिरिक्त रूप से जुड़ गया। मैंने समझा कि पूर्व के दार्शनिक जिस ध्यान और कर्म-त्याग की बात करते हैं, उसका अर्थ क्या है।

अधिकांश समय मुझे यह भी ज्ञात नहीं होता था कि समय कैसे बीत रहा है। दिन अपने आप आगे बढ़ता, जैसे किसी कार्य को खुद ही करने के लिए आया हो, पर अंततः शाम हो जाती और कोई विशेष कार्य संपन्न ही नहीं होता। फिर भी, उस शांति में, उस मौन में, मैं भीतर से संतुष्ट था। मेरे दिन घड़ी के समय या सामाजिक बंधनों में नहीं बंधे थे, बल्कि वे स्वतंत्र और सहज प्रवाह में जिए जा रहे थे। दूसरों को यह निष्क्रियता प्रतीत हो सकती है, पर यदि प्रकृति मुझे परखे, तो मैं अपने आप को उसके अनुरूप पाता हूं। इसीलिए, मेरा मानना है कि मनुष्य को अवसर अपने भीतर खोजने होते हैं। प्रकृति किसी को उसकी निष्क्रियता के लिए दोष नहीं देती। यही जीवन का गहरा सत्य है। इसलिए मेरे जीवन का संदेश यही है कि अपने भाग्य को पढ़ें, जो सामने है, उसे पहचानें, और निडर होकर भविष्य की ओर बढ़ें।

**-'वाल्डेन' के अनूदित अंश**

# आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में कराहती पृथ्वी



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'
लेखक/पत्रकार

1970 में शुरू हुआ ये दिन हमें याद दिलाता है कि हमारे पास रहने के लिए सिर्फ एक ही ग्रह है। पर आधुनिक विकास की चकाचौंध में हमने अपनी धरती माँ को आई सी यू में पहुंचा दिया है। बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, 6 लेन हाईवे बन रहे हैं, पर उसी के नीचे से जमीन का पानी, साफ हवा और हरियाली गायब हो रही है।22 अप्रैल पृथ्वी दिवस की थीम 'Planet vs. Plastics' के बीच ग्लोबल वॉर्मिंग, घटता भूजल और खत्म होते जंगल-क्या यही है विकास? ये कैसा विकास है, जो हमारी पृथ्वी को लील रहा है, हमारी खूबसूरत धरती को ये आधुनिक विकास का ग्रहण थोड़ा थोड़ा रोज़ खा रहा है।

## आंकड़े जो बता रहें हैं संकट कितना भयावह

**गर्म होती धरती**- वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल आर्गनाइजेशन के मुताबिक 2025 अब तक का सबसे गर्म साल रहा। भारत में मार्च-अप्रैल में ही पारा 46एष्ट पार कर गया। जबलपुर में 15 साल में गर्मी के दिन 20 प्रतिशत बढ़ गए।

**प्यासा भूजल**- केंद्रीय भूजल बोर्ड कहता है कि देश के 30 प्रतिशत जिले 'डार्क जोन' में हैं। पंजाब-हरियाणा में 300 फीट पर भी पानी नहीं। एमपी में भी नर्मदा किनारे के 4 जिलों में वाटर लेवल हर साल 1.5 मीटर नीचे जा रहा है।

**मरते जंगल**- फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया 2024 के अनुसार भारत में हर घंटे 3 हेक्टेयर जंगल कट रहा है। विकास परियोजनाओं के नाम पर 2014-2024 में 1.5 लाख हेक्टेयर जंगल की बलि चढ़ी। हाइवे और फ्लाई ओवर बनाने में सैकड़ों पेड़ कटे, पर बदले में जो पौधे लगे वो कागजों में ही हरे हैं।

**प्लास्टिक का पहाड़**- इस साल की थीम Planet vs. Plastics है। दुनिया हर साल 40 करोड़ टन प्लास्टिक बनाती है। भारत अकेले 35 लाख टन। नर्मदा में जबलपुर के पास हर दिन 2 टन प्लास्टिक बह रहा है। ये 500 साल तक नहीं गलता।

## आधुनिक विकास ने कैसे दिया संकट?

**कंक्रीट का जंगल**- स्मार्ट सिटी के नाम पर तालाब पाटकर बिल्डिंगें बना दीं। जबलपुर में 1980 में 52 तालाब थे, अब 18 बचे। बारिश का पानी जमीन में जाने की जगह नालों से बह जाता है। नतीजा-एक तरफ बाढ़, दूसरी तरफ सूखा।

**हाईवे पर हावी विनाश**- एनएच-34 शहपुरा फ्लाई ओवर की दरारों से पीपल उग आए। ये बताता है कि सीमेंट-सरिए की उम्र घट रही है। बरगी डैम हादसे ने दिखाया कि मेंटेनेंस के बिना विकास मौत का पुल बन जाता है।

**ए सी की ठंडक, धरती की गर्मी**- हर घर ए सी हर हाथ में कार। 2025 में भारत में ए सी की बिक्री 1 करोड़ पार। ए सी जितनी बिजली खाता है, उतने में 5 गरीब घर रोशन हो सकते हैं। वहीं ए सी से निकलने वाली सी एफ सी गैसें ओजोन परत को नुकसान पहुंचा रहीं हैं आपको पता होना चाहिए ये वही परत है को सूर्य की हानिकारक गैसों से हमें बचाती हैं। हानिकारक गैसों से इस परत में आस्ट्रेलिया जितना बड़ा छेद हो गया है, जो बेहद चिंता का विषय है।

**खेत से फैक्ट्री तक जहर**- ज्यादा उत्पादन के लिए खेतों में केमिकल, नदियों में फैक्ट्री का वेस्ट। नर्मदा का पानी जबलपुर में कई जगह न नहाने लायक बचा, न पीने लायक।

## विकास चाहिए, विनाश नहीं

**टूटी बाउंड्री, बहता गंदा पानी**- कचरा-सीवेज सीधे जमीन में जा रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन में करोड़ों लगे, पर बेसिक ड्रेनेज फेल।

**फ्लाई ओवर पर उगते पीपल**- हाईवे पर बने नए फ्लाई ओवर पर पेड़ उगना बता रहा है कि 'विकास' सिर्फ उद्घाटन तक है। उसके बाद रखरखाव कौन देखे?

**समाधान**- 'विकास' की परिभाषा बदलनी होगी

पृथ्वी दिवस सिर्फ पौधा लगाकर सेल्फी लेने का दिन नहीं है, जो पौधे लगाए हैं उनकी परवरिश जरूरी है। ये आत्म-मंथन का दिन है, की ऐसा क्या हुआ की जिस पृथ्वी पर हमारा जन्म हुआ आज उसी पर संकट निश्चित तौर पर हमसे ही गलती हुई है हमने पृथ्वी से लिया लेकिन वापस नहीं किया वापस किया तो सिर्फ प्रदूषण।

**ग्रीन जी डी पी अनिवार्य**- पुल-सड़क बनाते समय काटे गए हर पेड़ की कीमत और लगाने वाले 10 पेड़ों का खर्च प्रोजेक्ट कॉस्ट में जोड़ो। 'नेट जीरो' कार्बन वाला विकास ही असली विकास है।

**'मिशन लाइफ' अपनाओ**- पी एम का मंत्र-लाईफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट ए सी 26एष्ट पर चलाओ, हफ्ते में 1 दिन कार फ्री डे, घर में 1 बाल्टी पानी बचाओ। छोटी आदत, बड़ा बदलाव।

## कानून सख्त हो

प्लास्टिक बैन सिर्फ कागजों में न रहे। सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली फैक्ट्री पर ताला लगे। ई ए आई यानी पर्यावरण मंजूरी में पब्लिक सुनवाई अनिवार्य हो।

**तालाब-जंगल बचाओ**- शहर के बचे 18 तालाबों को 'वेटलैंड' घोषित करो। हनुमानताल, गंगासागर की डी-सिल्टिंग हो। और शहर के आसपास तेवर , नुनसर, बुढ़ागर और जितने भी नजदीकी तालाब हैं उनके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है और सबसे महत्वपूर्ण तालाब के किनारे से तीन सौ फीट तक कोई निर्माण ना हो जिससे उसकी रिज लाइन सुरक्षित रहे वर्ना तालाब मात्र टैंक बनकर रह जायेंगे और ऐसे तालाब में मछलियां भी जीवित नहीं रह सकेंगी। और साथ ही शहर में जो खुले स्थान है जैसे मदन महल की पहाड़ियां और हाल में खाली हुई टेलीकॉम फैक्टरी की जमीन में मिनी फॉरेस्ट के रुप में विकसित किया जाए क्योंकि ये मिनी फॉरेस्ट आने वाले समय मे शहर के फेफड़े होंगे । क्योंकि कई बिल्डरों की नज़रे गड़ी हैं शहर के बीचोंबिच इस जगह पर। आखिरकार हाऊबाग स्टेंशन की जमीन प्रशासन के हाथ से निकल गई,।

**आखिरी मौका**- 'Planet vs. Plastics' से 'People for Planet' तक

गांधी जी ने कहा था-धरती सभी की जरूरत पूरी कर सकती है, पर लालच नहीं। हमने 50 साल में जितना कार्बन छोड़ा, उतना पिछले 500 साल में नहीं छूटा। पृथ्वी दिवस 2026 पर शपथ लें कि विकास के नाम पर विनाश बंद होगा। बुलेट ट्रेन चाहिए, पर साँस लेने को हवा भी चाहिए। 6 लेन हाईवे चाहिए, पर पीने को पानी भी चाहिए। स्मार्ट सिटी चाहिए, पर उसमें इंसान और इंसानियत दोनों जिंदा रहें।

क्योंकि मंगल पर प्लॉट बुक हो सकते हैं, पर माँ नहीं मिलती। और धरती हमारी माँ है।

अपील- आज शाम 7 बजे अपने घर की सभी लाइट 5 मिनट बंद कर 'पृथ्वी आरती' करें। बताएं अपनी धरती को कि हम अब भी उसके बच्चे हैं-लालची नहीं, जिम्मेदार।

# भूख से बेहाल अफगानिस्तानः दो वक्त की रोटी के लिए बेटियों को बेचने पर मजबूर परिवार

नई दिल्ली

अफगानिस्तान में बढ़ती भूख और आर्थिक बदहाली ने इंसानियत को झकझोर देने वाली तस्वीर सामने ला दी है। देश के कई हिस्सों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां परिवार पेट भरने, इलाज कराने और कर्ज चुकाने के लिए अपनी छोटी बेटियों को बेचने तक को मजबूर हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अफगानिस्तान में हर चार में से तीन लोग अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। बेरोजगारी, कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय सहायता में भारी कटौती के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। यूएन का अनुमान है कि करीब 47 लाख लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के घोर प्रांत में रहने वाले अब्दुल रशीद अजीमी ने बताया कि वह अपनी सात साल की जुड़वां बेटियों रोकिया और रोहिला में से एक को बेचने पर विचार कर रहे हैं। अब्दुल रशीद ने रोते हुए कहा, मैं अपनी बेटियों को बेचने के लिए तैयार हूं। मैं गरीब हूं, कर्ज में डूबा हूं और बेबस हूं। उन्होंने कहा, मैं काम से घर लौटता हूं तो होंठ सूखे होते हैं, भूखा-प्यासा और परेशान रहता हूं। मेरे बच्चे कहते हैं- बाबा, हमें रोटी दो। लेकिन मैं क्या दूं? काम कहां है?

रिपोर्ट के मुताबिक, बातचीत के दौरान अब्दुल अपनी बेटी रोहिला को गले लगाकर बार-बार चूम रहे थे। उन्होंने कहा कि यह फैसला उनका दिल तोड़ रहा है, लेकिन परिवार को जिंदा रखने के लिए उनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा।

एक अन्य पिता सईद अहमद ने बताया कि उन्हें अपनी पांच साल की बेटी शाइका को एक



रिश्तेदार के हवाले करना पड़ा, क्योंकि उसके अपेंडिक्स और लीवर में सिस्ट का इलाज कराने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे।

सईद ने कहा, मेरे पास इलाज के पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने अपनी बेटी को रिश्तेदार को दे दिया। उन्होंने बताया कि 2 लाख अफगानी की व्यवस्था के तहत भविष्य में शाइका की शादी उसी रिश्तेदार के परिवार में कर दी जाएगी। फिलहाल उन्होंने सिर्फ उतने पैसे लिए, जिससे बेटी का ऑपरेशन हो सके। बाकी रकम अगले कुछ वर्षों में दी जाएगी।

### क्यों बेटियों को ही बेचा जा रहा है?

रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में बेटों को परिवार का भविष्य और कमाने वाला माना जाता है, जबकि बेटियों को आर्थिक संकट के समय बोझ समझा जाता है।

तालिबान शासन में महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा व रोजगार पर लगी पाबंदियों ने स्थिति और खराब कर दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि लड़कियों की पढ़ाई बंद होने और रोजगार के अवसर खत्म होने से लैंगिक असमानता बढ़ी है। अफगानिस्तान में कम उम्र में शादी की परंपरा पहले से मौजूद रही है। यहां दूल्हे का परिवार लड़की के परिवार को पैसे या सामान देता है। ऐसे में गरीबी और भूख से जूझ रहे परिवार बेटियों को आर्थिक राहत के साधन के रूप में देखने लगे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मदद में कटौती से बढ़ा संकट

दो साल पहले तक लाखों अफगान परिवारों को आटा, दाल, खाना पकाने का तेल और बच्चों के पोषण आहार जैसी मदद मिल रही थी। लेकिन अमेरिका समेत कई देशों द्वारा सहायता कम किए जाने के बाद हालात तेजी से बिगड़े हैं।

# ईरान युद्ध को लेकर फोन कॉल पर आपस में भिड़े ट्रंप-नेतन्याहू!

नई दिल्ली

ईरान के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू फोन पर बातचीत के दौरान जबरदस्त बहस हुई है। ट्रंप जहां नई डील के साथ जंग रोकने के प्रयास में हैं, तो वहीं नेतन्याहू ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई चाहते हैं। इसी मुद्दे को लेकर दोनों नेताओं के बीच एक घंटे तक फोन पर तीखी और तनावपूर्ण बातचीत हुई।

दरअसल, इजरायली पीएम नेतन्याहू से मतभेद होने के बावजूद, ट्रंप ने ईरान नीति को लेकर सार्वजनिक रूप से एकजुट रुख अपनाया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ईरान के मुद्दे पर नेतन्याहू वही करेंगे जो मैं उनसे करवाना चाहता हूं, उन्होंने यह भी कहा कि उनके बीच अच्छे संबंध हैं। लेकिन हाल ही में फोन पर हुई बातचीत के दौरान दोनों के बीच गहरे मतभेद उभर कर सामने आए हैं।

### नेतन्याहू ट्रंप में नहीं बनी सहमति

एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरान के मुद्दे पर सहमत नहीं हैं। दोनों नेताओं के बीच फोन पर करीब एक



घंटे तक तनावपूर्ण बातचीत हुई, जिसमें नेतन्याहू ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले तुरंत शुरू करने पर जोर दिया, जबकि राष्ट्रपति ट्रंप ने हथियारों का इस्तेमाल करने से पहले कूटनीति और शांति समझौते को एक और मौका देने की वकालत की। युद्ध को आगे बढ़ाने के तरीके पर एकमत नहीं हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच एक घंटे तक तनावपूर्ण बातचीत हुई, जिसके दौरान इजरायली नेता ने ईरान पर हवाई हमले फिर से शुरू करने पर जोर दिया और कहा कि आप बड़ी भूल कर रहे हैं। जबकि ट्रंप ने हथियारों का इस्तेमाल करने से पहले कूटनीति को मौका देने पर बल दिया।

बताया जा रहा है कि इस तीखी बहस और ट्रंप के कड़े रुख से इजरायली प्रधानमंत्री बेहद परेशान और चिंतित नजर आए। इजरायली पीएम नेतन्याहू शांति वार्ता को लेकर बेहद संशय में हैं और तेहरान की सैन्य क्षमताओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को और कमजोर करने के लिए युद्ध फिर से शुरू करना चाहते हैं, ताकि शासन को और भी कमजोर किया जा सके।,लेकिन ट्रंप ईरान को बातचीत का एक और मौका देना चाहते हैं और उन्हें लगता है कि एक समझौता हो सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अगर ऐसा नहीं होता है तो वह युद्ध फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से यह भी बताया कि ट्रंप ने नेतन्याहू से कहा कि मध्यस्थ एक 'लेटर ऑफ इंटेंट' तैयार कर रहे हैं, जिस पर अमेरिका और ईरान साइन करेंगे। इसका मकसद औपचारिक तौर पर जंग खत्म करना और 30 दिन की बातचीत शुरू करना है। इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज खोलने जैसे मुद्दे शामिल होंगे लेकिन इजरायली सूत्रों ने बताया कि नेतन्याहू ट्रंप की रणनीति से असहमत हैं।

### हिज्जबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर 24 हमलों का किया दावा

**बेरूत, (वार्ता)।** हिज्जबुल्ला ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 24 सैन्य अभियान चलाए हैं। ये हमले रॉकेट, तोपखाने और ड्रोन के जरिए इजरायली सैनिकों के जमावड़े और सैन्य वाहनों को निशाना बनाकर किए गए। समूह ने एक बयान में कहा,20 मई, को इस्लामिक रेजिस्टेंस ने दुश्मन इजरायली सेना के खिलाफ 24 लड़ाकू ऑपरेशन किए। हिज्जबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अवीविम, रमीम, रामोट नफताली और माले गोलानी जैसे इलाकों में इजरायली सैनिकों के ठिकानों और सैन्य जमावड़े को निशाना बनाया। इसके साथ ही लेबनानी सीमा पर कई बस्तियों को भी निशाना बनाया गया है। समूह ने कहा कि हमलों में ड्रोन, रॉकेट और आर्टिलरी फायर शामिल थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हिज्जबुल्लाह ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने इलाके की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रही इजरायली सेना पर बार-बार हमला किया और मर्कवा टैंक और डी9 बुलडोजर समेत बख्तरबंद गाड़ियों को निशाना बनाया। हद्दाथा, तैबेह और राचाफ इलाकों में कम से कम चार मर्कवा टैंकों को निशाना बनाया गया।

# जॉर्जिया के अटलांटा में अचानक आई बाढ़, हाईवे पर फंसी कई गाड़ियां

नई दिल्ली

जॉर्जिया के अटलांटा, ड्रुइड हिल्स और एमोरी में राष्ट्रीय मौसम सेवा द्वारा अचानक आई बाढ़ की चेतावनी जारी रखी गई है। बुधवार को जारी की गई इस एडवाइजरी में कहा गया था कि बाढ़ की यह चेतावनी रात 11ः15 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस बीच, सोशल मीडिया पर बाढ़ के कई डराने वाले वीडियो सामने आए हैं, जिनमें पानी का स्तर बढ़ने के कारण कई गाड़ियां बीच सड़क पर फंसी हुई नजर आ रही हैं। बुधवार दोपहर को हुई मूसलाधार बारिश के बाद अटलांटा के डाउनटाउन कनेक्टर पर



हालात बेहद खराब हो गए। बेकर स्ट्रीट के पास हाईवे पूरी तरह पानी में डूब गया, जिससे रश-अवर का ट्रैफिक पूरी तरह थम गया। भारी बारिश और कचरे के कारण जाम हुए स्टॉर्म ड्रेन्स की वजह से कई गाड़िया पानी में डूब गईं। फॉक्स 5 अटलांटा की रिपोर्ट के मुताबिक, राहत और बचाव दलों ने बेकर स्ट्रीट ओवरपास पर कड़ी मशक्कत के बाद डाउनटाउन कनेक्टर के सभी नॉर्थबाउंड लेनों को दोबारा खोल दिया है।

इस आपदा के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के रख-रखाव पर भी तीखे सवाल उठाए। एक नागरिक ने नाराजगी जताते हुए लिखा कि इतने दिनों से धूप खिली थी और बारिश नहीं हो रही थी। परिवहन विभाग ने हाईवे के नालों को साफ करने और यह सुनिश्चित नहीं किया कि वे खुले रहें।

अटलांटा प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि प्रशासन भारी बारिश और बदलते मौसम के कारण शहर के कुछ हिस्सों में हो रहे जलभराव से पूरी तरह अवगत है।

शहर की टीमें सक्रिय रूप से स्थिति की निगरानी कर रही हैं, प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिक्रिया दे रही हैं और सड़क के खतरों, जल निकासी की चिंताओं तथा सार्वजनिक सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभागों के बीच समन्वय कर रही हैं। हम क्षेत्र में यातायात की स्थिति और सड़कों पर पड़ने वाले प्रभावों की निगरानी के लिए जॉर्जिया परिवहन विभाग के साथ भी मिलकर काम कर रहे हैं। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे यात्रा करने से पहले 511 पर कॉल करके रीयल-टाइम ट्रैफिक अपडेट देख लें। इस घटना की निगरानी शहर के नए इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से भी की जा रही है, जो एजेंसियों को संसाधनों का समन्वय करने, वास्तविक समय में स्थितियों की निगरानी करने और त्वरित प्रतिक्रिया प्रयासों का समर्थन करने की अनुमति देता है। बयान में आगे कहा कि निवासी समस्याओं की रिपोर्ट करने के लिए 511 पर कॉल करे। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 911 पर कॉल करें।

# राजनाथ ने दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली, (वार्ता)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिंगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। श्री सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थायी विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिकों की भूमिका का स्मरण लोगों के बीच आपसी समझ को सुदृढ़ करता है और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों की ओर नए सिरे से ध्यान आकर्षित करता है। भारत की ओर से उन्होंने कोरिया सरकार, विशेष रूप से पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय, द्वारा स्मारक की स्थापना में दिए गए सहयोग और समर्थन के लिए सराहना व्यक्त की।कोरिया पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री ने कोरियाई युद्ध के दौरान भारत की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने भारतीय सैनिकों के बलिदान और मानवीय सेवा से स्थापित स्थायी मित्रता संबंधों को स्वीकार किया। दोनों मंत्रियों द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य कोरियाई युद्ध के पूर्व सैनिकों का सम्मान करना और उनके बीच आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना है। सैनिकों के निस्वार्थ बलिदान की स्मृति में एक संस्मरण भी जारी किया गया।

### कर्नाटक में चिकित्सा सुविधाएं बेहाल

**बेंगलुरु, (वार्ता)।** कर्नाटक प्रदेश भाजप ने गुरुवार को राज्य की कांग्रेस सरकार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में कथित गिरावट को लेकर तीखा हमला किया और हाल ही में हुए एक मामले का हवाला दिया जिसमें एक मरीज इलाज की तलाश में तीन जिलों में लगभग 900 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद सरकारी अस्पताल में आईसीयू बेड उपलब्ध न होने के कारण निजी अस्पताल जाने के लिए मजबूर हुआ। विपक्ष के नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आम लोगों की जिंदगी का कोई मूल्य नहीं है। यह घटना अंकोला के चंद्रहासा की हाल ही में हुई मौत के तुरंत बाद घटी है, जिनकी कथित तौर पर समय पर इलाज न मिलने के कारण मृत्यु हो गई थी।

# बिहार के युवाओं को रोजगार के बदले लाठियां मिल रही हैं, नई पीढ़ी के साथ अन्याय कर रही है राजग सरकारः तेजस्वी

पटना, (वार्ता)

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि चुनाव के समय युवाओं के लिए बड़े बड़े दावे करने वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है और बिहार के युवाओं को नई सरकार में रोजगार के बदले लाठियां मिल रही हैं। श्री यादव ने कहा कि बिहार की नई पीढ़ी के साथ राजग सरकार अन्याय कर रही है। उन्होंने कहा कि युवा सरकार को उनके वादों की याद दिला रहे हैं और राजग सरकार से एक करोड़ नौकरियों के बारे में सवाल कर रहे हैं, लेकिन सरकार अब उनको सुनने के मूड में नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि सुनना तो दूर सरकार अत्याचार पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि सरकार बताये कि टीआरई-4 परीक्षा की मांग कर छात्रों ने कौन सा गुनाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब मांगे जायज हैं, तो बिहार के युवाओं पर बार-बार लाठीचार्ज क्यों हो रहा है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को यदि पुलिस के इस्तेमाल का इतना ही शौक है तो भ्रष्टाचार और अपराध रोकने के लिए लिए करे। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं पर बार-बार लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनकी पार्टी इसके खिलाफ मुहिम चलायेगी।

श्री यादव ने कहा कि ऐसा महसूस हो रहा है कि टीआरई-4 की रिक्तियां जारी करने की इस सरकार की नीयत ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह सरकार में थे तब केवल 17 महीने के कार्यकाल में बिना पेपरलीक के सफलतापूर्वक टीआरई-01 एवं 02 के तहत दो लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई तथा एक लाख तीस हजार पदों पर बहाली प्रक्रियाधीन कराई गई थी।

राजद नेता ने कहा कि साल 2024 और 2025 दोनों बीत गए और इस दौरान लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव दोनों संपन्न हो गए। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में 2 मुख्यमंत्री और 4 उपमुख्यमंत्री के साथ बार बार मंत्रिमंडल में फेरबदल हुआ। उन्होंने कहा कि परिवारवाद नहीं करने की कसमें खाने वाले नेताओं के शहजादों को बिना चुनाव लड़े सीधे मंत्री बना दिया गया।

### बेंगलुरु में आठ गिरफ्तार, 35 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त

**बेंगलुरु, (वार्ता)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पुलिस ने करीब 35 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थों की बड़ी खेप बरामद करके इससे जुड़े एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस बरामदगी को हाल के वर्षों में की गयी बड़ी बरामदगियों में से एक बताया जा रहा है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि तीन विदेशी नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और लगभग 35 करोड़ रुपये मूल्य की 17.5 किलोग्राम एमडीएमए जब्त की गई है। आनंदनगर क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों के संबंध में इस महीने की शुरुआत में मिली सूचना के बाद हेब्बल पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत उत्तरी डिवीजन की टीम ने यह अभियान चलाया।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन



### हस्तिनापुर के वीर में गांधारी का दमदार किरदार निभायेंगी विवाना सिंह

अभिनेत्री विवाना सिंह सोनी सब के शो हस्तिनापुर के वीर में गांधारी का दमदार किरदार निभाती नज़र आयेंगी। सोनी सब दर्शकों के लिए एक भव्य पौराणिक गाथा हस्तिनापुर के वीर लेकर आ रहा है, जो पांडवों और कौरवों के शुरुआती वर्षों को प्रदर्शित करेगा। यह शो उनके रिश्तों, भावनाओं और उन फैसलों की कहानी है, जिन्होंने हस्तिनापुर के भविष्य को आकार दिया। कहानी में भावनात्मक गहराई और शांत शक्ति जोड़ रही हैं अभिनेत्री विवाना सिंह, जो गांधारी का दमदार किरदार निभा रही हैं, एक ऐसी रानी, जिन्हें त्याग, धैर्य और अटूट समर्पण के लिए याद किया जाता है। गांधारी का किरदार निभाना विवाना के लिए भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों से भरा रहा, खासकर उस किरदार की पहचान बन चुकी पट्टी की वजह से, जो उनके जीवनभर के व्रत और आंतरिक शक्ति का प्रतीक है। विवाना के लिए आँखों पर पट्टी बांधकर अभिनय करना सिर्फ दृष्टि को सीमित करना ही नहीं था, बल्कि भावनाओं को आवाज़ और बॉडी लैंग्वेज के ज़रिए नए तरीके से व्यक्त करना भी था। अपना अनुभव साझा करते हुए, विवाना सिंह ने कहा, गांधारी का किरदार निभाना मेरे लिए सबसे गहन और बदल देने वाला अनुभव रहा है। सबसे बड़ी चुनौती लंबे समय तक आँखों पर पट्टी बाँधकर अभिनय करना है, क्योंकि हम अभिनेता स्वाभाविक रूप से आँखों के संपर्क और विज़ुअल रिएक्शन पर बहुत निर्भर रहते हैं। गांधारी के साथ मुझे उस आदत को पूरी तरह छोड़ना पड़ा। मैंने समय लगाया यह समझने में कि बिना दृष्टि वाला व्यक्ति स्पेस, भावनाओं और रिश्तों को कैसे महसूस करता है। तैयारी के दौरान मैंने आँखों पर पट्टी बाँधकर चलने, रिएक्ट करने और सीन करने की प्रैक्टिस की, ताकि मैं उस स्थिति में सहज और स्वाभाविक हो सकूँ।




### अनुराग कश्यप की बॉबी देओल स्टारर 'बंदर' का ट्रेलर हुआ रिलीज

बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निखिल द्विवेदी की सैफरन मैजिकवर्क्स द्वारा प्रोड्यूस और ज़ी स्टूडियोज़ के सपोर्ट से बन रही फिल्म बंदर को अनुराग कश्यप डायरेक्ट कर रहे हैं। अपने धमाकेदार टीज़र से पूरे देश में हलचल मचाने के बाद, बंदर के मेकर्स ने इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। यह ट्रेलर आपको एक ऐसी दुनिया में और गहराई से ले जाता है जो ट्विस्ट्स, बोल्ड डायलॉग्स, कमाल की परफॉर्मेंस और हल्के-फुल्के ह्यूमर से भरी हुई है।

सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, सपना पब्बी, सबा आज़ाद, ऋद्धि सेन, जितेंद्र जोशी, इंद्रजीत और नागेश भोंसले जैसे टैलेंटेड एक्टर्स की दमदार मौजूदगी फिल्म में एक अलग ही चार्म (आकर्षण) जोड़ती है। यह फिल्म सची घटनाओं से प्रेरित है और एक ऐसे सिस्टम के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो हमेशा सब कुछ सही नहीं करता।

अनुराग कश्यप के डायरेक्शन में बनी और सुदीप शर्मा व अभिषेक बनर्जी द्वारा लिखी गई फिल्म बंदर 05 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है।

### काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीज़र जल्द होगा रिलीज़

फिल्म द इंडिया स्टोरी के मेकर्स ने घोषणा की है कि फिल्म का टीज़र जल्द रिलीज़ किया जाएगा। फिल्म द इंडिया स्टोरी के मेकर्स ने घोषणा की है कि फिल्म का टीज़र जल्द रिलीज़ किया जाएगा। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े स्टारर यह सोशल-नेशनल ड्रामा अपनी दमदार थीम और प्रभावशाली विज़ुअल्स के चलते पहले ही चर्चा में आ चुका है। ज़ी स्टूडियोज़ और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज़ के सहयोग से प्रस्तुत यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है, जबकि कहानी, लेखन और निर्माण की जिम्मेदारी सागर बी. शिंदे ने संभाली है। द इंडिया स्टोरी- स्लो पॉइज़न इन प्रोग्रेस रासायनिक दुरुपयोग, खासकर खेती में इस्तेमाल होने वाले हानिकारक तत्वों और उनके जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों को केंद्र में रखती है। हाल ही में जारी पोस्टर इस गंभीर लेकिन बेहद अहम




विषय की झलक देता है, जिसे फिल्म उजागर करने की कोशिश करेगी। गौरतलब है कि यह कहानी केवल किसी एक व्यक्ति या परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रहे एक बड़े संकट की ओर इशारा करती है। फिल्म औद्योगिक लापरवाही के छिपे खतरों और जागरूकता व जवाबदेही की तत्काल जरूरत को सामने लाने का प्रयास करती है। मेकर्स ने संकेत दिए हैं कि आने वाला टीज़र दर्शकों को द इंडिया स्टोरी की गंभीर और प्रभावशाली दुनिया की एक गहरी झलक देगा, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ेगी। साथ ही पहली बार साथ स्क्रीन शेयर कर रहे काजल अग्रवाल और तलपड़े से फिल्म में दमदार और भावनात्मक प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। फिल्म को सह-निर्माता सुमित बागड़े, अनीता जाधव, विनायक सैदानी, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी का समर्थन मिला है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
शुक्रवार 22 मई 2026



# ग्रामीणों की शिकायतों का तत्परता से करें निराकरण

## कलेक्टर ने जन चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया

### जिला स्तरीय जन चौपाल कार्यक्रम विकासखंड करेली के ग्राम गोकला में सम्पन्न हुआ

नरसिंहपुर



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गुरसी के ग्राम गोकला में जिला स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित जन चौपाल में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी और ग्रामीणजन मौजूद थे।

जिले के समस्त अधिकारी जन चौपाल कार्यक्रम में अलग-अलग वाहनों से न जाकर एक ही बस में सामूहिक रूप से चौपाल स्थल तक पहुंचे, जिससे ईंधन बचत एवं सामूहिक सहभागिता का सकारात्मक संदेश भी दिया गया। ग्राम गोकला में आयोजित इस जन चौपाल में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन-?य विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान आधार अपडेट हेतु विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें ग्राम के लगभग 10 आधार संशोधन एवं 6 नए आधार कार्ड बनाए गए।

कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा जनचौपाल कार्यक्रम में किसानों को मूंग, उड़द सहित अन्य फसलों का उत्पादन और नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी गई। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के लिए सुपर सीडर मशीन के बारे में जानकारी दी गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उच्च शिक्षा के लिए संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने गोकला से गुरसी तक, हैंडपंप कॉलोनी से खेल मैदान तक, खेल मैदान से शिव मंदिर तक और पंप हाउस से टोरिया तक सड़क निर्माण करने की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।



## तीन दिवसीय आवासीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण संपन्न

**नरसिंहपुर।** बकरी प्रजनन प्रक्षेत्र उमरिया में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय व्यावसायिक बकरी पालन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को आधुनिक व वैज्ञानिक पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण समापन अवसर पर जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. व्ही.एन. मिश्रा, अतिरिक्त उपसंचालक जबलपुर डॉ. मीता दास एवं अतिरिक्त उपसंचालक नरसिंहपुर डॉ. प्रवीण सिंह पटैल मौजूद थे। प्रशिक्षण में 13 जिलों सहित महाराष्ट्र से आए कुल 68 संभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संयुक्त संचालक डॉ. व्ही.एन. मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बताया कि बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक बेहतरीन व्यावसायिक जरिया है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे यहाँ से सीखे गए तकनीकी ज्ञान और प्रबंधन के गुरों को अपने क्षेत्रों में धरातल पर उतारें और खुद के साथ-साथ अन्य पशुपालकों को भी स्वावलंबी बनाएं।

## जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम बढ़ेना में जल संगोष्ठी सम्पन्न हुई

नरसिंहपुर।



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन को जनआंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से ग्राम बुढ़ेना में जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के गोरखपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बुढ़ेना द्वारा आयोजित किया गया। जल संगोष्ठी में ग्रामीणजन, समिति के सदस्य, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री जय नारायण शर्मा ने जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से बताया कहा कि वर्तमान समय में जल संकट को दूर करने के लिए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वर्षभर संचालित की जाने वाली गतिविधियों एवं सामुदायिक सहभागिता पर आधारित कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान को तीन चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रथम चरण (मार्च से जून) में जल संरक्षण से जुड़े निर्माण कार्य, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, तालाब, कुएं एवं बावड़ियों के पुनर्जीवन तथा नई जल संरचनाओं के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। द्वितीय चरण (जुलाई से अक्टूबर) में व्यापक पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं तृतीय चरण (नवंबर से फरवरी) में वर्षा जल संचयन को सुनिश्चित करने हेतु बोरी बंधान, गैंबियन स्ट्रक्चर एवं अन्य लघु जल संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि हो सके।

### कलेक्टर ने ग्राम चरगुवां में एक बगिया मां के नाम परियोजना का निरीक्षण किया

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को विकासखंड चांवरपाठा के ग्राम चरगुवां में संचालित एक बगिया माँ के नाम परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान महाकाल स्वसहायता समूह चरगुवां की श्रीमती देवा बाई लोधी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। श्रीमती देवा बाई लोधी के द्वारा इस परियोजना अंतर्गत 100 फलदार पौधों का रोपण किया गया है, जिसमें 80 आम एवं 20 नींबू के पौधे शामिल हैं।

इस पहल से दीर्घकालीन आय सृजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। श्रीमती देवा बाई लोधी इस परियोजना से आय अर्जित करने के लिए अंतरवर्ती खेती कर रही हैं। उन्होंने प्याज, लहसुन एवं उड़द की फसल लगाकर लगभग 30 से 35 हजार रुपये का उत्पादन प्राप्त किया है, जो एक सराहनीय प्रयास है।

## जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर सेक्टर स्तरीय बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नरसिंहपुर अंतर्गत सेक्टर क्रमांक-5 गोरखपुर की सेक्टर स्तरीय बैठक ग्राम पंचायत भवन कोदरासकला में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला समन्वयक श्री जय नारायण शर्मा, नवांकुर संस्था सतपुड़ा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष श्री गंगाराम डहेरिया एवं सचिव श्री सुखदेव डहेरिया सहित विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में आगामी 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित होने वाले जल स्त्रोत पूजन अभियान, जल कलश यात्रा एवं जल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। 26 मई से 4 जून तक सहायक नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के सर्वेक्षण अभियान, उपयोगिता प्रमाणपत्र तैयार करने तथा क्षेत्र में सघन पौधारोपण कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

बैठक में वर्तमान समय में जल संरक्षण तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए जनभागीदारी की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता करने पर बल दिया। बैठक के दौरान विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### 24 एकड़ शासकीय भूमि में अलग-अलग स्थानों में बनाए जा रहे कंटूर ट्रेंच

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने विकासखंड चांवरपाठा के ग्राम रम्पुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अलग-अलग तीन स्थानों पर लगभग 24 एकड़ शासकीय भूमि में संचालित कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कंटूर ट्रेंच के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निरीक्षण के दौरान बरांझ नदी में स्टाप डेम बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रीमती मंजू लता यादव को स्व-सहायता समूहों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि महिलाओं को स्वसहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, तहसीलदार तेंदूखेड़ा सुश्री शानु चौधरी, सीईओ जनपद पंचायत चांवरपाठा श्री संतोष मांडलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## सभी ग्रामों में पात्र व्यक्तियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक जनपद पंचायत चांवरपाठा में सम्पन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री राधेश्याम वर्मा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेन्द्र रिपुदमन सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी- कर्मचारी और मैदानी अमला मौजूद था। बैठक में विकासखंड चांवरपाठा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, सीएचओ के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सभी आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शतप्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं टीकाकरण, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं प्रबंधन, कुपोषित बच्चों की पहचान व प्रबंधन करने लिए निर्देश दिए। उन्होंने जिले की मातृमृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और एचबीएनसी कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्रामों में पात्र व्यक्तियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। आधार कार्ड अपडेशन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प आयोजित किए जाएंगे। आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जिन व्यक्तियों के आधार कार्ड में अपडेशन होना है, उन्हें कैम्प में लेकर जाएंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत पचामा स्थित प्राचीन बावड़ी में हुआ श्रमदान

### जल काव्य गोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण का दिया सशक्त संदेश

नरसिंहपुर



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए जिलेभर में व्यापक जनजागरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में विकासखंड चीचली के सेक्टर क्रमांक-2 बसुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पचामा स्थित प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान किया गया। साथ ही जल काव्य गोष्ठी का आयोजन कर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया।

स्वच्छता एवं श्रमदान का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जल स्त्रोतों के संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के प्रति जनजागरूकता को सुदृढ़ करना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रमदान करते हुए बावड़ी की साफ-सफाई की तथा जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में बागेश्वरी साहित्य परिषद एवं तुलसी अकादमी के सहयोग से जल संवर्धन विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से जल के महत्व एवं संरक्षण की आवश्यकता को प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कवि पुरुषोत्तम च्मुख्तयारज्ज ने गीतों के माध्यम से, तो वहीं बाल कवयित्री कुमारी गरिमा मनु विश्वकर्मा ने च्जल ही जीवन हैज्ज विषय पर प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत की। कवि दीपक गुप्ता ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से बढ़ते जल संकट पर चिंता व्यक्त की, जबकि धनराज विश्वकर्मा ने च्पेड़ बचाओज्ज विषय पर ग़ज़ल प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संतोष अग्रवाल ने अपने गीतों के माध्यम से वर्तमान समय में जल संरक्षण की अनिवार्यता को प्रभावी रूप से रेखांकित किया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा बाई अहिरवार ने सभी नागरिकों से जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए च्जल है तो कल हैज्ज का संदेश दिया। ग्राम पंचायत पचामा के सरपंच भवानी प्रसाद जुदेव ने प्राचीन बावड़ी के ऐतिहासिक महत्व एवं उसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए इसे ग्राम की अमूल्य धरोहर बताया। वृक्ष मित्र संस्था के संस्थापक योगेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे ने जल गंगा संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लेते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।



## ईंधन बचत का संदेश : जिला अधिकारी बस से जन चौपाल कार्यक्रम के लिए हुए रवाना

नरसिंहपुर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा च्ईंधन बचत और ऊर्जा संरक्षणज्ज को लेकर की गई अपील के अनुकरण में जिले में भी प्रभावी पहल की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा शासकीय कार्यों में ईंधन की खपत कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर श्रीमती सिंह के निर्देशों के परिपालन में बुधवार को एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिलाधिकारी ग्राम गोकला-गुरसी में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से बस के माध्यम से रवाना हुए। यह पहल न केवल ईंधन की बचत की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के समुचित उपयोग के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। साथ ही, यह आमजन को भी ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक प्रेरणादायक संदेश है।

## जिले में 16 लाख 74 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई, किसानों को 239.90 करोड़ का हुआ भुगतान

**नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य खरीदी केन्द्रों में निरंतर संचालित है। जिले में 20 मई 2026 की सायं 5 बजे तक 23 हजार 532 किसानों से 16 लाख 74 हजार क्विंटल की गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों के बैंक खातों में 239.90 करोड़ रुपये राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। शेष गेहूं विक्रय किसानों का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से निरंतर प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन भोपाल से समन्वयक कर वारदानों की व्यवस्था की जा रही है। तीव्रता से परिवहन पूर्ण कराने के लिए एक परिवहनकर्ता को अतिरिक्त अधिकृत किया गया है। इस तरह दो परिवहनकर्ता के माध्यम से परिवहन का कार्य किया जा रहा है। जिन किसानों की स्लॉट बुक होना शेष है एवं जिन किसानों की स्लॉट की तिथि निकल चुकी है और खरीदी केन्द्र में गेहूं विक्रय नहीं कर पाए हैं, ऐसे किसानों के स्लॉट बुकिंग के लिए खरीदी केन्द्रों की तौल क्षमता बढ़ाने और स्लॉट बुकिंग किसानों की खरीदी के लिए तिथि में वृद्धि के संबंध में शासन को पत्र जारी किया गया है। सभी खरीदी केन्द्रों का राजस्व, कृषि, खाद्य, सहकारिता विभाग के अधिकारियों के माध्यम से केन्द्रों का निरीक्षण कर जांच कार्यवाही की जा रही है। सभी खरीदी केन्द्रों में नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन खरीदी केन्द्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर उपार्जन कार्य में सम्पूर्ण नियंत्रण रखा जाए।

## वलिदान दिवस पर राजीव गांधी को किया याद

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि वलिदान दिवस पर उनका स्मरण करते हुये पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया । सर्व प्रथम उपस्थित कांग्रेसजनो ने राजीव गांधी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर जब तक सूरज चाँद रहेगा राजीव गांधी का नाम रहेगा गगन वेदी नारे लगाये ओर राजीव जी को श्रद्धांजलि अर्पित की । वरिष्ठ कांग्रेस नेता एच व्ही रफीक ने कहा कि राजीव गांधी 1984 में देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने ।

पंचायती राज व्यवस्था राजीव गांधी की देन है उन्होंने अपने कार्यकाल मे कई ऐसे कार्य किये है उन्हें हमेशा याद किया जाएगा । युवाओ को 18 वर्ष का मताधिकार का तोहफा राजीव गांधी की देन है। कम्प्यूटर क्रांति का श्रेय राजीव जी को जाता है ।

स्वर्गीय राजीव गांधी संचार क्रांति लेकर आये उन्होंने देश की एकता अखंडता के लिये अपने प्राणों की आहुति दी।

उन्होंने देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए थे । स्वर्गीय राजीव गांधी आज भले ही हमारे बीच नहीं है उनके आदर्श उनके विचार आज भी जीवित है हम सभी उनके बताए हुए मार्ग पर चले यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी । स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने वालो में वरिष्ठ कांग्रेसी मझले भैया गौतम सिंह पटेल रफीक भाईजान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जिनेश जैन छोटेराजा कौरव गाडरवारा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सैनी महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संगीता जायसवाल किसान कांग्रेस गाडरवारा ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बिल्थरे गांधी मंडलम अध्यक्ष संजय कौरव केंद्र सिंह राजपूत अनिल साहू उमाकांत गुप्ता प्रभात कुशवाहा अवधेश रूसिया बंटू गुप्ता प्रदीप कौरव विनोद ठाकुर राधारमण राय अनिल सोनी कृष्णकांत कौरव अजय सोनी राजदीप दुवे एव समस्त गाडरवारा ब्लॉक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मिल रहा प्रोत्साहन

**नरसिंहपुर।** जिले में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में वीर एग्रो वेंचर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम बरमानखुर्द में राइस मिल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को उक्त इकाई का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इकाई की उत्पादन प्रक्रिया, प्रसंस्करण क्षमता एवं निर्यात संभावनाओं का अवलोकन किया तथा जिले में कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस इकाई में लगभग 10 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है तथा इसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 1500 क्विंटल (150 मेट्रिक टन) है। इकाई में उत्पादन कार्य एक जुलाई 2025 से प्रारंभ हो चुका है। इकाई का उद्देश्य कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण एवं निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए जिले को कृषि आधारित उद्योग एवं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है। इकाई द्वारा च्प्रेम की डोरज्ज, च्प्रेम भोगज्ज, च्जश्न-ए-दावतज्ज एवं च्एमपी गोल्डज्ज जैसे ब्रांड नामों का ट्रेडमार्क पंजीयन कराया गया है। साथ ही नरसिंहपुर जिले की पहचान च्एमपी-49ज्ज आरटीओ को ध्यान में रखते हुए इसी नाम से ब्रांड विकसित किया गया है, जिससे जिले की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सके और जिले का गौरव बढ़े। इकाई के निदेशकगण में श्री अनूप जैन, श्रीमती मधु जैन एवं श्रीमती संध्या जैन शामिल हैं।

**आम सूचना**

मैं रामशरण सिंह राजपूत निवासी रहली तहसील करेली जिला नरसिंहपुर यह घोषित करता है कि मेरी पुत्री श्रृद्धा राजपूत आयु 26 वर्ष का मेरे चाचा के लड़के त्रिभुवन सिंह राजपूत के पुत्र सुशील राजपूत निवासी रहली से प्रेम संबंध हो गया है तथा दोनों ने विवाह कर लिया है। चूंकि मेरी पुत्री श्रृद्धा तथा सुशील राजपूत एक ही कुटुम्ब के है तथा रिश्ते में भाई बहिन है, इसलिए मैंने दोनों को समझाने का काफी प्रयास किया कि खून के रिश्ते में ऐसा संबंध नहीं हो सकता तथा ऐसा रिश्ता सामाजिक परम्पराओं एवं रीति रिवाजों के विपरीत है परन्तु मेरी पुत्री ने मेरी बात नहीं मानी और सुशील से विवाह कर लिया है जिससे पूरे समाज में मेरी काफी बदनामी हुई है इसलिए मैंने अपनी पुत्री श्रृद्धा राजपूत से आज दिनांक से ही सारे रिश्ते समाप्त कर लिये है तथा श्रृद्धा अब मेरी पुत्री नहीं है तथा उसे मेरी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में यदि श्रृद्धा के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो उसके लिए मैं जिम्मेदार नही रहूँगा।

रामशरण सिंह राजपूत

# ओवरब्रिज के पास खड़े ट्रक में घुसी कार, 2 युवकों की मौत

## शादी समारोह से लौट रहे थे युवक, हादसे में 3 घायल, कार के उड़े परखच्चे

कटनी (स्वतंत्रमत)।

इस वक्त की एक बेहद दर्दनाक और बड़ी खबर कटनी से आ रही है, जहां चाका बायपास ओवरब्रिज के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार पांच युवकों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी युवक एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रहे थे, तभी रास्ते में यह काल बनकर आई दुर्घटना घट गई। दिल को दहला देने वाला यह हादसा कटनी के चाका बायपास ओवरब्रिज के पास का है। जानकारी




के मुताबिक, कार क्रमांक यूपी 70 ईएच 2790 में सवार होकर पांच युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। उनकी मंजिल उत्तर प्रदेश का गोरखपुर थी, लेकिन कटनी पहुंचते ही उनकी कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति इतनी भयावह थी कि दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक युवक कार के मलबे में ही बुरी तरह फंसा रहा, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

इस हादसे में सूर्यश सेंगर, प्रयागराज निवासी 40 वर्षीय विवेक राजपूत, गोरखपुर निवासी प्रीतम शुक्ला, और कुंडा प्रतापगढ़ निवासी 33 वर्षीय अमित सिंह सहित एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पर पिकअप स्टार्ट कर शराब के नशे में सो गया ड्राइवर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पन्ना के सतना बेरियल स्थित काष्ठागार डिपो के आवासीय कॉलोनी के सामने शराब के नशे में धुत ड्राइवर बीच सड़क पर पिकअप वाहन स्टार्ट कर सो गया। इस दौरान सैकड़ों गाड़ी निकलती रही। लोगों ने हॉर्न बजाकर ड्राइवर को जगाने का प्रयास किया गया लेकिन ड्राइवर अत्यधिक शराब का सेवन किए हुए था, इसलिए वह सो गया और पिकअप वाहन बीच सड़क पर स्टार्ट खड़ी रही। घटना की जानकारी जागरूक नागरिकों द्वारा यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार को दी गई। उनके द्वारा यातायात पुलिस स्टाफ को मौके पर भेजा गया।

यातायात पुलिस द्वारा ड्राइवर को जगाने का प्रयास किया गया लेकिन ड्राइवर तब भी नहीं उठा। जिस पर आरक्षक विक्रम सिंह द्वारा खुद पिकअप वाहन को सड़क से साइड किया गया और शराब के नशे में धुत ड्राइवर के साथ पिकअप वाहन को यातायात थाने पहुंचाया गया।



## माधव नगर इंडोर बैडमिंटन हॉल के हाल बेहद खराब

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर का एकमात्र इंडोर बैडमिंटन हॉल माधव नगर कटनी की हालत इन दिनों बेहद खराब है, जहां राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं है वहां कुछ लोग अपने पालतू कुत्ते को टहलाते नजर आते हैं। खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए आरक्षित इस स्थान का इस तरह दुरुपयोग न केवल खेल भावना के खिलाफ है बल्कि उभरती प्रतिभाओं के भविष्य पर भी भयंकर संकट खड़ा कर सकता है पूर्व में भी ताइक्वांडो ट्रेनर मांडवी मिश्रा द्वारा अपने पालतू शवान को कबड्डी मैट पर घुमाते व खिलाते हुए देखा गया था। जिसकी शिकायत भी जिला खेल अधिकारी से की गई थी। आपको ज्ञात हो कि गत वर्ष दक्षिण भारत में भी शवान के नाखून लगने से एक राष्ट्रीय खिलाड़ी की मौत हो चुकी है। क्या शासन प्रशासन किसी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है या समय रहते ऐसे प्रशिक्षक के साथ कठोर कार्रवाई कर इसे इस परिसर से बाहर कर इसके प्रशिक्षण कार्य को अविलम्ब रोकेगा।

## वीरान्त विद्या शिक्षण शिविर का समापन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज अनुवर्ती परम विदुषी शिष्या वंदानीय आर्यिका रत्न श्री 105 गुरूमती माता जी एवं आर्यिक रत्न 105 दृढ़मति माता के सानिध्य में आयोजित वीरान्त विद्या शिक्षण शिविर के समापन अवसर पर शिविर में शामिल सभी शिविरार्थियों को प्रमाणपत्र पंचायत महासभा द्वारा एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले शिविरार्थियों को पुरूस्कार समाजसेवी अनुराग जैन, अनुज जैन, सुदीश पप्पू, के द्वारा



प्रदान किये गये शिविर को सफल बनाने में ब्रम्हचारणी सुषमा दीदी, मिनी दीदी, प्रीति दीदी, रूची दीदी, मंजू दीदी, स्मृति दीदी, सीवी दीदी, प्रीति दीदी, शोभा दीदी, शुभा दीदी, सरोज दीदी, विनीता दीदी, सीमा दीदी, गुड़िया दीदी, सुषमा दीदी, रचना दीदी, शशि दीदी, सुनीता दीदी, ममता दीदी, गुडुडु दीदी, बबिता दीदी के साथ पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष पंचम जैन, मंत्री विन्नी जैन, कोषाध्यक्ष- मनीष जैन बण्डे का सराहनीय योगदान रहा है प्रतिदिन शिवरार्थियों को स्वल्पहार कराने में मिलन संस्था के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। परम पूज्य आर्यिका रत्न 105 दृढ़मति माता का हर्षवर्धन दिवस मनाया गया इस अवसर पर श्री 108 पार्श्वनाथ दिग. जैन बड़े मंदिर में आर्यिक श्री जी के व्यक्तिव एवं कृतित्व में मांगलिक प्रवचन हुये।

## नगर निगम को ए ग्रेड, प्रदेश के टॉप-10 में सातवां स्थान

### 91.79 वेटेज स्कोर, 587 शिकायतों के त्वरित समाधान से मिली बड़ी उपलब्धि



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में नगर पालिक निगम ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। हाल ही में जारी ग्रेडिंग में नगर निगम ने प्रथम समूह के नगर निगमों की श्रेणी में प्रदेश के टॉप-10 में जगह बनाते हुए सातवां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के तहत नगर निगम को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है। निगमायुक्त तपस्या परिहार के कुशल नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी मार्गदर्शन के चलते निगम ने 91.79 वेटेज स्कोर अर्जित किया है। अप्रैल माह में प्राप्त कुल 587 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम द्वारा तेज, संवेदनशील और समयबद्ध कार्रवाई की गई। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप 53.87 प्रतिशत संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज किया गया, जिसके आधार पर निगम को यह उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने इस उपलब्धि पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समय पर और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में और अधिक जवाबदेही, संवेदनशीलता और तेजी के साथ कार्य किया जाए, ताकि नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा हर माह मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण, संतुष्टि स्तर और लंबित मामलों के आधार पर विभागों और नगरीय निकायों की ग्रेडिंग जारी की जाती है।

## विजयराघवगढ़ की बदलेगी तस्वीर, सुगम होगा आवागमन

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद हट रहा अतिक्रमण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

विगत वर्षों एवं लंबे समय से रुकी हुई नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आखिरकार शनिवार 16 मई से आरंभ की गई। प्रथम दिवस प्रात: 11 बजे से जेसीबी द्वारा अतिक्रमण तोड़ने का सिलसिला आरंभ किया गया, इसके बाद लोगों ने खुद से भी अतिक्रमण हटाने तोड़ने की रुचि दिखाई। विजयराघवगढ़ नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए हाई कोर्ट द्वारा फरमान जारी किया गया था। बता दें की हाई कोर्ट के आदेश उपरांत पूर्व में सड़क के मध्य से 25-25 फीट अतिक्रमण अलग करना निर्धारित हुआ था, जिसमें आजाद चौक से जनपद पंचायत तक के कुछ व्यापारियों द्वारा 25 फीट स्वयं से अतिक्रमण अलग कर लिया गया। किंतु इसके उपरांत मेन रोड के व्यापारी वर्ग एवं आम नागरिकों की मांग पर 25 फीट से कम कर 18-18 फीट ही अतिक्रमण हटाने की सहमति बनी। इससे पूर्व भी इसी तरह नगर परिषद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण में आने वाले मकान और दुकानों को चिन्हित किया गया था परंतु अतिक्रमण तोड़ने की कार्यवाही अब और तब



की तर्ज में लटकी हुई थी। अंतत: हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का अमल करते हुए नगर परिषद प्रशासन द्वारा 16 मई शनिवार को अतिक्रमण हटाने की मुहर लगा दी गई। इससे पूर्व भी कई बार नगर परिषद प्रशासन द्वारा चिन्हित कर लोगों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी साथ ही यह अपेक्षा जताई जा रही थी कि लोग स्वयं से अतिक्रमण हटा लेंगे लेकिन यह जागरूकता चंद लोगों में ही दिख पाई। आखिरकार नगर परिषद प्रशासन द्वारा शनिवार को जेसीबी मशीनों के माध्यम से अतिक्रमण जमीदोज करने का कार्य आरंभ किया गया। इसी बीच कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने का विरोध भी किया गया और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचा कर कर्मचारियों से उलझ गए इसके बाद थाना प्रभारी रितेश शर्मा के निर्देशन में पुलिस बल के हस्तक्षेप के बाद कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ी। शनिवार को प्रात: 11बजे से कैमोर रोड से नवीन बस स्टैंड आजाद चौक से अतिक्रमण हटाने का कार्य आरंभ होकर शाम 6 अंधा मोड़ तक जेसीबी मशीनें अतिक्रमण अलग करते हुए पहुंची, जिसके कारण समूचे नगर में हड़कंप मच गया।

#### सड़क चौड़ी से आवागमन सुचारू

शनिवार की रात्रि से ही लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने का कार्य आरंभ कर दिया। और रविवार को प्रात: से लोगों ने जागरूकता का परिचय देते हुए स्वयं से अतिक्रमण हटाए। रविवार और सोमवार को अतिक्रमण हटाने की जागरूकता को देखते हुए ऐसा माना जा रहा है कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नगर के विकास के लिए सार्थक साबित होगी मेन रोड का मार्गसंकीर्ण होने से जहां हर दिन जाम की समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ता था। अब वही मार्ग चौड़ा होने से आगमन की सुविधा बेहतर बन सकेगी।

## महापौर ने वार्डों का किया पैदल निरीक्षण, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

### वर्षा ऋतु से पूर्व नाले-नालियों की सफाई के दिए सख्त निर्देश

कटनी (स्वतंत्रमत)।

आगामी वर्षा ऋतु के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो तथा नागरिकों को बेहतर स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके, इस उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी ने गुरुवार सुबह मदन मोहन चौबे वार्ड एवं फॉरेस्टर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

#### वर्षा ऋतु पूर्व सफाई कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

महापौर ने वार्डों की विभिन्न गलियों में पैदल भ्रमण कर नाले-नालियों की स्थिति का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व सभी गलियों, नालों एवं नालियों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि बारिश के दौरान किसी भी बस्ती में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि जल निकासी



व्यवस्था दुरुस्त रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

#### सफाई एवं जल निकासी कार्यों की प्रगति देखने पुन: पहुंचीं महापौर

महापौर ने विगत दिवस भी उक्त वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई एवं जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों के तारतम्य में गुरुवार सुबह पुन: क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर चल रहे सफाई कार्यों, नाले-नालियों की सफाई एवं व्यवस्थाओं की प्रगति का जायजा लिया, ताकि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कराई जा सकें।

#### नागरिकों से लिया फीडबैक, स्वच्छता बनाए रखने की अपील

निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधे संवाद कर सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। नागरिकों ने कई स्थानों पर नियमित सफाई होने पर संतोष व्यक्त किया, वहीं कुछ स्थानों पर अतिरिक्त सफाई की आवश्यकता भी बताई, जिस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर ने नागरिकों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि घरों एवं दुकानों का कचरा सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर न फेंका जाए, बल्कि निर्धारित स्थानों एवं कचरा वाहनों में ही डाला जाए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे और नालियां अवरुद्ध न हों।

#### स्वच्छ शहर निर्माण में जनभागीदारी आवश्यक- महापौर

उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं व्यवस्थित शहर निर्माण में नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। यदि सभी लोग जिम्मेदारी के साथ स्वच्छता नियमों का पालन करेंगे तो शहर को जलभराव, गंदगी और बीमारियों से काफी हद तक मुक्त रखा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीदी में रिकॉर्ड तेजी, 34 हजार से अधिक किसानों को मिला सीधा लाभ

### 1.78 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन, पिछले वर्ष से 28 बढ़ी खरीदी : ढीमरखेड़ा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में रबी विपणन वर्ष के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य इस बार रिकॉर्ड रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 34,624 किसानों से 1 लाख 78 हजार 540 मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 28 प्रतिशत अधिक है। इस बढ़ी हुई खरीदी को किसानों के लिए राहत और व्यवस्था में सुधार के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। सरकारी दावों के मुताबिक उपार्जन प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के प्रयासों के चलते बड़ी संख्या में किसान इस बार समय पर स्लॉट बुक कर खरीदी केंद्रों तक पहुंचे। अब तक किसानों को 202.93 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा चुका है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी प्रवाह बढ़ा है। प्रशासन का दावा है कि भुगतान प्रक्रिया को लगातार तेज किया जा रहा है ताकि किसानों को किसी प्रकार की देरी का



सामना न करना पड़े। उपार्जन व्यवस्था में तहसील स्तर पर देखें तो ढीमरखेड़ा इस बार सबसे आगे रहा है, जहां 7,989 किसानों से 33,696 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी दर्ज की गई है। इसके बाद विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, रीठी और अन्य तहसीलों में भी उल्लेखनीय उपार्जन हुआ है। हालांकि बढ़ी हुई खरीदी के बीच अब भी किसानों की अपेक्षाएं व्यवस्था को लेकर बनी हुई हैं। कई जगहों पर स्लॉट बुकिंग, तौल प्रक्रिया और भुगतान की गति को लेकर किसान बेहतर सुविधा की उम्मीद जता रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार का गेहूं उपार्जन अभियान जहां आंकड़ों के लिहाज से अब तक का मजबूत प्रदर्शन दिखा रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर इसकी वास्तविक सफलता किसानों तक पहुंचने वाली सुविधा और संतुष्टि पर निर्भर करेगी।



## वर्षा जल संचय के लिए लोगों को किया जागरूक

कटनी (स्वतंत्रमत)।

वर्षा जल संचय के ऊपर लोगों को जागरूक किया गया इस अफसर पर डॉक्टर ब्रह्मा जसूजा ने शंख बजा कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जागृति पार्क के नागरिक उपस्थित थे, अनिल नेमा रेन वाटर सिस्टम अपने-अपने घरों में लगाने का विशेष अनुरोध किया एवं नरेंद्र चौरसिया ने जल संचय के छोटे-छोटे तरीके बताएं और लोगों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में जल संचय किया एवं जल संचय के लिए जागरूक भी किया नरेंद्र चौरसिया ने जल संजय के पंपलेट भी वितरित किया।

### 10000 डोज एंटी हीट स्ट्रोक दवा का फ्री वितरण

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** दीया ग्रुप (गायत्री परिवारन कटनी) द्वारा इस गर्म मौसम को देखते हुए दस हजार लू से बचाव की डोज डॉ विद्याभूषण खरे के निर्देशन में होम्योपैथी दवा की तैयार की गई है। 19 मई से दवा वितरण प्रारंभ हुआ है। प्राथमिकता में गायत्री परिवार के गृहे गृहे गायत्री यज्ञ संपन्न करने वाले परिवारों को बांटी जा रही हैं । 21 मई से सभी नागरिकों को 25 तारीख तक फ्री बांटी जाएगी। हमारे परिजन तहसील समन्वय समिति के माध्यम से तहसील और गांव में यह डोज मुफ्त प्राप्त कर सकते हैं। सभी तहसील समन्वयकों से निवेदन है, कि यह दवा निम्नलिखित दो स्थानों में से जिसमें से भी चाहे प्राप्त कर आम नागरिकों को अपने क्षेत्र में उपलब्ध करवाने में हमारी सहायता करें ताकि गर्मी के इस मौसम में लू के प्रकोप को कम किया जा सके।

## नौतपा से पहले उबला जिला, दोपहर में 'अघोषित कर्फ्यू'

### तीन दिनों में पारा 45.3 डिग्री तक पहुंचा, रातें भी बनीं मुश्किल, लू और उमस से जनजीवन बेहाल

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिला इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है और हालात ऐसे हैं कि मानो आसमान से आग बरस रही हो। नौतपा शुरू होने में अभी वक्त है, लेकिन सूर्यदेव के तेवर अभी से खौफनाक हो चुके हैं। पिछले 72 घंटों के भीतर शहर भट्टी की तरह तप गया है। बुधवार को अधिकतम तापमान इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 45.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सोमवार के 44.8 डिग्री सेल्सियस से करीब आधा डिग्री अधिक है। गर्मी का असर सिर्फ दिन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रातें भी अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई हैं। मंगलवार की रात इस सीजन की सबसे गर्म रात रही, जब न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालत यह है कि रात 12 बजे तक भी छतों और दीवारों से गर्म हवाएं



निकलती रहीं, जिससे कूलर और पंखे भी बेअसर साबित हो रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इस भीषण गर्मी की मुख्य वजह हवा में नमी का बेहद कम होना है। मंगलवार शाम को नमी मात्र 12 प्रतिशत और बुधवार को 13 प्रतिशत दर्ज की गई। नमी की कमी के कारण चलने वाली हवाएं राहत देने के बजाय सीधे लू के थपेड़ों की तरह शरीर को झुलसा रही हैं, जिससे लोगों को तेज जलन और बेचैनी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी का असर शहर के जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच सड़कों पर ट्रैफिक करीब 80 प्रतिशत तक कम हो जा रहा है। पन्ना नाका, बस स्टैंड और मुख्य बाजार जैसे इलाके लगभग खाली हो जाते हैं और शहर में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल बन जाता है। लोग अब केवल शाम 6 बजे के बाद ही जरूरी काम से बाहर निकल रहे हैं। स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट पर है। जिला अस्पताल और निजी लीनिकों में उल्टी, दस्त, तेज बुखार और चक्कर आने जैसे हीट स्ट्रोक के लक्षणों वाले मरीजों की संख्या में लगभग 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर में बाहर न निकलने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले 4-5 दिनों तक राहत की कोई उम्मीद नहीं है। राजस्थान की ओर से आ रही गर्म और सूखी पश्चिमी हवाओं के कारण तापमान और बढ़ सकता है तथा पारा 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। फिलहाल आसमान साफ रहेगा और लू का असर जारी रहने का रेड अलर्ट है।

# सदर्न डर्बी में सभी निगाहें विराट कोहली पर

हैदराबाद (वार्ता)।

विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग ताकत के बीच एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला शुक्रवार को यहाँ राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में धूम मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि आईपीएल 2026 का लीग चरण एक रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है। हालाँकि दोनों टीमों ने पहले ही प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई कर लिया है, फिर भी टॉप-टू में जगह बनाने की दौड़ में यह मुकाबला बहुत अहम है, जिससे इस सीज़न के सबसे ज़्यादा इंतज़ार वाले मैचों में से एक में और भी ज़्यादा रोमांच जुड़ गया है। सभी की नज़रें पूरी तरह से कोहली पर टिकी होंगी, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक ज़बरदस्त सीजन खेलकर अपने पुराने रंग में वापसी की है। भारत के पूर्व कप्तान ने 13 पारियों में 54.20 की औसत और 164.74 के स्ट्राइक रेट से 542 रन बनाए हैं, और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुँचने में आरसीबी की शानदार बढ़त की अगुवाई की है। सालों की अनियमितता और करीबी हार के बाद, बेंगलुरु को इस सीज़न में आखिरकार सही संतुलन मिल गया लगता है, जिसमें उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों यूनिट्स से योगदान मिल रहा है। आरसीबी 18 पॉइंट्स और 1.065 के बेहतरीन नेट रन रेट के साथ इस मुकाबले में उतर रही है, जिससे लीग चरण को टॉप पर खत्म करने के लिए वह पसंदीदा टीम बन गई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर 23 रनों की शानदार जीत के बाद आरसीबी के आत्मविश्वास को एक और बड़ा बढ़ावा मिला। वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जबकि कोहली ने



58 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। देवदत्त पडिक्कल के आक्रामक 45 रनों ने बेंगलुरु की बैटिंग लाइनअप की गहराई को और भी ज़्यादा उजागर किया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ भुवनेश्वर कुमार कर रहे हैं। एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि यह अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ हैदराबाद में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि आरसीबी के मुख्य गेंदबाज़ के तौर पर वापसी कर रहा है। भुवनेश्वर इस सीजन में असाधारण रहे हैं, और 13 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। हालाँकि, सनराइजर्स हैदराबाद के पास अपने दिन किसी भी विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए काफ़ी ताक़त है। पैट कमिंस की अगुवाई वाली इस टीम ने अपनी रणनीति आक्रामक बैटिंग और निडर इरादों के इर्द-गिर्द बनाई है, खासकर अपने घरेलू मैदान हैदराबाद में, जहाँ ज़्यादा स्कोर वाले मुकाबले अब एक आम बात हो गई है। दक्षिण अफ़्रीकी स्टार हेनरिक क्लासेन एसआरएच की बैटिंग की रीढ़ रहे हैं, जिन्होंने 13 मैचों में 50 से ज़्यादा की औसत से 555 रन बनाए हैं। अभिषेक शर्मा ने 200 से ज़्यादा के ज़बरदस्त स्ट्राइक रेट से 507 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया है, जिससे हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट में से एक बन गई है। एसआरएच ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को पाँच विकेट से हराकर प्लेऑफ़ में अपनी जगह पक्की कर ली। ईशान किशन ने 70 रनों की संयमित पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि क्लासेन के 47 रनों की आक्रामक पारी ने यह सुनिश्चित किया कि हैदराबाद आसानी से लक्ष्य का पीछा कर ले। आरसीबी ने इस सीज़न की शुरुआत में एसआरएच को छह विकेट से हराया था और अब वे लीग में दूसरी जीत हासिल करना चाहेंगे। हालाँकि, हैदराबाद की बैटिंग के लिए अनुकूल पिच और घरेलू दर्शकों का ज़ोरदार समर्थन शुक्रवार के इस मुकाबले को एक और हाई-स्कोरिंग रोमांचक मैच बना सकता है। जीत की लय, टीम का गौरव और टॉप-2 में जगह बनाने का मौका-ये सब दाँव पर लगे होने के कारण, फ़ैन्स नॉकआउट दौर शुरू होने से पहले ही प्लेऑफ़ जैसा माहौल देख सकते हैं।

# एस्टन विला ने फ्रीबर्ग को हराकर जीता यूरोपा लीग खिताब

**बर्लिन, (वार्ता)।** फ्रीबर्ग का अपनी पहली बड़ी ट्रॉफी का इंतज़ार जारी रहा, क्योंकि एस्टन विला ने हाफ-टाइम से पहले दो गोल किए और ब्रेक के बाद तीसरा गोल करके बुधवार को इस्तांबुल के बेसिकटास पार्क में यूरोपा लीग फाइनल 3-0 से जीत लिया। जूलियन शूस्टर ने वही शुरुआती लाइनअप चुना जिसने सेमीफाइनल में ब्रागा को हराया था; इसमें निकोलस होफलर, मैक्सिमिलियन एगेस्टीन के साथ डबल पिवट में थे और जोहान मंज़ाम्बी, इगोर मातानोविक के पीछे खेल रहे थे। उनाई एमरी ने भी अपने लाइनअप पर भरोसा बनाए रखा, और दोनों क्लबों की इस पहली भिड़ंत में विला ने ज़्यादा तेज़ी से लय पकड़ी। फ्रीबर्ग के गोलकीपर नोआ अटुबोलू की परीक्षा तीन मिनट के भीतर ही मॉर्गन रोजर्स ने ले ली, जबकि ओली वाटकिंस भी फ्रीबर्ग के इलाके में एक खतरनाक स्थिति में दिखे, लेकिन वे गोलकीपर को परेशान करने लायक ज़ोरदार शॉट नहीं लगा पाए। शुरुआती दौर काफी तेज़ गति से खेला गया, जिसमें रेफरी फ्रांकोइस लेटेक्सियर ने खिलाड़ियों की आपसी भिड़ंत को नियंत्रित करने के लिए तेज़ी से कदम उठाए। फिलिप ट्रेउ, एमिलियानो बुएंडिया और मैथ्यू कैश को शुरुआत में ही बुक कर दिया गया, लेकिन गोल के साफ मौके कम ही मिले, जब तक कि 17वें मिनट में होफलर का फ्रीबर्ग की ओर से हाफ-टाइम का सबसे अच्छा प्रयास गोल से थोड़ा



बाहर नहीं चला गया। विला को हाफ-टाइम से चार मिनट पहले एक शॉर्ट कॉर्नर रणनीति से सफलता मिली। रोजर्स की तिरछी गेंद यूरी टीलेमैन्स तक पहुंची, जिन्होंने 15 मीटर की दूरी से पहली ही बार में गेंद को गोल के बाएं कोने में पहुंचा दिया। फ्रीबर्ग, जो तब तक मुकाबले में बना हुआ था, हाफ-टाइम के आखिरी पलों में बैकफुट पर चला गया। कई कॉर्नर किक को साफ न किए जाने के बाद, जॉन मैकगिन ने गेंद बुएंडिया को पास की; बुएंडिया के पास गोल के इलाके के किनारे पर काफी जगह थी और उन्होंने स्टॉपेज टाइम में विला का दूसरा गोल करते हुए गेंद को गोल के ऊपरी-बाएं कोने में घुमाकर डाल दिया। ब्रेक के बाद फ्रीबर्ग नए जोश के साथ मैदान में उतरा, लेकिन विला ने शुरुआती दबाव का डटकर सामना किया और अपने गोल के आसपास विरोधियों के लिए बहुत कम जगह छोड़ी।



# इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूज़ीलैंड को सात विकेट से हराया

**डर्बी (वार्ता)।** एलिस कैप्सी (नाबाद 74) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 16 गेंदें शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। सोफिया डंकले (आठ) रन बनाकर आउट हुये। छठें ओवर में ब्री इलिंग ने मैया बाउचियर (पांच) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हीथर नाइट ने एलिस कैप्सी के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनें बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिए 43 रन जोड़े। 12वें ओवरम में ब्री इलिंग ने हीथर नाइट (19) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी फ्रेया केम्प ने एलिस कैप्सी के साथ चौथे विकेट लिए अविजित 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड ने 17.2 ओवरों में तीन विकेट पर 140 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। एलिस कैप्सी ने 51 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 74 रनों की पारी खेली।

# मालविका बंसोड़ बाहर: अश्मिता चालिहा ने भारत की उम्मीदें ज़िंदा रखीं

कुआलालंपुर (वार्ता)।

भारत की मालविका बंसोड़ गुरुवार को कुआलालंपुर में मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में, डेनमार्क की पूर्व यूरोपियन गेम्स चैंपियन लाइन कजर्सफेल्ट से हारकर बाहर हो गईं। स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में पहला गेम जीतने के बावजूद, महिला सिंगल्स बैडमिंटन रैंकिंग में 51वें स्थान पर मौजूद मालविका बंसोड़, दुनिया की 23वें नंबर की और आठवीं वरीयता प्राप्त डेनिश शटलर से 16-21, 21-8, 21-15 से हार गईं। लेकिन, अश्मिता चालिहा ने मलेशिया की गोह जिन वेई - जो दो बार की जूनियर विश्व चैंपियन और 2018 यूथ ओलंपिक्स की स्वर्ण पदक विजेता हैं - को 21-13, 21-16 से



हराकर भारत की महिला एकल चुनौती को जीवित रखा। मालविका बंसोड़ ने पहले गेम की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी; इंटरवल तक उन्होंने 11-6 की बढ़त हासिल कर ली और उसी लय को बरकरार रखते हुए पहला गेम आसानी से जीतकर मैच में अपनी पकड़ मज़बूत कर ली। हालाँकि, दूसरे गेम में मैच का रुख बदल गया। लाइन कजर्सफेल्ट ने शुरुआती आठ पॉइंट जीतकर मैच पर पूरी तरह से अपना नियंत्रण बना लिया, जिससे मैच निर्णायक गेम तक पहुँच गया।

निर्णायक गेम में इंटरवल तक मालविका बंसोड़ 11-8 से आगे थीं, लेकिन इसके बाद लाइन कजर्सफेल्ट ने भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के ख़िलाफ़ पासा पलट दिया और मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह बना ली। ओलंपियन लाइन कजर्सफेल्ट की मालविका बंसोड़ के ख़िलाफ़ खेले गए तीन मैचों में यह दूसरी जीत थी। बंसोड़ की हमवतन खिलाड़ी देविका सिहाग भी महिला सिंगल्स के दूसरे राउंड से बाहर हो गईं। उन्हें पूर्व ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त, पीपल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना की चेन युफेई के हाथों 21-16, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, भारत का पुरुष युगल अभियान समाप्त हो गया, जब एम.आर. अर्जुन और हरिहरन अमसकारुनन - जो बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय जोड़ी थे - चीन के हू केयुआन और लिन शियांगयी के हाथों 21-14, 21-15 से हार गए।

# हार्दिक पंड्या पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना

कोलकाता, (वार्ता)।



मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है। यह कार्रवाई बुधवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले गए मैच नंबर 65 के दौरान, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। हार्दिक पंड्या को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग्स का गलत इस्तेमाल से संबंधित है। यह घटना मैच की दूसरी पारी के 10वें ओवर की चौथी गेंद पर हुई, जब हार्दिक पंड्या ने अपने रन-अप की ओर वापस जाते समय, विकेट की बेल्स को ज़ोर से मार दिया था। हार्दिक पंड्या ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा उन पर लगाए गए दंड को भी मान लिया है।

# वर्ल्ड कप से पहले नेमार को फिर चोट लगी



रियो डी जेनेरो (वार्ता)। फीफा वर्ल्ड कप में ब्राज़ील के पहले मैच से एक महीने से भी कम समय पहले, नेमार को फिर से चोट लगने का खतरा पैदा हो गया है। 34 साल के सैंटोस के स्टार खिलाड़ी ने बुधवार को सैन लोरेंजो के खिलाफ अपनी टीम का घरेलू कोपा सुदामेरिकाना मैच नहीं खेला, क्योंकि उन्हें पिंडली में चोट लगी थी। हालांकि, ब्राज़ीलियाई क्लब ने यह कहकर चिंताओं को दूर करने की कोशिश की कि चोट गंभीर नहीं है। सैंटोस टीम के डॉक्टर रोड्रिगो ज़ोगैब ने कहा कि यह फॉरवर्ड खिलाड़ी 27 मई को ब्राज़ील के वर्ल्ड कप से पहले होने वाले पहले ट्रेनिंग सेशन के लिए तैयार हो जाएगा। न्यूज़ आउटलेट ओ ग्लोबो ने ज़ोगैब के हवाले से कहा, नेमार नेशनल टीम में पूरी तरह फिट या लगभग फिट होकर शामिल होंगे।

# स्लोएन स्टीफेंस फ्रेंच ओपन के मेन ड्रॉ के लिए क्वालिफाई



**पेरिस (वार्ता)।** फ्रेंच ओपन की पूर्व रनर-अप स्लोएन स्टीफेंस इस साल मेन ड्रॉ में वापसी करेंगी, जब उन्होंने गुरुवार को पेरिस में क्वालिफ़ाइंग के 16 स्थानों में से एक हासिल कर लिया। 32 साल की अमेरिकी खिलाड़ी, जो अब रैंकिंग में 361वें स्थान पर हैं, एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वालिफ़ाइंग के तीसरे और अंतिम दौर में लेयर रोमेरो गोर्माज़ को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया। वह पिछले 15 सालों में 14वीं बार पेरिस में मेन ड्रॉ में हिस्सा लेंगी। हालांकि उन्होंने यूएस ओपन का खिताब जीता है, लेकिन स्टीफेंस ने अपनी सबसे ज़्यादा ग्रैंड स्लैम जीत पेरिस में ही हासिल की हैं। वह नौ बार दूसरे हफ़्ते तक पहुंची हैं और रौलां -गैरो में उनके नाम 35 मेन-ड्रॉ मैच जीत दर्ज हैं - जो न्यूयॉर्क से 11 ज़्यादा हैं; न्यूयॉर्क उनके लिए चार बड़े टूर्नामेंटों में दूसरे स्थान पर आता है। गुरुवार को दूसरे सीड वाली खिलाड़ी सिंजा क्रौस भी आगे बढ़ीं। दुनिया में 101वें स्थान पर काबिज़ 24 साल की ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने अन्ना-लेना फ्रीडसम को 6-1, 6-1 से हराकर ग्रैंड स्लैम के मेन ड्रॉ में अपनी पहली जगह पक्की की। आठवें सीड वाली खिलाड़ी माजा च्वालिंस्का फ्रेंच ओपन के मेन ड्रॉ में अपना पहला मैच खेलेंगी, जब उन्होंने सुज़ान लैमेंस को 7-6 (7-5), 7-5 से हराया; वहीं नौवें सीड वाली खिलाड़ी मयार शरीफ़ ने ग्रीट मिनेन को 6-3, 6-0 से हराकर अपने करियर में पांचवीं बार पेरिस के मेन ड्रॉ में जगह बनाई।

# विशिष्ट रसायनों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की जरूरत: तेजवीर सिंह

नयी दिल्ली (वार्ता)।

केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग के सचिव तेजवीर सिंह ने पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति श्रृंखला में उत्पन्न व्यवधानों का उल्लेख करते हुए उद्योग जगत से विशिष्ट रसायनों की क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री सिंह ने यहां उद्योगमंडल एसोचैम द्वारा इस विषय पर आयोजित सम्मेलन-इंडिया स्पेशियलिटी केमिकल्स कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि देश के आयात खर्च में पेट्रोलियम के बाद पेट्रोरसायन क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा है और इसके कारण इस सदी की शुरुआत से हमारा व्यापार घाटा काफी बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा, बजट



घोषणा के अनुरूप लगभग 8 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले तीन समर्पित केमिकल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए 5 वर्षों की अवधि में 1000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। देश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों में स्थापित 18 उत्कृष्टता केंद्र महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं और उद्योग जगत को बेहतर उद्योग-अकादमिक सहयोग के लिए इनके साथ जुड़ना चाहिए। सचिव ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांकके लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय हेतु उद्योग डेटा संग्रह अब मासिक आधार पर किया जाएगा तथा डेटा इकाइयों की संख्या 245 से बढ़ाकर लगभग 400 कर दी गई है, ताकि सूचकांक अधिक प्रतिनिधिक बन सके। एसोचैम की राष्ट्रीय रसायन एवं पेट्रोकेमिकल परिषद के अध्यक्ष सागर कौशिक ने कहा, पेट्रोकेमिकल्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स क्षेत्र को पुनर्स्थापित करने की एक महत्वपूर्ण यात्रा जारी है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2040 तक एक लाख करोड़ डॉलर का उत्पादन हासिल करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभूतपूर्व स्तर पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता होगी, क्योंकि घरेलू मांग लगातार बढ़ रही है और यदि हम इस मांग को पूरा नहीं कर पाए तो आयात पर निर्भरता बढ़ने का जोखिम रहेगा। उद्योग को अपनी क्षमता को पूरी तरह खोलने के लिए समान अवसर की आवश्यकता है। एसोचैम की राष्ट्रीय रसायन एवं पेट्रोकेमिकल परिषद के सह-अध्यक्ष कपिल मल्होत्रा ने कहा, च्छोटे विकासशील देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), चाहे वे कितने भी विकसित क्यों न हों, व्यापार घाटा बढ़ा सकते हैं क्योंकि उनके लिए भारत एक बड़ा बाजार है, जबकि उनके बाजार अपेक्षाकृत छोटे हैं। ऐसे समझौते दोनों देशों के लिए लाभकारी स्थिति सुनिश्चित करने वाले होने चाहिए।

## ऐतिहासिक निचले स्तर से उबरा रुपया, 49 पैसे मजबूत

**मुंबई (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को 49.50 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 96.36 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 16 पैसे टूटकर 96.86 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने बताया कि मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण रुपया मजबूत हुआ है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में चार प्रतिशत की तेजी और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में रही तेजी से रुपये की गिरावट सीमित रही। रुपया आज 61 पैसे की बढ़त में 96.25 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। बीच कारोबार में यह ऊपर 96.05 रुपये और नीचे 96.60 रुपये प्रति डॉलर तक गया। रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से आज डॉलर की बिकवाली की। इससे रुपये को मजबूती मिली और वह सर्वकालिक निचले स्तर से उबरने में कामयाब रहा।

## मारुति सुजुकी के वाहन जून से 30 हजार रुपये तक होंगे महंगे



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने जून से अपने वाहनों के दाम 30 हजार रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि लागत मूल्य लगातार बढ़ने के कारण कंपनी ने वाहनों के दान बढ़ाने का फैसला किया है। उसने कहा है कि पिछले कुछ महीने से वह लागत कम करने के उपायों के जरिये लागत के असर को कम करने का प्रयास कर रही थी। हालांकि अब मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने और लागत से जुड़ी विपरीत परिस्थितियों के जारी रहने के कारण बढ़ी लागत का कुछ बोझ ग्राहकों पर जरूरी हो गया है। उसने बताया है कि ग्राहकों पर कम से कम बोझ डालने का प्रयास किया गया है। अलग-अलग मॉडलों के लिए कीमत में वृद्धि भी अलग-अलग होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर एल्यूमीनियम तथा वाहन उद्योग के लिए जरूरी कुछ अन्य कच्चे माल की कीमत काफी बढ़ गयी है। यही कारण है कि मारुति सुजुकी ने वाहनों के दाम बढ़ाने का ऐलान किया है।

# पारले इंडस्ट्रीज का शेयर दो दिन में 10 प्रतिशत चढ़ा

मुंबई (वार्ता)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इटली की उनकी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी का मेलोडी वीडियो सामने आने के बाद दो दिन में पारले इंडस्ट्रीज का शेयर 10 प्रतिशत उछल चुका है। पारले इंडस्ट्रीज का शेयर 19 मई को पांच रुपये पर बंद हुआ था। यह बुधवार को 5.25 रुपये पर और गुरुवार को 5.51 रुपये पर बंद हुआ। इटली की प्रधानमंत्री द्वारा शेयर किये गये वीडियो में श्री मोदी उन्हें जो उपहार दे रहे हैं वह पारले प्रोडक्टस कंपनी है, लेकिन उसका फायदा शेयर बाजार में सूचीबद्ध पारले इंडस्ट्रीज को मिल रहा है। हाउस ऑफ पारले प्रोडक्ट्स के नाम से 1928 में स्थापित कंपनी से ही भाइयों के बीच बंटवारे के कारण पारले इंडस्ट्रीज अलग हुई थी। उधर गैर-सूचीबद्ध कंपनी पारले प्रोडक्ट्स ने भी बताया है कि वह मेलोडी टॉफी का उत्पादन बढ़ा रही है।मेलोडी वीडियो के बाद देश और विदेश में इस टॉफी की मांग बढ़ने की उम्मीद



है। दरअसल, पिछले कुछ समय से जब भी सुश्री मेलोनी श्री मोदी के साथ अपनी तस्वीर या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करती हैं तो वह इसके साथ हैशटैग मेलोडी लगाती हैं जो दोनों नेताओं के नामों को मिलाकर बना है। उन्होंने पहली बार 01 दिसंबर 2023 के एक पोस्ट में इस हैशटैग का इस्तेमाल किया था। इस सप्ताह चार अन्य देशों के साथ इटली की यात्रा पर गये श्री मोदी ने इसे हल्का-फुल्का रंग देते हुए उन्हें पारले प्रोडक्ट्स की मेलोडी टॉफी उपहार में दी थी।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लुढ़का सेंसेक्स

मुंबई (वार्ता)।

बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक शुरुआती तेजी के बाद अंत में लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 135.03 अंक (0.18 प्रतिशत) की गिरावट में 75,183.36 अंक पर रहा। सुबह 627 अंक चढ़ने के बाद दोपहर में यह 323 अंक तक टूट गया था। इस प्रकार इसमें करीब 950 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी ऐसा ही रहा और यह अंत में 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 23,654.70 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिर गया जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहा। आईटी, बैंकिंग, वित्त और एफएमसीजी सेक्टरों पर बिकवाली का दबाव रहा। रियलटी,



स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में तेजी देखी गयी। एनएसई में जिन 3,381 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,908 के शेयरों में तेजी और 1,373 में गिरावट रही। अन्य 100 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.74 प्रतिशत टूट गया। हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.37, टेक महिंद्रा में 1.36, इंफोसिस में 1.27, बजाज फिनसर्व में 1.15 और भारती एयरटेल में 1.05 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और इटरनल के शेयर भी लाल निशान में रहे। इंडिगो का शेयर 3.25 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल में 1.77 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 1.12 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 3.14 फीसदी की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंग सेंग 1.03 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.04 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.32 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.59 प्रतिशत नीचे था।

# नागरिकों की सुविधा के लिये सुगम परिवहन सेवा योजना शीघ्र प्रारंभ करें : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग की समीक्षा में चौकियों को एकीकृत करने के दिए निर्देश

भोपाल (स्वतंत्र मत)




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों को संस्थागत लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना शीघ्र प्रारंभ की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बताया गया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा सचिवालय का गठन किया जा रहा है। बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आमजन के लिए सुरक्षित, सुगम और सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। बेहतर लोक परिवहन आसान यात्रा का साधन ही नहीं, प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास की जीवन रेखा भी है। प्रदेश की सीमा में अन्य राज्यों से आने वाले मालवाहक वाहनों की जांच के लिए परिवहन चौकियों और टोल नाकों को और अधिक आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न बनाया जाए। इसके लिए परिवहन चौकियों को शीघ्र ही एकीकृत (इंटीग्रेटेड) करने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राह-वीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग में मानव संसाधन की कमी की पूर्ति अभियान चलाकर की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक दुर्घटना क्षेत्रों की मैपिंग करा ली जाए, जिससे जरूरतमंदों को जल्द से जल्द मेडिकल सर्विसेस मुहैया कराई जा सकें। विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही एम्बुलेंस सेवाओं को एक प्लेटफार्म पर लाया जाए, जिससे दुर्घटना क्षेत्रों में जरूरतमंद तक 30 मिनट से भी कम समय में एम्बुलेंस ऑटो मोड (जो स्पॉट से निकटतम हो) में पहुंच जाए।

### म.प्र. राज्य सड़क सुरक्षा सचिवालय का होगा गठन

बैठक में सचिव परिवहन मनीष सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा क्रियान्वित पीएम-राहत योजना एवं राहवीर योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, पूरे देश में पहले स्थान पर है। पीएम-राहत योजना में राज्य के सभी 55 जिलों में जिला नोडल अधिकारियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है। योजना में कुल 2,298 प्रकरणों में से 1692 प्रकरण अनुमोदित कर दिए गए हैं। राह-वीर योजना में कुल 109 आवेदन मिले, इनमें से 49 प्रकरण मंजूर कर लिए गए हैं। बालाघाट जिले में राह-वीर योजना पर बहुत अच्छा काम हुआ है। बैठक में बताया गया कि हाल ही में मध्यप्रदेश में हुई सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक में कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा इन दोनों योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की पहल की बेहद सराहना की गई है। इसी कमेटी की अनुशंसा पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में पृथक से म.प्र. राज्य सड़क सुरक्षा सचिवालय का गठन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में विभाग को दिए गए 4,400 करोड़ रूपए के लक्ष्य के विरूद्ध कुल 4911.78 करोड़ रूपए राजस्व आय अर्जित की गई। दिए गए लक्ष्य से विभाग द्वारा 111.6 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जन किया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 5,721 करोड़ रूपए राजस्व आय का लक्ष्य रखा गया है। परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में 51 प्रकार की फेसलेस सर्विसेस दी जा रही हैं। इससे नागरिकों को बिचौलियों से तो मुक्ति मिली ही है, साथ ही पारदर्शितापूर्ण सेवा प्रदाय भी सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी उपलब्धियों के लिए विभागीय मंत्री, अधिकारियों एवं मैदानी अमले को भी बधाई दी।

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण नेटवर्क विस्तार, महिला सुरक्षा और प्रदेश के नागरिकों को संस्थागत लोक परिवहन की सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार की मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना का जल्द से जल्द फील्ड में शुभारंभ किया जाए। सचिव, परिवहन मनीष सिंह ने बताया कि योजना को धरातल पर लाने के लिए तेजी से प्रक्रियागत काम जारी है। यह योजना दो चरणों में चलाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश में 7 क्षेत्र क्रमशः इंदौर, उज्जैन, भोपाल (नर्मदापुरम सहित), जबलपुर, सागर, ग्वालियर (चंबल सहित) एवं रीवा (शहडोल सहित) स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में चलाई जाने वाली बसों के लिए क्षेत्रीय मुख्यालयों से उपनगरीय क्षेत्रों तक विस्तारित मार्ग मंजूरी की विभागीय अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अन्य क्षेत्रों के विस्तारित मार्गों की अधिसूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में प्रदेश के कुल 1,164 मार्गों पर लगभग 5,206 बसों का संचालन अगले दो सालों में किया जाएगा। इन सभी बसों की सुचारू मॉनिटरिंग के लिए एक दक्ष एवं इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट मैंनेजमेंट सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में इंदौर क्षेत्र के कुल 121 मार्गों में कुल 608 बसें, उज्जैन क्षेत्र के 120 मार्गों में 371 बसें, भोपाल क्षेत्र के 104 मार्गों में 398 बसें, जबलपुर क्षेत्र के 83 मार्गों पर 309 बसें, सागर क्षेत्र के 92 मार्गों में 344 बसें, ग्वालियर क्षेत्र के 65 मार्गों में 298 बसें तथा रीवा क्षेत्र के 35 मार्गों में 184 बसें चलाई जाएंगी। योजना के तहत चलाई जाने वाली सभी बसों का रंग एक जैसा होगा, ताकि एकरूपता बनी रहे।

### ई-डिटेक्शन प्रणाली प्रारंभ करने की व्यवस्था

सचिव परिवहन ने बताया कि ड्रायविंग लायसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र को सहज बनाने के लिए विभाग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 से डिजिटल फार्म में प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रदेश में ई-डिटेक्शन प्रणाली प्रारंभ करने की व्यवस्था की जा रही है। इस पर काम प्रगति पर है। इस प्रणाली से चिन्हित स्थानों पर लगे कैमरों द्वारा वाहनों की नंबर प्लेट अपने आप स्कैन हो जाएगी। स्कैन किए गए वाहन क्रमांक से दस्तावेज वाहन पोर्टल से स्वतः जांच होकर सीधे ऑनलाइन भेज दिया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, परिवहन आयुक्त उमेश जोगा सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



# राजीव गांधी होते तो देश की परिस्थितियां कुछ और होती : मानक पटैल

दमोह (स्वतंत्र मत)

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माता स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने शहीद दिवस मनाते हुए एवं आतंकवाद के खिलाफ शपथ लेते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटैल ने कहा कि भारत देश के पीएम द्वारा अधोषित आपातकाल लादा जा रहा है राजीव गांधी होते तो देश वर्तमान परिस्थितियां कुछ और होती। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि देश का आम नागरिक जरूरत की बस्तुओ के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा है और पीएम मोदी मैलोनी संग मेलोडी चाकलेट खा रहे है। वीरेन्द्र दबे, संजय चौरसिया, पंचायती राज प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहन पाठक, प्रदीप पटैल, नितिन मिश्रा ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनका सौम्य व्यक्तित्व और देश के लिए कुछ करने का जजबा खासकर युवाओं के लिए कम्प्यूटर क्रांति को देश में लागू करना ऐतिहासिक कदम था। वीरेन्द्र राजपूत, विजय बहादुर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डी.पी. पटैल, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, डालचंद कुशवाहा, लक्ष्मण चौरसिया, मुकेश रोहिताश, अरूण दुबे, खिल्लू ठाकुर, श्रीकांत पटैल, देवू तिवारी ने उपस्थित रहकर राजीव जी का पुण्य स्मरण किया।

## भोले सराफ मनोनीत सदस्य निर्माण समिति जिला शिक्षा केन्द्र

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष भोले सराफ चाचा को जिला शिक्षा केन्द्र दमोह की जिला स्तरीय निर्माण समिति में अशासकीय सदस्य मनोनीत किए जाने पर क्षेत्रभर में हर्ष व्यक्त किया जा रहा है। उनके मनोनयन पर सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके लंबे अनुभव और सक्रिय कार्यशैली से शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे तथा जिले में शैक्षणिक विकास को गति मिलेगी। शुभचिंतकों ने भोले सराफ चाचा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की है।

## बाप-बेटे पर हार्डवेयर व्यापारी से लूट का आरोप

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में धरमपुरा फाटक के पास बुधवार रात एक हार्डवेयर व्यापारी के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। व्यापारी के अनुसार बाप बेटे दो ने मिलकर हमला किया और उनका सामान छीन लिया। घायल व्यापारी को उनका भाई इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गया, जहां पुलिस ने पहुंचकर उनके बयान लिए। हटा नाका के रहने वाले व्यापारी रजनीश उर्फ रानू साहू ने बताया कि उनकी हटा नाका पर ही हार्डवेयर की दुकान है। वे ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहे के सरिया लादकर धरमपुरा फाटक की तरफ जा रहे थे। तभी पीछे से पप्पू उर्फ आशिक और उसका बाप पुल्लि कुरैशी आए। उन्होंने रानू को टोकते हुए पूछा कि सरिया में कुछ बांधा। क्यों नहीं है। रानू ने ट्रैक्टर रोककर कहा कि बोरी बांधी थी, शायद कहीं गिर गई होगी। विवाद के दौरान आरोपियों ने रानू से पैसे मांगे। जब रानू ने अपने भाई को फोन लगाया और भाई के आने में थोड़ी देर हुई तो दोनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

# जनजातीय कल्याण के सरकार कर रही प्रभावी प्रयास : पटेल

## राज्यपाल जनजातीय समुदाय से संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं ने जनजातीय समुदाय के लिए आवास, आरोग्य और जन कल्याण के प्रभावी कार्य किए है। उन्होंने कार्यक्रम में जनजातीय लोक कलाकारों द्वारा पारंपरिक लोक नृत्य एवं गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियां को क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया है। राज्यपाल श्री पटेल गुरुवार को पांढुर्णा के ग्राम आमला में आयोजित जनजातीय समुदाय से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। आमजन को संबोधित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने पांढुर्णा जिले के प्रवास के दौरान ग्राम खुटामा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के हितग्राही राजू धुर्वे के घर पर आत्मीय भोज किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आयुष्मान योजना हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की अभूतपूर्व योजना है। आमजन को गंभीर बीमारियों के उपचार में बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को भी योजना में उपचार का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न आयोजनों में मिलने वाले परिवार उन्हें बताते है कि पक्के आवास का उनका सपना प्रधानमंत्री आवास योजना ने साकार किया है। उन्होंने सिकल सेल बीमारी की जांच एवं उपचार के लिए प्रदेश में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

***मानव स्वास्थ्य के लिए प्राकृतिक खेती अत्यंत उपयोगी***- राज्यपाल श्री पटेल ने किसानों द्वारा उत्पादित प्राकृतिक जैविक उत्पादों को मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभकारी बताया हैं। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात ग्राम पंचायत आमला में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा लगाए गए प्राकृतिक जैविक उत्पादों के स्टॉल पर प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से चर्चा के दौरान कही है। उन्होंने कृषक मटरूलाल डोंगरे, ग्राम भूम्मा से उनके द्वारा उत्पादित जैविक हल्दी एवं जैविक तुअर दाल तथा कृषक मोरेश्वर दानवे, सौसर से उनके द्वारा उत्पादित शुगर फ्री जैविक काला आलू एवं प्राकृतिक सोना मोती गेहूं की जानकारी प्राप्त की।

***विद्यार्थियों ने दी गोंडी नृत्य की प्रस्तुति***- राज्यपाल श्री पटेल का सांदीपनि विद्यालय सौंसर के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अभिनंदन किया गया। शासकीय हाईस्कूल आमला के विद्यार्थियों ने आकर्षक गोंडी नृत्य की प्रस्तुति दी। राज्यपाल श्री पटेल द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। दिव्यांगता प्रमाण पत्र, क्षय रोगियों को फूड बास्केट, आयुष्मान योजना के हितग्राहियों को कार्ड, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को सहायता, किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड और मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन तथा पशुपालन विभाग के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ द्वारा राज्यपाल श्री पटेल का जामसांवली के प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से नाबालिग की मौत

दमोह (स्वतंत्र मत)

जिले के पटेरा में एक 17 वर्षीय नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया है। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम में देरी होने पर परिजनों ने पटेरा के मुख्य सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया और जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को तत्काल पोस्टमार्टम कराने और झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, महेवा थाना रनेह निवासी गंगा बर्मन की। 17 वर्षीय बेटी रिंकी बर्मन को बुधवार शाम बुखार आने पर परिजन पटेरा के एक झोलाछाप डॉक्टर के पास इलाज के लिए लाए थे। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर एलडी चौधरी ने रिंकी को बोतल चढ़ाने के साथ 7 से 8 इंजेक्शन लगाए। उपचार के बाद डॉक्टर ने परिजनों से कहा कि बच्ची अब ठीक हो जाएगी और उसे घर भेज दिया। परिजनों के अनुसार, घर पहुंचने के लगभग एक घंटे बाद ही रिंकी की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। उसका पूरा शरीर सुन्न पड़ गया और वह बेहोश हो गई। घबरा, परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा लेकर पहुंचे। जहां उन्हें बताया गया कि मामला रनेह थाना क्षेत्र का है और वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है। प्रशासनिक लापरवाही से नाराज होकर परिजनों और ग्रामीणों ने दोपहर करीब 12 बजे मुख्य सड़क पर वाहन खड़े कर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। थाना प्रभारी ने परिजनों को समझाइश दी और तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद परिजनों ने जाम समाप्त किया। पटेरा पुलिस ने स्वयं पंचनामा कार्रवाई शुरू करवाई और बाद में पोस्टमार्टम कराया गया। करीब 1 बजे शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## अन्नप्राशन संस्कार संपन्न वैदिक मंत्रों के बीच शिशु को कराया अन्न ग्रहण

*हटा।* गायत्री परिवार हटा के तहसील समन्वयक डॉक्टर रूप सिंह राजपूत की सुपुत्री जागृति राजपूत एवं दीपक राजपूत के बालक का अन्नप्राशन संस्कार श्रद्धा और वैदिक रीतिरिवाजों के साथ संपन्न हुआ। संस्कार के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ज्योति राजपूत एवं अंकुश राजपूत ने शिशु को संस्कारित अन्न के रूप में गाय के दूध से बनी खीर का प्रथम सेवन कराया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मेहेर अखिल रामचंदानी W/O अखिल रामचंदानी निवासी-289 नेपियर टाउन मार्ग, अखिलालय अपार्टमेंट के सामने जबलपुर ये घोषणा करती हूँ कि शादी के पूर्व मेरा नाम प्रियंका विनोद जवाहरानी था मेरी शादी श्री अखिल रामचंदानी जी से हुई है। अतः अब से मुझे मेहेर अखिल रामचंदानी से जाना पहचाना जाये।

पुराना नाम
प्रियंका विनोद जवाहरानी
(Priyanka Vinod Jawahrani)
नया नाम
मेहेर अखिल रामचंदानी
(Meher Akhil Ramchandani)

**नाम सुधार सूचना**

मैं दीपक जयसिंघानी पिता श्री धरम दास जयसिंघानी निवासी-एफ-801, मुस्कान हाईट्स, नेपियर टाउन, जबलपुर यह कथन करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट में मेरा नाम दीपक कुमार जयसिंघानी लिखा है, परन्तु मेरे सभी सभी शासकीय दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक, आदि में मेरा नाम दीपक जयसिंघानी लिखा है। अतः अब से मुझे दीपक जयसिंघानी पिता श्री धरम दास जयसिंघानी से जाना व पहचाना जाये।

पुराना नाम
दीपक कुमार जयसिंघानी
नया नाम
दीपक जयसिंघानी

# मध्यप्रदेश पुलिस के जवान ने अंतरर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीते 4 गोल्ड मेडल

## कानून व्यवस्था के साथ खेल जगत में भी मध्यप्रदेश पुलिस के जवानों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी कानून व्यवस्था के साथ-साथ खेल, सामाजिक एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न गतिविधियों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में जिला उज्जैन पुलिस में पदस्थ आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता वर्ल्ड्स मास्टर्स पावर गेम्स-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 04 गोल्ड मेडल अर्जित कर मध्यप्रदेश पुलिस के साथ प्रदेश एवं देश को गौरवान्वित किया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने आरक्षक सौदान सिंह चौहान की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के जवानों की ऐसी



उपलब्धियां न केवल विभाग का मान बढ़ाती हैं, बल्कि युवाओं को खेलों एवं फिटनेस के प्रति प्रेरित भी करती हैं। मास्टर्स गेम फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 13 मई से 16 मई 2026 तक मडगांव, गोवा में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की, जहां मध्यप्रदेश पुलिस के आरक्षक सौदान सिंह चौहान ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा, अनुशासन, समर्पण एवं कठिन परिश्रम का उत्कृष्ट परिचय दिया। उन्होंने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 04 गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 0289/अ-6/2026-27

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामेश्वर सिंह पिता ईश्वर सिंह निवासी 530 मण्डला रोड बिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. नं. बं. 50 प्लाट 49 ख. नं. 97 में से रकवा 2400 वर्गफुट/ हेक्टेयर रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि आवेदक/आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति तहसील रांझी के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.05.2026 को जारी।

जारी दिनांक 19/05/2026
पेशी दिनांक 04/06/2026

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कालेज के पास धनवंतरी नगर, जबलपुर -482003

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण. को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित हाथीताल कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक L-07 श्री सुब्रत एस. राय पिता स्व. श्री ऐ.सी. राय को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11.03.1996 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री सुब्रत एस. राय पिता स्व. श्री ऐ.सी. राय का निधन दिनांक 20. 04.2018 को हो गया है उनकी पत्नी श्रीमती नमिता सुर राय पति स्व. श्री सुब्रत एस. राय के द्वारा नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन/दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कटंगा कॉलोनी जबलपुर में भवन क्रमांक MIG Sr. -51 श्री दीपक कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री घनश्याम अग्रवाल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13.05.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री दीपक कुमार अग्रवाल पिता स्व. श्री घनश्याम अग्रवाल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 10.04.2026 के माध्यम से श्रीमती रश्मि चौकसे पति श्री अभिषेक चौकसे को विक्रय किया है। अतः श्रीमती रश्मि चौकसे पति श्री अभिषेक चौकसे द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर ज़ किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**आम सूचना**

मैं अपनी पक्षकार अवतार पटेल पिता स्व. श्री मदन पटैल से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार व अन्य (1)कल्तुराम (2) लल्लू राम (मृत द्वारा वारसान), (3) विनोद (4) मदन (मृत द्वारा वारसान) (5) राजेन्द्र कुमार (6) राम बाई एवं (7) कृष्णा बाई पटेल भूमि खसरा नं. 77/3/2 रकवा 0.0391 हेक्टयर (4208.6 Sq. Fts ), खसरा नं. 77/3/3 रकबा 0.0529 हेक्टयर (5694.1 Sq Fts) कुल रकवा = 9.902.7 Sq Fts जो की ग्राम - तिलवारा घाट पटवारी हल्का रमनगरा तहसील-गोरखपुर जिला जबलपुर में स्थित है के भूमिस्वामी एवं मालिक काबिज है जिस पर पुराने मकान बने हुए हैं। यह कि मेरी पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उसकी उपर वर्णित संपत्ति को देवेंद्र विदेही के द्वारा एवं अन्य व्याक्तियों, प्रार्पटी ब्रोकर्स व असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर मेरी पक्षकार की उपरोक्त सम्पत्ति को जबरन कब्जा कर फर्जी तरीके से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है एवं कब्जा में दखल दिया जा रहा है एवं वाद विवाद किया जा रहा है। यह कि मेरी पक्षकार उपरोक्त सभी के खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु अग्रसर है। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार की उपर वर्णित सम्पत्ति के संबंध में उपरोक्त व्यक्ति या उसके प्रतिनिधि से क्रय-विक्रय लेनदेन ना करे कब्जा में दखल न दे अन्यथा वह व्यक्ति स्वयं जवाबदार होगा। व उस पर विधि अनुसार कार्यवाहीं की जावेगी।

जबलपुर दिनांक 21/5/2026

जितेश श्रीवास्तव
(अधिवक्ता)
मप्र हाईकोर्ट जबलपुर
मो नं. 9300603552

**कार्यालय तहसीलदार सिहोरा तहसीलदार सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक / / प्रवा. न. / तह. / 2026
सिहोरा दिनांक /05/2026

**इश्तहार**

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री हिमांशु वासुदेव पिता सुनील पंजाबी निवासी वार्ड नं. 10 सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र. द्वारा मुख्त्यारआम सुनील पंजाबी पिता सेवाराम भूखंड मौजा सिहोरा प.ह.नं. 06 खितौला तह. सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र. के अंतर्गत नजूल सिहोरा के नजूल शीट नं. 31 बी प्लाट नं. 28/2 रकवा 55 वर्गमीटर वर्तमान नजूल रिकार्ड में सेवाराम पंजाबी पिता परमानंद पंजाबी निवासी सिहोरा के नाम पर दर्ज है, जो उनकी स्वअर्जित संपत्ति है एवं एक भूखंड मौजा सिहोरा प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. खितौला तह. सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र. के अंतर्गत नजूल सिहोरा के नजूल शीट नं. 31 बी प्लाट नं. 28/1 रकवा 124 वर्गमीटर वर्तमान नजूल रिकार्ड में शरीफन पति नसीर अहमद, सन्नू, फिरदौस बानो, तबस्सुम बानो, बेबी तरन्नुम बानो पिता नासीर, नसीम, रफीक, इस्माईल, लतीफ, बाबर, सफदर, मदीना बी, शहीना बी पिता अब्दुल रशीद खां निवासी सिहोरा के नाम पर दर्ज है उक्त संपत्ति में से रकवा 51 वर्गफुट या 4.74 वर्गमीटर को आवेदक के दादा सेवाराम पंजाबी ने विक्रय पत्र दिनांक 01/09/2000 के माध्यम से क्रय किया था, एवं उपरोक्त संपत्ति मौके पर चक है जिसे आवेदक मुझ के दादा सेवाराम ने मुझको अपने जीते जी वसीयत कर दी थी। आवेदक / मुख्त्यारआम के द्वारा विक्रयपत्र, सादे कागज में बिना नोटराइज लिखी गयी सह-वसीयत के आधार पर नामांतरण कराये जाने हेतु आवेदन पत्र, नजूल खसरे की नकल, चालान की प्रति, बैनामा की छायाप्रति न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत किया है।
अतः आवेदक / मुख्त्यारनामा श्री हिमांशु वासुदेव पिता सुनील पंजाबी निवासी वार्ड नं. 10 सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र. को वसीयत के आधार पर नामान्तरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है तो जारी दिनांक 08/5/26 से दिनांक 25/5/26 तक अपनी आपत्ति न्यायालय नजूल तहसीलदार सिहोरा के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है बाद आयी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

तहसीलदार नजूल, सिहोरा

> बरगी क्षेत्र में कृषि रथ यात्रा का हुआ शुभारंभ



## आधुनिक और उन्नत खेती की जानकारी दे रहा कृषि रथ

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)** । किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत जबलपुर जिले में कृषि जागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के सभी सातों विकासखंडों में 'कृषि रथ' गांव-गांव पहुंचकर किसानों को आधुनिक और उन्नत खेती के तौर-तरीके सिखा रहे हैं। बरगी क्षेत्र के ग्राम रेंगाझोरी, सालीवाड़ा और सुकरी, मंगेला में इस रथ यात्रा का भव्य आयोजन हुआ, जहां किसानों को खेती की नई तकनीकों के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बरगी क्षेत्र में कृषि रथ यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने हरी झंडी दिखाकर किया।

> वार्डवार हुआ जल चौपाल का आयोजन

## नगर निगम अध्यक्ष ने सुनी जनता की समस्याएं

**जबलपुर।** गर्मियों के मौसम में नागरिकों को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पानी से संबंधित शिकायतों के मौके पर ही निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा वार्डवार जल चौपाल लगाई जा रही है। इस मुहिम को गति देते हुए नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज की उपस्थिति में दुर्गा नगर स्टेशन रोड पर भी जल चौपाल लगाई गई। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष ने स्वयं नागरिकों की समस्याओं को बेहद आत्मीयता से सुना।





# खराब सड़क और अधूरे मार्ग के बावजूद भी आम जनता से वसूला जा रहा टोल टैक्स

## शहपुरा ब्रिज क्षतिग्रस्त मामले में मप्र हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहपुरा क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुए ब्रिज मामले में मप्र हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 22 जून को होगी। दरअसल शहपुरा निवासी राजेश सिंह राजपूत ने जनहित याचिका दायर कर बताया कि जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से बना पुल 3 वर्ष में क्षतिग्रस्त हो गया। पुल का हिस्सा टूटे 3 माह बीत चुके हैं, लेकिन अब



तक मरम्मत और निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते भारी वाहनों का ट्रैफिक शहपुरा नगर के भीतर से डायवर्ट किया गया है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि खराब सड़क और अधूरे मार्ग के बावजूद टोल टैक्स की वसूली जारी है। याचिकाकर्ता का कहना है कि पुल टूटने के बाद से लगातार बड़े ट्रक नगर के अंदर से गुजर रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### एक लेन पहले हुई थी क्षतिग्रस्त

बताया गया कि शहपुरा का यह वही ब्रिज है, जिसकी दूसरी लेन दिसंबर में क्षतिग्रस्त हुई थी। इसके बाद से आवागमन एक लेन से कराया जा रहा था, जबकि दूसरी लेन पर मरम्मत और निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान पुल के एक अन्य हिस्से में भी धंसाव की स्थिति बन गई, जिसके बाद प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से मार्ग बंद कर दिया। लगभग 3 साल पहले बने इस पुल के निर्माण में लापरवाही को लेकर मप्र रोड डबलपमेंट कार्पोरेशन ने तत्कालीन सहायक महाप्रबंधक और संभागीय प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही की अनुशंसा की है। दोनों अधिकारियों की पेंशन रोकने के लिए भी पत्र लिखा गया है। अधिकारियों को कार्य के प्रति गैर जिम्मेदार माना गया है।

मार्ग बंद होने के बाद हल्के वाहनों को शहपुरा बस्ती के अंदर से डायवर्ट किया गया है। भारी वाहनों की आवाजाही पर शुरुआत में रोक लगाई गई थी। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अमला तैनात किया गया है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है।



# आधुनिक भारत के जनक थे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

## प्रतिमा स्थल पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि, संगोष्ठी सम्पन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 21 मई को नौदरा ब्रिज स्थित स्व. राजीव गांधी की विशाल प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नगर महासचिव मनोज नामदेव, पार्षद गुड्डू नबी, झल्लेलाल जैन, रिजवान अली कोटी, मोईन उस्मानी, प्रवींद्र चौहान, अरुण पावर सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव ने कहा कि देश वर्तमान समय में नाजुक दौर से गुजर रहा है। कांग्रेसजनों को स्व. राजीव गांधी के दिखाए मार्ग पर चलकर चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे आना होगा।

### संघर्षों को कभी नहीं भुलाया जा सकता

जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने स्व. राजीव गांधी की जबलपुर यात्रा का स्मरण करते हुए कहा कि 8 मई 1991 को जबलपुर में खुले वाहन से उनके भ्रमण के दौरान उन्हें निकट से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ था, जिसकी यादें आज भी उनके मन में जीवंत हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने संगोष्ठी में कहा कि आधुनिक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के कार्यों एवं संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे समय में समस्त कांग्रेसजनों को एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आगे आना होगा। संगोष्ठी सभा का संचालन शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव मनोज नामदेव द्वारा किया गया। अंत में स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# ट्विशा के पति ने मप्र हाईकोर्ट में लगाई अग्रिम जमानत याचिका



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भोपाल में चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में उनके पति समर्थ सिंह की ओर से मप्र हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई है, जिस पर आज शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। ट्विशा शर्मा की मौत के बाद से ही समर्थ सिंह फरार चल रहे हैं। समर्थ सिंह के अधिवक्ता सीनियर एड मृगेंद्र सिंह का कहना है कि इस मामले की जांच कर रही एमपी पुलिस खुद संदेह के घेरे में है। वहीं ट्विशा के परिजनों ने समर्थ सिंह पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले समर्थ सिंह ने भोपाल जिला अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दिया था, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया है। वहीं समर्थ सिंह की मां गिरीबाला सिंह को भोपाल कोर्ट से पहले ही अग्रिम जमानत मिल चुकी है। समर्थ सिंह के अधिवक्ता मृगेंद्र सिंह ने कहा कि ट्विशा के परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। परिवार वाले मामले को लेकर अनर्गल बातें फैला रहे हैं। उनका कहना है कि ट्विशा ने 12 मई की रात आत्महत्या की थी। मौत से पहले उन्होंने कोई बयान नहीं दिया और न ही कोई सुसाइड नोट छोड़ा। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि परिजनों ने पूरे घटनाक्रम को नाटकीय रूप देते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से भी इनकार कर दिया है। समर्थ सिंह और उनकी मां पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। मृगेंद्र सिंह ने बताया कि समर्थ सिंह की अग्रिम जमानत को लेकर हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया गया है, जिस पर 22 मई को सुनवाई प्रस्तावित है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्विशा शर्मा सुसाइड केस की निष्पक्ष जांच मध्यप्रदेश में संभव नहीं है। इसी को लेकर एक अलग याचिका भी तैयार की जा रही है, जिसमें मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की जाएगी। सीनियर एडवोकेट ने कहा कि ट्विशा के दोबारा पोस्टमार्टम की मांग को भोपाल कोर्ट पहले ही खारिज कर चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित एम्स संस्थान में डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया था, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं है।

## परिवर्तित मार्ग से चलेगी जबलपुर-अयोध्या स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान पमरे से संचालित जबलपुर-अयोध्या स्पेशल ट्रेन की एक-एक ट्रिप मार्ग में परिवर्तन किया गया है। जिस कारण गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-अयोध्या स्पेशल ट्रेन 26 मई को परिवर्तित मार्ग जियोनाथपुर ,वाराणसी जंक्शन ,जफराबाद जंक्शन,जौनपुर सिटी,सुलतानपुर जंक्शन,अयोध्या कैन्ट जंक्शन होते हुए अयोध्या धाम जंक्शन पहुँचेगी। मार्ग परिवर्तन के दौरान जौनपुर स्टेशन के बजाय जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव दिया गया है। गाड़ी संख्या 01706 अयोध्या-जबलपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 मई को परिवर्तित मार्ग अयोध्या कैन्ट जंक्शन,सुलतानपुर जंक्शन,जफराबाद जंक्शन,वाराणसी जंक्शन, जियोनाथपुर होते हुए गंतव्य पहुँचेगी। मार्ग परिवर्तन के दौरान जौनपुर स्टेशन के बजाय जौनपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव दिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर कटा मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरी और आधारताल रेलवे स्टेशनों के बीच अप ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, आज दिनांक 21 मई 2026 की सुबह रोहणी कुमार पांडेय (उम्र 32 वर्ष), निवासी ग्राम ठाकुरदेवा (थाना चुरहट, जिला सीधी), जो वर्तमान में देवरी रेलवे कॉलोनी (थाना पनागर) में रह रहे हैं, ने थाने में सूचना दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अप ट्रैक रोड पर देवरी और आधारताल के बीच के खंड पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी मृत्यु ट्रेन से कटने के कारण हुई है। सूचना मिलते ही पनागर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## हृदय रोग से ग्रसित मासूम को किया गया एयरलिफ्ट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन पर शहडोल जिले की 8 दिवस की बालिका बेबी आयुषी रुक्मणी दहिया, जो गंभीर जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित है, को आज शाम 4 बजे एयर एम्बुलेंस के माध्यम से उन्नत उपचार हेतु मुंबई स्थित नारायणा हॉस्पिटल एयरलिफ्ट किया गया। बालिका के परिजनों द्वारा आरबीएसके प्रबंधक सुभाष शुक्ला से संपर्क किया गया, जिसके उपरांत उनके द्वारा तत्काल मेडिकल कॉलेज के पीडियाट्रिक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप जैन से समन्वय स्थापित कर बालिका की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। इसके पश्चात शहडोल जिले की आरबीएसके प्रबंधक श्रीमती कंचन पटेल एवं नारायणा हॉस्पिटल मुंबई से संपर्क कर समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई गई। मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना एवं पीएमजेएवाई के अंतर्गत समन्वय स्थापित कर आज दिनांक 21 मई 2026 को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से बालिका को सुरक्षित रूप से मुंबई के लिए एअर लिफ्ट किया गया।



# ढाबा के पास मिला वृद्ध का लहूलुहान शव

## शरीर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर स्थित टॉप-10 ढाबा के पास सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब राहगीरों ने एक अज्ञात वृद्ध का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा देखा। शव मिलने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पनागर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक बुजुर्ग की उम्र करीब 70 वर्ष प्रतीत हो रही है। शुरुआती जांच में बुजुर्ग के दोनों हाथों, घुटनों और गले के पास गहरी खरोंचें और छिलने के निशान पाए गए हैं। घटनास्थल के निरीक्षण और शरीर पर मौजूद चोटों की प्रकृति को देखते हुए पुलिस इसे हत्या से जोड़कर देख रही है। पुलिस ने मौके पर मौजूद राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान न होने के कारण पुलिस ने आसपास के सभी थानों और नजदीकी जिलों के पुलिस कंट्रोल रूम में बुजुर्ग का हुलिया और जानकारी साझा कर दी है, ताकि हाल ही में दर्ज हुई गुमशुदगी के रिकॉर्ड से इसका मिलान किया जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी।



## हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में

# पासपोर्ट टू अर्निंग गतिविधि की सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेंस कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में यूनिसेफ के अंतर्गत चलाए जा रहे पी2ई (पासपोर्ट टू अर्निंग) गतिविधि के अंतर्गत सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें बीएड की लगभग 100 छात्राओं ने भाग लिया। इस आयोजन में तकनीकी कौशल का एक अनोखा संगम देखने को मिला। इस विशेष आयोजन के द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास तथा डिजिटल युग की महत्वपूर्ण कड़ी पासपोर्ट टू अर्निंग प्लेटफॉर्म के फायदों से भी अवगत कराया गया ।

**तकनीकी कौशल और सर्टिफिकेट का महत्व**- कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि पी टू अर्न के माध्यम से किस प्रकार आधुनिक तकनीकी कौशल सीख सकते हैं। इस दौरान पी टू अर्न सर्टिफिकेट के महत्व पर जोर देते हुए विशाल तिवारी ने बताया कि यह सर्टिफिकेट बच्चों के भविष्य, करियर और उच्च शिक्षा में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा से जुड़कर समय के साथ कदम मिला सकेंगे। यह प्रमाण पत्र सभी के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यूनीसेफ के द्वारा चलाये गये पी टू अर्न कोर्स और प्रोजेक्ट क्लैप से रेंजर एवं समस्त स्टाफ काफी प्रभावित हुए । इस गतिविधि में डिजिटल कुशलता प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों ने अलग-अलग कोर्सेज में सर्टिफिकेट प्राप्त किए, कार्यशाला के अंतिम दिवस पर सभी अपने सर्टिफिकेट के साथ उपस्थित हुए और अधिक सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में बैडमिंटन संघ और भारत स्काउट गाइड ओपन दल के सौजन्य से रोवर लीडर विशाल कुमार तिवारी द्वारा मेडिकल रूम की वस्तुएं महाविद्यालय को दान की गई, ताकि उचित समय में विद्यार्थियों को मेडिकल रूम का लाभ मिल सके। कार्यक्रम का प्रभावी नेतृत्व रोवर लीडर एवं क्लैप लीडर विशाल कुमार तिवारी एवं क्लैप लीडर शुभांगी तिवारी द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की उप-प्राचार्य एवं गाइड कैप्टन डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया । आयोजन को सफल बनाने में आई क्यू ए सी प्रभारी, डॉ. निरुपमा पाठक तथा डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, विजय दहायत एवं प्रीति नामदेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में हुआ जांच शिविर का आयोजन

**जबलपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के 'टीबी मुक्त भारत अभियान ' के तहत संजीवनी नगर स्थित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की राज्य इकाई द्वारा अपने अधिकारियों, कर्मचारियों, सहायक स्टाफ एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया । जिसका उद्देश्य टीबी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाकर समय पर रोग की पहचान और बचाव को सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का संचालन बेनुधर बेहरा के मार्गदर्शन में किया गया, शिविर के दौरान बड़ेरिया मेट्रो प्राइम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं, जिसमें डॉ. गणेश कुमार सरकार एवं डॉ. विष्णु नामूथिरी वीडी सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे।

## केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार का शुक्रवार 22 मई को शाम 6.55 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आगमन होगा। डॉ वीरेंद्र कुमार शुक्रवार को सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे तथा शनिवार 23 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मदन महल स्थित उत्सव कम्युनिटी हाल में आयोजित रोजगार मेले में शामिल होने के बाद दोपहर 12.30 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।


South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| CHAND MERA DIL (HIN) | 11:10 AM, 2:00 PM, 4:50 PM, 7:40 PM & 10:30 PM; RUBY 10:15 AM & 9:30 PM |
| STAR WARS: THE MANDALORIAN AND GROGU (HIN/ENG) | RUBY ENG - 7:25 PM; RUBY HIN - 12:05 PM & 2:35 PM \| 10:25 PM |
| PATI PATNI AUR WOH DO (HIN) | 11:50 AM, 2:20 PM, 4:40 PM, 7:00 PM, 9:20 PM; RUBY 9:50 PM |
| BHOOTH BANGLA (HIN) | RUBY 9:10 PM, 3:45 PM |
| KRISHNAVATARAM PART 1 (HIN) | 9:00 AM & 3:15 PM; RUBY 6:45 PM |
| DAADI KI SHAADI (HIN) | RUBY 1:00 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 5:00 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HIN) | 6:10 PM |

@moviemagic_jbp | MOVIE MAGIC 5 BIG SCREENS | Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE

Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508





हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**